Page 11 खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश



**शुभमनगिल के समर्थन में शिखर धवन, कहा- टेस्ट कप्तानी के लिए बिल्कुल सही विकल्प**

**होमगार्ड के 700 पद भरे जायेंगे, 203 पंचायत सचिव होंगे नियमित : मुख्यमंत्री सुक्खू**



शुक्ल पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • सोमवार • 02 जून 2025 • वर्ष 27 • अंक 171 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 97,310 | ₹ 99,900 |

## आज का इतिहास

1869 : शेरवुड कॉलेज की स्थापना नैनीताल भारत में की गयी।

2014 : तेलंगाना आधिकारिक रूप से भारत का 29वां राज्य बना।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार की शान जर्दालु आम भेजे गए दिल्ली, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री चखेंगे स्वाद

**भागलपुर (नि.सं.)।** हर वर्ष की तरह इस बार भी बिहार की शान कहे जाने वाले भागलपुर जिले के स्वादिष्ट जर्दालु आम का स्वाद देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत अन्य गणमान्य चखेंगे। राज्य सरकार की ओर से विश्व प्रसिद्ध जर्दालु आम को एक सौगात के रुप में देश के सभी महानुभावों को भेजी जाती है। इस कड़ी में रविवार को 17वीं बार जिले के सुल्तानगंज क्षेत्र के महेशी गांव निवासी मैंगो मैन अशोक चौधरी और अन्य किसानो के बगीचों से चालीस टन जर्दालु आम पटना के बिहटा पैक हाउस भेजा गया है।

बिहार को मिला पहला राजस्व एवं भूमि सुधार हेल्पलाइन सेंटर

# हेल्पलाइन सेंटर से समय पर योजनाओं की जानकारी होगी प्राप्त : संजय सरावगी

- शनिवार तक सुबह 9:30 से संध्या 6 बजे तक टोल फ्री नंबर 18003456215 पर कॉल कर सकते हैं

निज संवाददाता | पटना



रविवार को पटना के दानापुर स्थित सीएससी कार्यालय में राज्य के पहले "राजस्व एवं भूमि सुधार हेल्पलाइन/कॉल सेंटर" का उद्घाटन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने किया। यह हेल्पलाइन कॉल सेंटर आम नागरिकों, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वालों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। मंत्री संजय सरावगी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि इस हेल्पलाइन का उद्देश्य नागरिकों को भूमि से जुड़ी योजनाओं, सेवाओं और नीतियों की जानकारी देना है। साथ ही उनके द्वारा की गई शिकायतों का समय पर और पारदर्शी तरीके से समाधान भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने इसे बिहार के डिजिटल मिशन को ज़मीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में बड़ा और प्रभावशाली कदम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सीएससी जैसी अनुभवी संस्था के साथ यह साझेदारी सरकार की प्रशासनिक पहुँच को और मजबूत बनाएगी और आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से मिलेगा। गौरतलब है कि इस हेल्पलाइन के माध्यम से आम नागरिक भूमि संबंधित दस्तावेज, म्यूटेशन, जमाबंदी, दाखिल-खारिज जैसी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी ले सकेंगे। साथ ही, कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है और उसके समाधान की स्थिति भी जान सकेगा। यह हेल्पलाइन सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक चालू रहेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने टोल-फ्री नंबर 18003456215 जारी किया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति कॉल कर मदद प्राप्त कर सकता है। इस नई सुविधा से बिहार सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए वह जनता को सशक्त बनाने और सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

कार्यक्रम में विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व और भूमि सुधार जैसे विषय आम लोगों के लिए कठिन होते हैं, लेकिन यह कॉल सेंटर लोगों की जटिलताओं को दूर करेगा। इसे पूरी तरह से प्रशिक्षित टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिन्हें विभागीय योजनाओं और प्रक्रियाओं की पूरी जानकारी दी गई है। विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा कि योजनाओं की सफलता तभी मानी जाएगी जब उनकी जानकारी अंतिम छोर के नागरिक तक पहुँचे। इस सेंटर के माध्यम से सरकार और जनता के बीच संवाद और विश्वास की एक नई कड़ी बनेगी।

# 24 करोड़ की लागत से नालंदा में बनेगा नया इनडोर शूटिंग रेंज : सम्राट चौधरी

- खिलाड़ियों को 25 और 50 मीटर की शूटिंग अभ्यास के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।
  बिहार को शूटिंग स्पोर्ट्स के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी।
- देश में केवल भोपाल और कल्याण बिगहा ऐसे स्थान हैं जहां खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए हथियार भी दिए जाते हैं।

निज संवाददाता | पटना



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि नालंदा जिले के कल्याण, विगहा में खाली पड़ी भूमि पर 25 मीटर एवं 50 मीटर के शूटिंग रेंज निर्माण हेतु 24.21 करोड़ रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण बिगहा स्थित इनडोर शूटिंग रेंज से सटे पूरब व दक्षिण पूरब खाली पड़ी जमीन में 25 व 50 मीटर का आउटडोर रेंज बनाए जायगा। उन्होंने बताया कि कल्याण विगहा का 10 मीटर इनडोर शूटिग रेंज देश का दूसरा सबसे अच्छा रेंज है। यहां 25 मीटर और 50 मीटर का रेंज नहीं होने से यह अधूरा था। सम्राट चौधरी ने कहा कि नया शूटिंग रेंज बनने पर 25 और 50 मीटर की शूटिग का अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों को न कहीं बाहर जाना पड़ेगा, न खेल का अभ्यास छोड़ना पडेगा। उन्होंने कहा कि कल्याण बिगहा का शूटिग रेंज 14 साल पूरा करने वाला है।

14 मई 2011 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इनडोर शूटिग रेंज का उद्घाटन किया था। इस रेंज का संचालन साढ़े पांच सालों तक पंचायत भवन में हुआ। 1 जनवरी 2017 को 35 लेन के अत्याधुनिक रेंज का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। यह रेंज पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत का पहला इतना बड़ा और आधुनिक सुविधायुक्त शूटिंग रेंज है। यहां स्कोरिंग भी स्वतः व आनलाइन होती है। यहां नेशनल स्तर के कई मैच हो चुके हैं। अपने आप में इस तरह का यह देश का दूसरा शूटिंग रेंज है। पहला स्थान मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के शूटिंग रेंज का है। श्री चौधरी ने कहा कि इन दोनों रेंज की गिनती साधन व संसाधन की सम्पन्नता के लिए देश भर में की जाती है। देश मे सिर्फ कल्याण बिगहा व भोपाल में ही ऐसा रेंज है जहां खिलाड़ियों को हथियार मुहैया कराये जाते हैं।

गयाजी के फेमस प्रमोद लड्डू वाले खिलाएंगे फ्री में खाना

## प्रमोद जन आहार सेवा कुटीर का हुआ शुभारंभ

निज संवाददाता | गयाजी

गयाजी के प्रसिद्ध प्रमोद लड्डू वाले अब जरूरतमंदों की सेवा में भी आगे आए हैं। समाज सेवा की एक नई मिसाल कायम करते हुए प्रमोद ने 'प्रमोद जन आहार सेवा कुटीर' नामक निःशुल्क भोजनालय की शुरुआत की है, जिसका शुभारंभ 31 मई को गया शहर के बंगाली आश्रम के पास बड़ी ही श्रद्धा और सादगी से किया गया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। इस भोजनालय का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी भूखा न सोए। यहां हर रोज सैकड़ों लोगों को साफ-सुथरा, पौष्टिक और गर्म खाना बिल्कुल मुफ्त में परोसा जाएगा। इस सेवा का लाभ विशेषकर उन लोगों को मिलेगा, जो आर्थिक तंगी या किसी मजबूरी के कारण भरपेट भोजन नहीं कर पाते। प्रमोद, जो अब तक अपने स्वादिष्ट लड्डुओं और भक्ति से जुड़े प्रसाद के लिए जाने जाते थे, अब गरीबों और असहायों की सेवा में भी एक मिसाल बनकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्ची पूजा है और गयाजी की पवित्र भूमि पर भूखों को खाना खिलाना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है।

स्वाद और गुणवत्ता का अनूठा मेल तेजस मसाले

# बिहार के उपभोक्ताओं की पहली पसंद बना तेजस मसाले

निज संवाददाता | पटना






तेजी से लोगों के दिलों में जगह बना रहा तेजस मसाले अब बिहार के उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है। पारंपरिक बिहारी स्वाद के अनुरूप तैयार किए गए इस मसाले ने न सिर्फ स्थानीय बाजारों में अपनी मजबूत पकड़ बनाई है, बल्कि इसके स्वाद और गुणवत्ता की सराहना हर वर्ग के लोग कर रहे हैं। ममता इंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक दिलीप कुमार ने बताया कि तेजस मसाले का निर्माण बिहारशरीफ (नालंदा) स्थित अत्याधुनिक मशीनों और वैज्ञानिक विधियों से किया जा रहा है। कंपनी का उद्देश्य शुद्धता और असली स्वाद को बनाए रखते हुए लोगों को उच्च गुणवत्ता का मसाला प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि तेजस मसाले के निर्माण में सिर्फ उच्चकोटि के खड़े मसालों का उपयोग होता है, जिससे उसका स्वाद और महक अन्य मसालों से बिल्कुल अलग और प्रामाणिक होता है। इस ब्रांड के प्रमुख उत्पादों में मीट मसाला, चिकन मसाला, मटर पनीर मसाला, गरम मसाला, सब्जी मसाला आदि शामिल हैं, जो रसोई का स्वाद और भी बढ़ा देते हैं। दिलीप कुमार ने यह भी जानकारी दी कि उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी जल्द ही अपने उत्पादों का विस्तार झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में करने जा रही है। इसके लिए वितरण नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है और खुदरा विक्रेताओं से संपर्क साधा जा रहा है। स्थानीय बाजारों में जिस तरह से तेजस मसाले को सराहा जा रहा है, उससे साफ है कि यह ब्रांड आने वाले दिनों में न सिर्फ बिहार, बल्कि पूर्वी भारत के अन्य राज्यों में भी अपनी मजबूत पहचान बनाएगा।

RERA Reg.NO- BRERAA62553/14/A630/2025

जमीन बिक्री जमीन बिक्री

RIYAASHRAY
REALSTATE PRIVATE LIMITED

AASHRAY HOMES
PHASE - 3

RERA CERTIFICATE SCAN

1.50 लाख रू.
प्रति डिसमिल

Aashray Fun City

आश्रय फन सिटी

वाटर पार्क
अब अपने शहर में

गर्मियों में पुल पार्टीका मज़ा



300 रू0 मात्र

नौगढ़ ग्रेटर औरंगाबाद

Open Every Day

नोटः- वस्त्र + लॉकर मात्र 100/-

स्थान :- हारीबारी, नौगढ़, ग्रेटर औरंगाबाद, पिन-824102

Sanjeev Kumar - 9910430781, 7261881900, 9955888023, 6202577058

Website - riyaashray.com

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट, जख्मी

**बोधगया।** ई-रिक्शा चालक संजीत पासवान पर मंगलवार सुबह हमला हुआ। घटना बोधगया थाना क्षेत्र के मनकोसी की है। संजीत ढुंगेश्वरी से ई-रिक्शा चलाकर अपने घर लौट रहा था। वह रत्नारा गंगा बिगहा कॉलोनी का रहने वाला है। उम्र 35 साल है।सुबह करीब 11 बजे मनकोसी के पास 5 से 10 युवक खड़े थे। उन्होंने संजीत को रोका। किसी बात पर विवाद हुआ। संजीत बिना उलझे निकलना चाहता था। तभी युवक उसके वाहन के सामने आ गए। गाली-गलौज की। जाति सूचक शब्द बोले। एक युवक ने डंडे से उसके माथे पर वार किया। बाकी युवकों ने भी लाठी-डंडे से पीटा। संजीत घायल होकर सड़क किनारे गिर पड़ा। राहगीरों ने उसे घायल देखा। परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे मगध मेडिकल अस्पताल ले गए। वहां इलाज चल रहा है।

### पीएम की यात्रा विकास की तेज रफ्तार देने वाली

**गया**| प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो दिवसीय बिहार दौरे में राज्य को 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात दी। भाजपा जिला प्रवक्ता आदित्य श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री की इस यात्रा को ऐतिहासिक बताया। कहा, यह यात्रा बिहार को विकास की तेज रफ्तार देने वाली रही। विपक्ष मुद्दाविहीन होकर बौखला गया है। बिक्रमगंज की जनसभा में मिले समर्थन ने संकेत दे दिया है कि बिहार में फिर एनडीए की सरकार बनेगी। मानपुर| । मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मस्तलीपुर गदहियां आहर में शुक्रवार रात अज्ञात अपराधियों ने पूर्व पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा के घर के बाहर अंधाधुंध फायरिंग की। घटना रात 9.30 से 10 बजे के बीच हुई। धर्मेंद्र कुमार वर्मा की लिखित शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। धर्मेंद्र ने बताया कि कुछ अज्ञात युवक पास के एक होटल में पार्टी कर रहे थे। पार्टी के बाद वे उनके घर की ओर बढ़ने लगे। मना करने पर गाली-गलौज की। इसके बाद होटल में मौजूद अपने साथियों को बुलाया और फायरिंग शुरू कर दी। सूत्रों के अनुसार, पुलिस की बढ़ी गश्त के कारण अपराधी अब एकांत स्थानों की तलाश में हैं, जहां वे आसानी से जुट सकें। शुक्रवार को दूसरे थाना क्षेत्र से आए एक युवक ने फायरिंग कर हथियार की जांच की। लोगों का कहना है कि धर्मेंद्र वर्मा इस घटना को अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। थानाध्यक्ष सुनील द्विवेदी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां से पांच खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है। फायरिंग में शामिल बदमाशों की पहचान की जा रही है।

### राजगीर गैंगरेप के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मानपुर**| मुफस्सिल थाना क्षेत्र अपराधियों का पनाहगाह बनता जा रहा है। यहां दूसरे जिलों की पुलिस लगातार दबिश दे रही है। ताजा मामला राजगीर गैंगरेप से जुड़ा है। राजगीर पुलिस ने शुक्रवार देर रात मानपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपी शहीद ईश्वर चौधरी हाल्ट के पास अपने रिश्तेदार के घर में छिपे थे। पुलिस के अनुसार, 26 मई को राजगीर के होटल मयूर में एक 14 साल का छात्र अपनी 13 वर्षीय प्रेमिका के साथ पहले से बुक कमरे में पहुंचा था। वहां पहले से दो युवक मौजूद थे। तीनों ने मिलकर नाबालिग लड़की से गैंगरेप किया। वारदात के बाद आरोपी मानपुर भाग गए और वहां छिप गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नीरज कुमार, सूरज कुमार और पीड़िता का नाबालिग प्रेमी शामिल हैं। पुलिस तीनों को राजगीर ले गई है। राजगीर थानाध्यक्ष रमन कुमार ने कहा कि वारदात में सहयोगी की भूमिका निभाने वाले होटल मयूर के कर्मचारी शिव कुमार को भी गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तारी की सूचना स्थानीय मुफस्सिल थाना को नहीं दी गई। इससे थाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

### दहेज हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**डुमरिया**| दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी मनोज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम वांछित आरोपियों की तलाश में क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि मनोज कुमार सिद्धपुर गांव में छिपा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। मनोज कुमार तुलसी पासवान का बेटा है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### झारखंड पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बोधगया**|आर्म्स एक्ट के पुराने मामले में फरार चल रहे मुन्ना खान उर्फ छोटू खान के घर झारखंड पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। छोटू खान हरिहरपुर का रहने वाला है। वह बीते 20 वर्षों से झारखंड पुलिस को चकमा देकर फरार है। शनिवार को रामगढ़ जिले के मांडू थाना की पुलिस बोधगया पहुंची। मांडू थाना प्रभारी ने बोधगया थाना पुलिस की मौजूदगी में छोटू खान के घर पर इश्तेहार चिपकाया।

### थाने पहुंची किशोरी, कहा- वीडियो डिलीट का झांसा दे होटल ले जाकर ब्वॉयफ्रेंड समेत 3 ने किया गैंगरेप

**बिहारशरीफ।** राजगीर थाना में 27 मई को ओडी ड्यूटी पर दारोगा सीमा कुमारी तैनात थीं। 14 साल की किशोरी, परिवार के साथ थाना पहुंची। महिला पदाधिकारी से किशोरी ने कहा कि उसके साथ गैंगरेप हुआ है। जिसके बाद महिला दारोगा संजीदा हो किशोरी से घटना के संबंध में विस्तार से जाना। और केस दर्ज कर राजगीर पुलिस कार्रवाई में जुट गई। नाबालिग ब्वॉय फ्रेंड समेत तीन बदमाशों ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया था। पुलिस ने तीनों आरोपितों के अलावा होटल संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया। होटल का कमरा सील कर दिया गया। घटना 26 मई की शाम हुई थी। नाबालिग ब्वॉय फ्रेंड आपत्तिजनक वीडियो डिलीट करने का झांसा दे किशोरी को होटल ले गया था। गया से गिरफ्तार हुए तीनों आरोपित केस दर्ज कर पुलिस ने तकनीक का इस्तेमाल कर तीनों आरोपितों को गया जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने घटना में सहयोग करने के आरोप में होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया। अंचल इंस्पेक्टर संजय कुमार, राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार, डीआईयू प्रभारी आलोक कुमार सिंह, दारोगा संजीव कुमार सिंह, दारोगा सीमा कुमारी समेत अन्य थे। छठी कक्षा का छात्र उसका ब्वॉयफ्रेंड था आरोपों में किशोरी ने बताया है कि वह 7वीं कक्षा में पढ़ाई करती है। छठी कक्षा का छात्र उसका ब्वॉय फ्रेंड था। उसने कुछ आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। वीडियो डिलीट करने की बात कह ब्वॉय फ्रेंड उसे होटल के एक कमरा में ले गया। जहां पूर्व से उसके दो दोस्त मौजूद थे। तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह किसी तरह घर पहुंची। इसके बाद परिवार को घटना की जानकारी दी। तब परिवार के लोग किशोरी के साथ शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचे।

### मंत्री के बयान पर डॉक्टर नाराज

**बिहारशरीफ।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शनिवार को मॉडल अस्पताल की गुणवत्ता में सुधार के मद्देनजर सीएस समेत अन्य चिकित्सकों के साथ बैठक की। बीते रविवार को मंत्री ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान खामियां पाई थीं। बैठक के पूर्व सीएस डॉ. जितेंद्र सिंह, डीएस डॉ. कुमकुम प्रसाद ने मंत्री को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि नागरिक डॉक्टर को धरती के भगवान मानते हैं। चिकित्सकों को संजीदगी के साथ मरीजों का इलाज करना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुछ लोग मरीजों के साथ जल्लाद का व्यवहार करते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। गरीब लोग ही अस्पताल पहुंचते हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवा पर रुपया पानी की तरह बहा रही है। उसका फायदा जनता को मिलना चाहिए। मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना होगा। रेफर का खेल भी बंद होना चाहिए। गर्भवती को बरगलाकर दलाल निजी क्लिनिक ले जाते हैं। दलालों की एंट्री पर रोक लगनी चाहिए। सीएस व अन्य चिकित्सकों ने मंत्री पर आपतिजनक शब्दों से संबंधित करने का आरोप लगाकर बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई। सीएस ने बताया कि उनसे मंत्री ने कहा कि रुपया देकर आप सीएस बने हैं क्या। डॉक्टरों को जल्लाद भी कहा गया। जो आपत्तिजनक है। बैठक कर चिकित्सकों द्वारा आगे की रणनीति बनाई गई है। आईएमए के जिला सचिव ने भी मंत्री के बयान की निंदा की।

# नालंदा जिले में सड़क हादसे में हुई पुरोहित की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



♦ बालू लोड ट्रैक्टर ने कुचला, रामायण का पाठ कराने जा रहे थे बिहार शरीफ

नालंदा में रविवार को बेलगाम ट्रैक्टर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में पुरोहित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना इस्लामपुर थाना क्षेत्र के कोविल मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान जहानाबाद के हुलासगंज थाना क्षेत्र के सुकियामा गांव निवासी स्वर्गीय रामवृक्ष शर्मा के बेटे वीरेंद्र शर्मा (50) के रूप में की गई है। परिजन ने बताया कि वीरेंद्र शर्मा अपनी बाइक से रामचरितमानस का पाठ करने के लिए बिहार शरीफ जा रहे थे। उनके सहयोगी जहानाबाद जिला के काको थाना क्षेत्र के मनियामा गांव निवासी मुकेश कुमार भी साथ में थे। इसी बीच इस्लामपुर थाना क्षेत्र के कोविल मोड़ के पास पीछे से आ रही बालू लोड ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। वीरेंद्र शर्मा सड़क पर गिर गए और तभी ट्रैक्टर का पिछला पहिया उनके सिर पर चढ़ गया। हेलमेट होने के बावजूद भी उनकी जान नहीं बच सकी। जबकि, सहयोगी मुकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इस्लामपुर अस्पताल में भर्ती कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**आसपास के जिलों में करते थे कथा:** वीरेंद्र शर्मा प्रसिद्ध कथाकार थे। वह रामचरितमानस का पाठ घूम-घूम कर किया करते थे। जहानाबाद समेत आसपास के जिलों में उन्हें कथा के लिए बुलाया जाता था। अचानक हुए उनकी मौत के बाद शोक की लहर दौड़ पड़ी है। इस मामले में इस्लामपुर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। हालां,कि चालक मौके से फरार हो गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# नालंदा जिले में पुरानी रंजिश में हुई थी फंटूश की हत्या



निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में पुरानी रंजिश में अपराधियों ने शिवकुमार प्रसाद उर्फ सीकू(40) की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में मृतक की पत्नी रीता देवी के बयान पर 7 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। केस दर्जकर पुलिस छानबीन में जुट गई है। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हिलसा डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि घर से कुछ ही दूरी को शिवकुमार को गोली मारी गई है। पुरानी रंजिश में हत्या की बात सामने आ रही है। सभी पहलूओं पर जांच चल रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। मामला चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हुड़ारी गांव का है।

**शुक्रवार को मारी थी गोली:** जानकारी के मुताबिक शिवकुमार प्रसाद खलिहान से शौच के बाद घर लौट रहे थे। तभी बदमाशों ने सिर में पीछे से गोली मार दी गई। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तब तक बदमाश मौके से फरार हो चुका था।

**खेत जोतने के विवाद में फंटूश की हुई थी हत्या:** पिछले साल 14 नवंबर 2024 को हुड़ारी गांव निवासी फंटूश कुमार को खेत जोतने के विवाद में गोली मारी गई थी। इस मामले में शिवकुमार प्रसाद भी आरोपी था। उसी प्रतिशोध में हत्या की बात सामने आ रही है।

## नालंदा में निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन




निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से आज निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। साप्ताहिक जांच शिविर बिहार शरीफ स्थित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में सुबह 7:30 से 9 बजे तक संचालित होगा। 10 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी, हड्डी एवं नस के मरीजों के लिए डॉ. सुमित राज मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आंतरिक रोगों के लिए फिजिशियन डॉ. इंद्रजीत कुमार, डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, आंखों की समस्याओं के लिए डॉ. अभिनव कुमार सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. त्रिशला, दांतों के इलाज के लिए डॉ. रवि कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट मोहम्मद शहजाद आलम लोगों की जांच करेंगे। साथ ही साथ ही होम्योपैथिक डॉक्टर की सुविधा भी रहेगी। जिसके लिए डॉ. गौतम कुमार अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। मधुमेह की जांच भी की जाएगी।

**आम जनता से जांच कराने की अपील:** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने आम जनता से शिविर में आकर स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की है। जांच शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इस साप्ताहिक शिविर के माध्यम से रोग का निदान समय पर होने से इलाज आसान हो जाता है।

# सीएम के गढ़ में कांग्रेस का 'अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन'

♦ राहुल गांधी करेंगे संबोधित, अतिपिछड़ा और पिछड़ा वर्ग को साधेंगे, चुनाव से पहले 6 महीने में पांचवा बिहार दौरा

निज संवाददाता। नालंदा



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 6 जून को बिहार आ रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा में 'अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन' में शामिल होंगे। 6 महीने में राहुल गांधी का ये 5वां दौरा होगा। इससे पहले 18 जनवरी, 4 फरवरी, 7 अप्रैल और 15 मई को बिहार आए थे। चुनावी साल में राहुल गांधी के दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। बिहार में कांग्रेस एक्शन मोड में आ गई है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, इस सम्मेलन में राज्य और जिला स्तर के कांग्रेस नेताओं के अलावा बड़ी संख्या में EBC समुदाय के लोगों को शामिल किया जाएगा।

**पटना से नालंदा आएंगे:** राजगीर के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में राहुल गांधी अतिपिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस EBC मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण के अनुसार राष्ट्रीय नेता लगभग ढाई घंटे तक राजगीर में रुकेंगे। सबसे पहले पटना पहुंचेंगे। वहां से हवाई मार्ग के जरिए नालंदा आएंगे। जरासंध की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कृपा बीघा गांव जाएंगे। सुखदेव ठाकुर के परिजनों से मिलेंगे। हर्ष फायरिंग में गोली लगने से सुखदेव ठाकुर को मौत हो गई थी। गया के गेहलौर गांव भी जाएंगे। जहां 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनके परिजनों से मिलेंगे।

**प्रदेश स्तर के नेता सम्मेलन में पहुंचेंगे:** जानकारी के मुताबिक राजगीर कन्वेंशन सेंटर में 5000 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। हॉकी मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद पैदल ही कन्वेंशन सेंटर तक जाएंगे। महिलाएं हाथों में तिरंगा लेकर उनका स्वागत करेंगी। सम्मेलन में प्रदेश स्तर के कांग्रेसी नेताओं का जुटान होगा।

**हॉल नहीं खाली होने की वजह से तारीख बढ़ाई गई:** नालंदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का मजबूत गढ़ माना जाता है। यहां के अत्यंत पिछड़ा वर्ग उनकी परंपरागत वोट बैंक में आता है। राहुल गांधी सीएम नीतीश के वोट बैंक में सेंधमारी करने में जुट गए हैं। हालांकि, 27 मई को राहुल गांधी का कार्यक्रम प्रस्तावित था, जिसे रद्द कर दिया गया था। सभा करने के लिए राजगीर में उन्हें हॉल खाली नहीं मिला था, जिसके कारण इस कार्यक्रम के डेट को आगे जून महीने के लिए शिफ्ट कर दिया गया था।

# देश सेवा के बाद चुनाव लड़ना चाहते रिटायर्ड फौजी

निज संवाददाता। गया



♦ 22 साल सेना में रहने के बाद 9 साल से मुखिया भी हैं मनोज, टिकारी विस सीट से दावेदारी

साल 1994 में सेना में भर्ती और 2016 में हवलदार पद से रिटायर, फिर 2016 से लेकर अब तक कुरियावां पंचायत के मुखिया। हम बात मनोज कुमार की कर रहे हैं, जिन्होंने टिकारी विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट के लिए दावेदारी ठोकी है। मनोज कुमार फिलहाल बेलागंज मुखिया संघ के अध्यक्ष भी हैं। इसके अलावा, वे गया कांग्रेस के पिछले 10 महीने से महासचिव भी हैं। रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मनोज कुमार ने अपनी दावेदारी की बात कही। हालांकि, मनोज कुमार की दावेदारी पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सन्तोष कुशवाहा का कहना है कि टिकट के लिए काफी लोग पार्टी के सम्पर्क में हैं। टिकारी विधान सभा क्षेत्र से पार्टी के करीब आधा दर्जन लोग टिकट के लिए लगे हैं। यह संख्या आगे बढ़ भी सकती है। उन्होंने कहा कि मनोज कुमार ने भी बायोडाटा भेजा है। इस बात की जानकारी मिली है। लेकिन टिकट का निर्णय तो पार्टी के शीर्ष नेता ही फाइनल करेंगे। टिकारी विधानसभा सीट से मनोज के अलावे दो और लोग टिकट लेने की जुगत में लगे हैं। इनमें से एक सुमंत हैं, जिन्होंने 2020 में विधानसभा के चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई थी, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरे सत्येन्द्र कुमार हैं, जो कांग्रेस से टिकट के लिए होड़ में शामिल हैं।

**मनोज बोले- जनता चाहती है कि मैं विधायक बनूं:** मनोज कुमार ने कहा कि जनता चाहती है कि अब मैं विधायक बनूं। टिकट के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार समेत कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर चुका हूं। सकारात्मक आश्वासन मिला है। उम्मीद है पार्टी मुझे टिकारी से उम्मीदवार बनाएगी।

**सेना में एक झंडा, राजनीति में जनसेवा का इरादा:** मनोज कुमार ने बताया कि सेना में 22 साल रहा, फिर गांव आकर पिछले 9 साल से पंचायत का मुखिया हूं। मेरी सोच साफ है। जात-पात से ऊपर उठकर सिर्फ जनसेवा करनी है।

सेना में एक मेस में सबने साथ खाना खाया, वहीं से जाति का भेद मिट गया। अब राजनीति में भी वही भावना लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि टिकारी में मेरा घर है और परिवार का भी गहरा जुड़ाव रहा है। मेरी मां पांच बार टिकारी क्षेत्र से वार्ड काउंसलर रह चुकी हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की माई-बहन योजना जैसी नीतियां मुझे पसंद हैं और टिकारी की जनता का समर्थन भी लगातार मिल रहा है। लोग कह रहे हैं टिकट लेकर आओ।

# कल्याणकारी योजनाओं की सफलता की मोरारी बापू ने की प्रार्थना

निज संवाददाता। नालंदा



राजगीर के इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में मानस नालंदा विश्वविद्यालय के तहत रामकथा के 8वें दिन एक विशिष्ट आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। मोरारी बापू के सत्संग में न केवल धार्मिक चिंतन की गहराई दिखी, बल्कि समसामयिक विषयों पर भी महत्वपूर्ण टिप्पणी सुनने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार राज्य के मुख्य सचिव अमृतलाल मीना के आगमन से हुई। बापू ने उनके रामचरित मानस के प्रति प्रेम की सराहना करते हुए कहा कि यही प्रीति उन्हें यहां खींच लाई है। उन्होंने बिहार राज्य की कल्याणकारी योजनाओं की सफलता के लिए हनुमान जी के चरणों में प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान बापू ने विक्रम शीला विद्यापीठ के नव निर्माण की चर्चा करते हुए कहा कि वहां भी कथा गान का आयोजन होगा। उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों में आनंद विश्वविद्यालय स्थापित करने की अपनी योजना का भी उल्लेख किया।

**बापू ने मानस में वर्णित 4 प्रकार के मंथन की व्याख्या प्रस्तुत की: प्रथम मंथन-** रूप सागर का मंथन, जिससे सौंदर्यामृत की प्राप्ति होती है। **द्वितीय मंथन-** देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन, जिससे सुधामृत प्रकट होता है। **तृतीय मंथन-** साधु का आत्मिक मंथन, जो केवल इष्ट वियोग में होता है और प्रेमामृत देता है। **चतुर्थ मंथन-** ब्रह्म सागर का ज्ञान रूपी मंदराचल से मंथन, जिससे कथारूपी अमृत निकलता है

**सीता और लक्ष्मी की तुलना में नया दृष्टिकोण:** बापू ने एक रोचक तुलना प्रस्तुत करते हुए बताया कि लक्ष्मी जी का प्राकट्य सागर मंथन से हुआ, जिसके उपकरण शुद्ध नहीं थे - क्षारयुक्त सागर, कठोर मंदराचल, सर्प की रस्सी और स्वार्थी मंथनकर्ता।

# सौर ऊर्जा से 2070 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का संकल्प होगा साकार



निज संवाददाता। गया

सौर उर्जा से न केवल सिंचाई, भंडारण और प्रसंस्करण में सुधार आएगा, बल्कि यह पर्यावरण अनुकूलन भी है। यह तकनीक ग्रामीण भारत के लिए एक नई दिशा तय कर सकती है। भारत सरकार के 2070 तक कार्बन न्यूट्रल बनने के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने उक्त बातें कही। यह कार्यशाला नवीन एवं नवाचारी सौर अनुप्रयोग पर बोधगया में आयोजित हुआ। यह कार्यशाला जीआईजेड के सहयोग से जे-वायर्स के तत्वाधान में आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एग्री फोटोवोल्टिक यानी कृषि-सौर ऊर्जा प्रणाली के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न हितधारकों जैसे सरकारी विभागों, विद्युत वितरण कंपनियों, शोध संस्थानों और निजी कंपनियों कृ को सशक्त बनाना था, ताकि वे इस नई तकनीक को बेहतर तरीके से समझें और अपनाएं।

**निवेश व लाभ की दी जानकारी:** इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को एपीवी परियोजनाओं के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना था, ताकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में सतत ऊर्जा समाधान को बढ़ावा दे सकें और भूमि के दोहरे उपयोग को बढ़ावा देते हुए पर्यावरणीय लक्ष्यों में योगदान दे सकें। इस प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता संजय दानाओ थे, जिन्होंने प्रशिक्षण के सभी तकनीकी सत्रों का संचालन किया।

बिहार सरकार
बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.
Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in
विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])-2025/04 दिनांक- 01.06.2025

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश]-2025 (त्रिवर्षीय अभियंत्रण डिप्लोमा, द्विवर्षीय पारा मेडिकल एवं द्विवर्षीय फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्रों के स्नातक अभियंत्रण, स्नातक पारा मेडिकल एवं स्नातक फार्मेसी डिग्री पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु)
Bihar Combined Entrance Competitive Examination [Lateral Entry]-2025 (for lateral entry in second year of graduate level Engineering courses and Para-Medical, Pharmacy Courses) BCECE [LE]-2025

परीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी..ई.सी.ई.(एल.ई.)- 2025/03 दिनांक-12.05.2025 के क्रम में सर्व साधारण एवं बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] [BCECE(LE)]-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / केन्द्राधीक्षकों को सूचित किया जाता है कि ईद-उज-जोहा (बकरीद) के कारण BCECE(LE)-2025 की दिनांक 08.06.2025 को निर्धारित परीक्षा स्थगित करते हुए परीक्षा तिथि दिनांक 09.06.2025 को पुनर्निर्धारित किया जाता है।

2. परीक्षा कार्यक्रम

| कार्यक्रम | पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथि | पुनर्निर्धारित परीक्षा तिथि |
|---|---|---|
| Re-Scheduled Date of BCECE[LE] Exam. | 08.06.2025 | 09.06.2025 |

3. अन्य सम्बन्धित सूचनाएँ यथासमय दे दी जायेगी।
4. उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्त्तें यथावत रहेंगी।
5. सभी सम्बन्धित को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website bceceboard.bihar.gov.in के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

# संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, शराबी पति गिरफ्तार, मामले की जांच में जुटी पुलिस



**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र अंतर्गत छेहन्तर गांव में शनिवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब गांव के पास स्थित जंगल में एक महिला का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। मृतका की पहचान सविता देवी (35 वर्ष) के रूप में की गई है, जो इसी गांव की रहने वाली थी। मृतका की लाश मिलने के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया और लोग तरह-तरह की आशंकाएं जताने लगे। सूचना मिलते ही नौहट्टा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। मामले में चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि सविता देवी के पति बहादुर चेरो को पुलिस ने उसी दिन नशे की हालत में गिरफ्तार कर लिया। बहादुर के शराब का आदी होने और पत्नी के साथ लंबे समय से घरेलू हिंसा करने की बातें पहले से ही गांव के लोगों के बीच चर्चा का विषय रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बहादुर अकसर शराब के नशे में धुत होकर पत्नी के साथ मारपीट किया करता था। घटना से एक दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच तीखी बहस और झगड़ा हुआ था, जिसे गांव के कुछ लोगों ने देखा और सुना था। अगले ही दिन यानी शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने घर से कुछ ही दूरी पर स्थित जंगल में सविता देवी की लाश देखी, जो झाड़ियों में पड़ी हुई थी। यह खबर आग की तरह गांव में फैल गई और मौके पर सैकड़ों लोग जमा हो गए। मृतका की मां ललित देवी ने थाने में दी गई अपनी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि बहादुर चेरो आए दिन सविता के साथ मारपीट करता था और उसी ने उनकी बेटी की जान ली है। उन्होंने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि घरेलू हिंसा की घटनाएं पहले भी कई बार हुईं, लेकिन हर बार बहादुर का नशे में होना वजह बनता गया और किसी ने गंभीरता से नहीं लिया।

घटना के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मृतका के घर जाकर बहादुर चेरो को हिरासत में लिया। जब पुलिस वहां पहुंची तो बहादुर नशे की हालत में बेसुध था। थानाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद ने बताया कि मृतका की मां की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि सविता की मौत हत्या थी या आत्महत्या, लेकिन परिस्थितियां हत्या की ओर इशारा कर रही हैं, क्योंकि शव के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं, जो संघर्ष की स्थिति को दर्शाते हैं। पुलिस ने आशंका जताई है कि घटना की रात को ही सविता देवी के साथ कुछ अप्रिय हुआ होगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल दंपती की एक बच्ची, जो अभी बहुत छोटी है, परिजनों की निगरानी में है और इस पूरे घटनाक्रम से पूरी तरह अनभिज्ञ है। इस हृदयविदारक घटना से गांव में शोक का माहौल है। महिलाएं इस बात को लेकर चिंतित हैं कि घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं आज भी समाज में व्याप्त हैं और जब तक महिलाएं पूरी तरह आत्मनिर्भर और सतर्क नहीं होंगी, तब तक वे ऐसे बर्बर व्यवहार की शिकार होती रहेंगी। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है और इस बात की तफ्तीश में जुटी है कि क्या यह पूर्व नियोजित हत्या थी या नशे में गुस्साए पति द्वारा हुई एक दुर्घटनात्मक हत्या। पुलिस आरोपी बहादुर चेरो से पूछताछ कर रही है और उसके मोबाइल कॉल डिटेल्स तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## पुल के नीचे से युवक का शव बरामद

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**



रोहतास जिले में एक और सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। रविवार की सुबह बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत धारूपुर में एक युवक का शव पुल के नीचे पड़ा हुआ मिला, जिससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रामेश्वर यादव के 22 वर्षीय बेटे सुशील कुमार यादव के रूप में की गई है। शव मिलने की खबर मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ लग गई। परिवार वालों की मानें तो यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि पूरी तरह साजिश के तहत की गई एक योजनाबद्ध हत्या है। मृतक के भाई सरोज यादव ने बताया कि शनिवार की रात सुशील को किसी का फोन आया था, जिसके बाद वह घर से बाहर निकला और फिर लौटकर नहीं आया। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। रविवार सुबह जब गांव के कुछ लोग पुल के नीचे से गुजर रहे थे तो उन्होंने एक युवक का शव देखा और तत्काल गांव में खबर फैला दी। मौके पर पहुंचे लोगों ने जब शव की पहचान की तो वह सुशील यादव का निकला। परिजनों का कहना है कि सुशील को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला गया और बाद में उसका शव सुनसान जगह फेंक दिया गया, ताकि किसी को संदेह न हो सके। शव पर गंभीर चोट के कई निशान हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि हत्या बेहद हिंसक तरीके से की गई है। सुशील के भाई सरोज यादव ने थाने में दिए अपने लिखित आवेदन में आशंका जताई है कि यह हत्या आपसी रंजिश का नतीजा है। उन्होंने बताया कि परिवार की कुछ लोगों से पुरानी दुश्मनी चली आ रही है और उन्हीं लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। उनका यह भी कहना है कि अगर पुलिस सख्ती से जांच करे तो हत्या में शामिल लोगों का खुलासा जल्द ही हो सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की छानबीन की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया। डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और हत्या के हर पहलू की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हत्यारों को चिन्हित करने के लिए सभी साक्ष्यों को इकट्ठा कर रही है। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स की भी जांच की जाएगी, ताकि यह पता चल सके कि सुशील को किसने फोन किया था और उसने किससे आखिरी बार बात की थी। इस घटना ने एक बार फिर रोहतास जिले में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त हो गया है। सुशील की उम्र महज 22 वर्ष थी और वह अपने घर का सहारा था। उसकी मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। परिजन अभी भी सदमे में हैं और उन्हें विश्वास नहीं हो रहा कि उनके घर का जवान बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा।

# छह से अधिक अपराधियों ने कंपनी परिसर में खड़े 13 ट्रकों से की 26 बैटरियां की चोरी

**बैटरियों को अपने साथ लाए वाहन में लादकर वे वहां से फरार हो गए**

- रात के अंधेरे में घुसे, ट्रकों की बैटरियां ले गए
- बदमाशों ने गार्ड-ड्राइवर को बनाया बंधक
- सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही पुलिस



**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

रोहतास जिले के सासाराम में एक निर्माणाधीन सड़क परियोजना से जुड़ी निर्माण सामग्री आपूर्ति करने वाली कंपनी के बेस कैंप पर बीती रात हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने न सिर्फ 13 ट्रकों की बैटरियां चुरा लीं, बल्कि कंपनी के गार्ड और एक ट्रक चालक को भी बंधक बना लिया। घटना धौड़ाढ़ थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में स्थित विकास सिंह के स्वामित्व वाले मैटीरियल मिक्सिंग प्लांट परिसर की है, जो कि क्षेत्र की एक बड़ी सड़क निर्माण परियोजना में सामग्री आपूर्ति का काम करता है। मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात शुक्रवार की रात करीब 1 बजे अंजाम दी गई। छह से अधिक की संख्या में आए अपराधी पूरी तैयारी के साथ पहुंचे थे। उन्होंने सबसे पहले प्लांट परिसर की निगरानी में तैनात गार्ड और वहीं मौजूद एक ड्राइवर को हथियार दिखाकर कब्जे में ले लिया। दोनों को बांधकर एक कोने में रखा गया ताकि वे किसी तरह की मदद न मांग सकें। इसके बाद अपराधियों ने एक-एक कर परिसर में खड़े 13 ट्रकों की बैटरियों को बड़ी सफाई से उतारना शुरू कर दिया। पूरी घटना को अंजाम देने में उन्हें लगभग तीन घंटे लगे। बैटरियों को अपने साथ लाए वाहन में लादकर वे वहां से फरार हो गए। घटना की जानकारी शनिवार की सुबह मिलते ही कंपनी प्रबंधन और स्थानीय पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। सासाराम के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) दिलीप कुमार ने बताया कि अभी तक पीड़ित कंपनी की ओर से थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है, लेकिन पुलिस ने अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है।

घटनास्थल पर लगे CCTV कैमरों के फुटेज मंगवाए जा रहे हैं, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। साथ ही तकनीकी विश्लेषण के तहत मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल्स के माध्यम से भी अपराधियों के नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। बंधक बनाए गए गार्ड और ड्राइवर से भी पूछताछ की जा रही है। हालांकि वे दोनों घटना से अभी भी सहमे हुए हैं और स्पष्ट रूप से बताने की स्थिति में नहीं हैं कि अपराधियों की संख्या कितनी थी और वे कौन सी गाड़ी से आए थे। शुरुआती जांच में यह संकेत मिले हैं कि यह चोरी सुनियोजित थी और बदमाशों को कंपनी परिसर और वहां की गतिविधियों की पूरी जानकारी थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इस वारदात में किसी अंदरूनी व्यक्ति की संलिप्तता भी हो सकती है। इस बड़ी चोरी की घटना के बाद कंपनी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। एक तरफ जहां कंपनी करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों से जुड़ी हुई है, वहीं दूसरी ओर उसके परिसर की सुरक्षा केवल एक गार्ड और एक चालक पर ही निर्भर थी। कर्मचारियों और प्रबंधन ने पुलिस से जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में इस तरह की घटनाएं और भी हो सकती हैं। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर दहशत है, क्योंकि जिस तरह से हथियारबंद अपराधी घंटों तक परिसर में खुलेआम वारदात को अंजाम देते रहे और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी, वह स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। पुलिस अब सभी तकनीकी साक्ष्यों को जोड़कर अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पुलिस इस गुत्थी को कितनी जल्दी सुलझा पाती है और अपराधियों को पकड़ने में कितनी सफलता मिलती है।

## लोजपा (आर) नेता के नेतृत्व में 8 जून को होगा पार्टी के नव संकल्प महासभा

**निज संवाददाता | रोहतास**



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा में 8 जून को पूरे रोहतास जिला सहित डेहरी विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में महिला- पुरुष आरा के रमना मैदान में शामिल होंगे। जिसके लिए लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता व डेहरी विधानसभा के जाने-माने समाजसेवी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह पूरी तैयारी में लग गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे रोहतास जिले से 8 जून रविवार को सुबह में छोटे-बड़े कई वाहनों से हजारों लोग आरा के रमना मैदान में शामिल होने जाएंगे। सोनू सिंह ने पूरे रोहतास जिला वासियों, अभिभावकों, युवा साथियों, नौजवानों, माताओं- बहनों से अधिक से अधिक संख्या में नव संकल्प महासभा में शामिल होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस नव संकल्प महासभा में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जी महासभा को संबोधित करेंगे।

## साहित्यकार धर्मचंद प्रसाद का हुआ निधन

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

शहर के चंवरतकिया मुहल्ला निवासी, शेरशाह इंटर स्तरीय विद्यालय के पूर्व शिक्षक व प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मचंद प्रसाद का रविवार को 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से शिक्षा और साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। धर्मचंद प्रसाद एक समर्पित शिक्षक ही नहीं, बल्कि हिंदी साहित्य के सजग रचनाकार भी थे। वे शेरशाह हाइस्कूल से वर्ष 2000 में सेवा निवृत्त हुए थे, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद भी समाजसेवा और साहित्य-सृजन में सक्रिय रहे। उन्होंने अपने शैक्षणिक जीवन में कई उपयोगी पुस्तकें लिखीं, जिनमें हमारा रोहतास और सरल हिंदी व्याकरण और रचना आज भी छात्रों के बीच लोकप्रिय हैं। उनकी लेखनी ने शिक्षा को सरल, सुलभ और उपयोगी बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। सेवानिवृत्ति के बाद वे संकल्प सेवा संस्थान नामक सामाजिक संस्था से जुड़ गए थे और संरक्षक के रूप में संस्था का मार्गदर्शन करते रहे। उनके छोटे बेटे रजनीश कुमार संस्था के अध्यक्ष हैं। धर्मचंद प्रसाद अपने पीछे तीन बेटे छोड़ गए हैं सबसे बड़े बेटे डॉ. चंदन कुमार, मंझले बेटे इंजीनियर संजय कुमार और सबसे छोटे बेटे रजनीश कुमार, जो संस्था की जिम्मेदारी संभालते हैं। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को वाराणसी में संपन्न होगा।

## कोरोना आपात स्थिति से निबटने के लिए अस्पताल में की गई मॉकड्रिल

**निज संवाददाता | डेहरी (रोहतास)**



देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार की देर शाम मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य कोरोना की संभावित लहर या किसी अन्य महामारीजनित आपातस्थिति से निपटने की अस्पताल की तैयारियों को परखना था। मॉकड्रिल की शुरुआत एक डमी मरीज को कोरोना संक्रमित मानते हुए अस्पताल लाने से हुई। जैसे ही 'संक्रमित' मरीज को अस्पताल में लाया गया, पूरा अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया। डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी तुरंत पीपीई किट पहनकर अलर्ट मोड में आ गए। संक्रमित मरीज की जांच की प्रक्रिया तुरंत शुरू की गई। सर्वप्रथम रैपिड एंटीजन टेस्ट के माध्यम से कोरोना जांच की गई, जिसकी रिपोर्ट 'पॉजिटिव' आने के बाद पूरी सावधानी के साथ उपचार की प्रक्रिया आरंभ की गई। डॉक्टरों ने पहले ऑक्सीमीटर से मरीज के शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा मापी और उसके बाद ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड पर लिटाकर ऑक्सीजन आपूर्ति शुरू की गई। इसके साथ ही हार्ट बीट मॉनिटर के माध्यम से मरीज की धड़कनों पर नजर रखी गई। इस पूरे मॉकड्रिल के दौरान अस्पताल के कर्मियों को यह सिखाया गया कि किस तरह से संक्रमण की स्थिति में मरीजों को संभालना है, ऑक्सीजन बेड को क्रियाशील कैसे बनाए रखना है और संक्रमण से बचाव के लिए क्या-क्या उपाय करने जरूरी हैं। मॉकड्रिल के दृश्य देखकर लोगों को कोरोना काल की भयावह यादें ताजा हो गईं, जब अस्पतालों में इसी प्रकार की आपात व्यवस्थाएं की जाती थीं। इस अभ्यास के माध्यम से न केवल अस्पताल की तैयारियों का जायजा लिया गया बल्कि स्टाफ की जिम्मेदारियों और समन्वय को भी परखा गया।

# खेत के आर से विद्यालय जाते हैं बच्चे, आधा अधूरा निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का अभिभावकों ने की मांग

**निज संवाददाता | इंद्रपुरी (रोहतास)**




इंद्रपुरी प्रखंड अंतर्गत पतपुरा पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय घोंघहा की स्थिति सरकारी शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करती है। जहां एक ओर सरकार ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में शिक्षा के प्रसार और स्कूलों की मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी अमल में विभागीय उदासीनता इन योजनाओं को पंगु बना रही है। प्राथमिक विद्यालय घोंघहा इसका एक गंभीर उदाहरण बन चुका है, जहां विद्यालय तक पहुंचने के लिए बच्चों को खेतों के मेढ़ और कच्चे रास्तों से होकर जाना पड़ता है। बारिश के मौसम में यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब फिसलन भरे रास्तों में छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक गिरकर घायल हो जाते हैं। मार्ग संकरा और कीचड़युक्त होने के कारण कई बार बच्चे विद्यालय तक पहुंच ही नहीं पाते। कुछ शिक्षक भी इसी कारण विद्यालय आने से कतराने लगते हैं, जिससे पठन-पाठन कार्य प्रभावित होता है। विद्यालय में वर्तमान में कुल 44 छात्र नामांकित हैं, जिनकी पढ़ाई एक ही कमरे में चल रही है। कक्षा एक से पांच तक के सभी बच्चों को एक ही कमरे में पढ़ाया जाता है और उन्हें पढ़ाने के लिए केवल दो शिक्षक हैं एक शिक्षक और एक शिक्षिका। यह व्यवस्था न केवल अव्यवस्थित है बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। अभिभावकों के लगातार आग्रह पर शिक्षा विभाग ने नवंबर 2022 में विद्यालय भवन के निर्माण की शुरुआत तो की, लेकिन लगभग तीन वर्षों के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा ही पड़ा है। न तो भवन पूरी तरह से तैयार हुआ है, न ही चाहरदीवारी और न ही आंतरिक वायरिंग जैसी बुनियादी संरचनाएं पूरी की गई हैं। फलस्वरूप नए भवन में अब तक पठन-पाठन शुरू नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों में तीव्र असंतोष देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीण योगेश कुमार, राजन कुशवाहा, संदीप पटेल, बैजू यादव, दरोगा पासवान, सुरेंद्र राम समेत कई लोगों ने आरोप लगाया है कि भवन निर्माण कार्य में ठेकेदार ने मापदंडों की खुलेआम अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया है, जिससे कुछ वर्षों में ही यह भवन जर्जर हो सकता है।

## दुष्कर्म और हत्याओं के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

**सासाराम (रोहतास (नि. सं.)।** प्रदेश में मासूम बच्चियों के साथ बढ़ते दुष्कर्म और हत्या के मामलों को लेकर महिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को सासाराम के पोस्टऑफिस चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व महिला मोर्चा की अध्यक्ष रिंकू देवी ने किया। प्रदर्शन के दौरान राज्य सरकार पर अपराध रोकने में विफल रहने का गंभीर आरोप लगाया गया। रिंकू देवी ने कहा कि प्रदेश में बच्चियों के साथ हो रहे अत्याचार और उनकी हत्याओं की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हर दिन अखबारों की सुर्खियों में दिल दहला देने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर बेटियों की सुरक्षा का जिम्मा किसका है, और सरकार कब तक आंखें मूंदे रहेगी।

## जन सुराज पार्टी में डालमियानगर वार्ड पार्षद का प्रवेश

**निज संवाददाता | डेहरी (रोहतास)**



डेहरी-डालमियानगर के वार्ड संख्या 2 में जन सुराज पार्टी को एक और बड़ी राजनीतिक सफलता मिली है। वार्ड पार्षद राजेश कुमार गुप्ता ने जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी को नया संबल प्रदान किया है। यह कार्यक्रम जन सुराज पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक सांकृत के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें जन सुराज की विचारधारा से प्रभावित होकर दर्जनों लोग पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत तिवारी, डेहरी अनुमंडल अभियान समिति संयोजक आर. के. सिंह और नगर युवा अध्यक्ष मोहम्मद दिलशाद आलम उर्फ मोंटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजेश कुमार गुप्ता ने सदस्यता लेने के बाद कहा, 'जन सुराज केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि बिहार को नई दिशा देने वाला आंदोलन है। प्रशांत किशोर के विजन और नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जनता की भागीदारी की सोच ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है।' उनके साथ डालमियानगर उद्योग यूनियन के अध्यक्ष सियाराम सिंह यादव उर्फ पयहारी, शशि भूषण पांडे, प्रेम भारती, कामेश्वर प्रसाद, विक्की कुमार, विकास कुमार सिंह, सूरज प्रकाश सिन्हा, रमेश शाह और राजेंद्र कुमार समेत कई लोगों ने भी जन सुराज की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में 'जय बिहार' के नारों के बीच स्थानीय लोगों ने बिहार में बदलाव और नई राजनीति की शुरुआत के प्रति उम्मीद जताई। पार्टी के पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों को जन सुराज की कार्यशैली, विचारधारा और विकास मॉडल की जानकारी दी और भविष्य में इसे मजबूत जन आंदोलन में बदलने की अपील की। यह आयोजन न केवल डेहरी-डालमियानगर क्षेत्र में जन सुराज के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि जनता पारंपरिक राजनीति से अलग कुछ नया चाहती है—एक ऐसा विकल्प जो उनके जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

# जाम और अतिक्रमण ने बिगाड़ा करगहर का हाल, राह चलना भी हुआ मुश्किल

**निज संवाददाता | करगहर (रोहतास)**



करगहर बाजार में जाम और अतिक्रमण की समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। बाजार के मुख्य मार्ग पर पैदल चलना भी किसी चुनौती से कम नहीं है। दोनों ओर फुटपाथी दुकानदारों और ठेला चालकों ने सड़क पर कब्जा जमा रखा है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। यही नहीं, जाम की वजह से आए दिन एम्बुलेंस तक फंसी रह जाती है, जिससे मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों की मानें तो जाम की समस्या अब लाइलाज बन चुकी है। हर बार प्रशासन औपचारिक कार्रवाई करता है, लेकिन कुछ ही दिनों में बाजार की स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। सड़क पर जरा-सी जगह मिलते ही बाइकों और छोटे वाहनों की मनमानी पार्किंग कर दी जाती है। मना करने पर भी वाहन चालकों के रवैये में कोई बदलाव नहीं आता। इससे न केवल राहगीरों को दिक्कत होती है, बल्कि खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहक भी परेशान हो जाते हैं। हालात यह हैं कि बाजार में वाहनों की रफ्तार कछुए की चाल हो गई है। वैकल्पिक मार्गों पर भी अतिक्रमण ने डेरा डाल रखा है। शहर में न तो यातायात पुलिस की तैनाती दिखती है और न ही वाहन चालकों पर कोई नियंत्रण। जहां-तहां सवारी उतारने और चढ़ाने के कारण सड़कों पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से बार-बार मांग की है कि बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया जाए और जाम से निजात दिलाई जाए, मगर प्रशासन अब तक चुप्पी साधे हुए है। बाजार की यह दशा अब करगहर की पहचान बनती जा रही है, जहां चलना तो दूर, खड़ा रहना भी मुश्किल होता जा रहा है।

**भय के साए में नहर किनारे घनी बिगहा स्कूल में पढ़ने जाते हैं बच्चे**

# डीएम के आदेश के बाद नहीं हुआ प्राथमिक विद्यालय की चाहरदीवारी का निर्माण

**निज संवाददाता | इंद्रपुरी (रोहतास)**




इंद्रपुरी प्रखंड क्षेत्र के भलुआड़ी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 9 स्थित घनी बिगहा प्राथमिक विद्यालय के हालात इन दिनों बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। सोन नहर के तट पर बसे इस विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है, क्योंकि अब तक विद्यालय की चाहरदीवारी का निर्माण नहीं हो पाया है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक लापरवाही का यह एक जीवंत उदाहरण है, जहां जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद भी ज़मीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञात हो कि 25 जून को जिलाधिकारी ने स्वयं विद्यालय का निरीक्षण किया था और स्थल की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने एक माह के भीतर चाहरदीवारी का निर्माण सुनिश्चित कराने का निर्देश जारी किया था। नहर के बिल्कुल किनारे स्थित इस विद्यालय की स्थिति अत्यंत जोखिमपूर्ण है। बच्चे जब विद्यालय आते-जाते हैं, तो उनके लिए रास्ता यही नहर किनारे का होता है। ऐसे में किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। विद्यालय की स्थापना वर्ष 2006 में स्थानीय लोगों द्वारा दान में दी गई भूमि पर की गई थी, जिसमें कुल 15 डिसमिल भूमि थी, पर विद्यालय भवन लगभग 5 डिसमिल क्षेत्रफल में निर्मित हुआ है। शुरूआत में जब केवल एक नहर थी, तब खतरा कुछ कम था, लेकिन अब विद्यालय से सटे दूसरी ओर एक और नहर के निर्माण से दुर्घटना की संभावनाएं कई गुना बढ़ गई हैं। ऐसे में चाहरदीवारी की आवश्यकता केवल सुविधा की नहीं, बल्कि एक अत्यावश्यक सुरक्षा आवश्यकता बन चुकी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा को लेकर पहले भी कई बार विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि एक वर्ष पूर्व एक छात्र विद्यालय आते वक्त नहर में गिर गया था। गनीमत रही कि उस समय विद्यालय के शिक्षक सतर्क थे और उन्होंने जान की बाजी लगाकर छात्र को नहर से बाहर निकाला और इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसकी जान बच सकी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उक्त घटना के बाद विद्यालय के तत्कालीन प्रधानाध्यापक ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए स्वयं का तबादला करवा लिया था। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हर दिन बच्चों को स्कूल भेजने में उनके दिल में डर बना रहता है। शांति देवी, शकुंतला देवी, सुशीला देवी, युगल मेहता, बबन मेहता, राजा कुमार और मुकेश कुमार जैसे कई ग्रामीणों ने प्रशासनिक निष्क्रियता पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जब डीएम जैसे शीर्ष अधिकारी का आदेश भी अमल में नहीं लाया जाता, तो फिर आमजन की शिकायतों का क्या मूल्य है? प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मनरेगा योजना के तहत विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण किया जाए। इस बाबत कई बार मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी से बातचीत की गई, लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन जब तक योजना से फंड की स्वीकृति नहीं होगी और अभिकर्ता कार्य प्रारंभ नहीं करेंगे, तब तक कुछ किया नहीं जा सकता। दूसरी ओर मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी ने योजना की सुस्ती का ठीकरा फंड की देर से प्राप्ति पर फोड़ा है। उन्होंने कहा कि राशि समय पर उपलब्ध नहीं होने के कारण अभिकर्ता निर्माण कार्य के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह आश्वासन दिया कि छात्रों और शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। इस समूचे प्रकरण से यह स्पष्ट है कि एक ओर जहां प्रशासनिक तंत्र कागजों पर संवेदनशीलता दिखाता है, वहीं वास्तविकता में जमीनी कार्रवाई बेहद ढीली पड़ जाती है। नहर के तट पर स्थित यह विद्यालय हर दिन एक भयावह हादसे की आशंका में डूबा हुआ है और यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो कभी भी एक गंभीर त्रासदी घट सकती है। प्रशासनिक आदेशों के बावजूद भी यदि कार्य नहीं होता, तो फिर उस व्यवस्था पर सवाल उठना लाज़मी है, जो बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों की जिम्मेदारी निभाने का दावा करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष राम रतन गिरी की अध्यक्षता में की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी की ओर से महागठबंधन के लोग हर गांव में जाकर के ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल लगाकर माई बहिन योजना के अंतर्गत सभी महिलाओं को 2500 इस योजना का लाभ देने के लिए घर-घर जाकर के रजिस्ट्रेशन करवाना है। कांग्रेस पार्टी के लोगों ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनते ही इस योजना का लाभ सभी माई- बहन को मिलना शुरू हो जाएगा। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी गण उपस्थित होकर एक स्वर में कहा कि ग्रामीण चौपाल में सभी लोगों को माई-बहिन योजना के बारे में बताया जाएगा।

### महिला संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



नवादा (नि.सं.)। जिला के अकबरपुर प्रखंड के परतो करहरी गांव में "महिला संवाद कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दीप-प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उदघाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच की वजह से बिहार की महिलाएं आज सशक्त बनकर उभरी हैं। महिलाओं में बहुत बदलाव हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से जीविका की शुरुआत की थी। बिहार में 10 लाख 36 हजार जीविका स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 01 करोड़ 35 लाख परिवार इससे जुड़े हैं। इतनी बड़ी तादाद देश के किसी अन्य राज्यों में समूह का निर्माण नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आज समूह से जुड़ी दीदियां कितनी तरक्की कर कर रही है। पहले महिलाएं घर से बाहर से भी नहीं निकलती थीं। लेकिन अब महिलाएं घर से बाहर निकलकर सभी तरह के काम कर रही है। ग्रामीण विकास मंत्री ने महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु बिहार सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं के बारे जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बालिका साईकिल योजना और मुख्यमंत्री बालिका पोषक योजना से राज्य में महिला सशक्तिकरण को बहुत बल मिला है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि हाल में राज्य मंत्रि परिषद ने दीदियों के लिए दो फैसले लिए हैं। पहला तो जीविका निधि के रूप में जीविका के लिए एक अलग सहकारी बैंक बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय की साफ सफाई का काम जीविका दीदियों को दिया गया है। इससे जीविका दीदियों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बिहार ऐसा पहला राज्य है, जहां जीविका की दीदियों का अपना बैंक हो गया है। अब दीदियों को पैसे के लिए किसी के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। बिहार की महिलाओं के उत्थान के लिए बिहार सरकार कई कदम उठा रही है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में नौकरी एवं स्थानीय चुनाव में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इससे उनका प्रतिनिधित्व बढ़ा है।उन्होंने कहा कि विकास महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है। स्थानीय नेतृत्व, रोजगार और नीति-निर्माण में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस बदलाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के कहने पर ही शराबबंदी लागू की गई जिससे राज्य में सड़क दुर्घटना में कमी आई है। साथ ही अन्य वैकल्पिक क्षेत्र में आमदनी का रास्ता खुला है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने अनुभव साझा कर विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ की चर्चा की और अपनी आकांक्षाओं को भी रखीं। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरि ने स्वागत अभिभाषण के दौरान बताया कि जिले में 1510 ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम होना है जिसमे से 1122 ग्राम संगठन में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। कार्यक्रम का संचालन जीविका के प्रबंधक सामाजिक विकास संतोष कुमार ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन डीआरडीए0 के निदेशक धीरज कुमार ने किया। मौके पर रजौली के अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन,अकबरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी गीता, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक आनंद,जीविका के प्रबंधक संचार रंजीत रंजन, एस जे वाई नोडल मंजीत कुमार, अकबरपुरके जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार मिश्रा, क्षेत्रिय समन्वयक एवं सामुदायिक समन्वयक, जीविका दीदियाँ एवं कैडर सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### दो गांवों में भवन उद्घाटन

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड के सहजपुरा व पसई गांव में सामुदायिक भवन का उद्घाटन कार्यक्रम रविवार को आयोजित हुआ। विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुमारी, जिला पार्षद उपाध्यक्ष निशा कुमारी चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया। वक्ताओं ने कहा सामुदायिक भवन बनने से ग्रामीणों को कार्यक्रम करने में सहूलियत होगी।लोगों ने कहा यह सामुदायिक भवन जिला पार्षद मद से बना है। जिला पार्षद उपाध्यक्ष निशा चौधरी के सौजन्य से बना है।मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कुमार चौधरी, सत्री कुमार उर्फ डप्पू सिंह, श्रवण मालाकार, सत्येंद्र सिंह, नवीन कुमार सिंह, सनोजी सिंह, गोरेलाल सिंह, रजनीकांत पांडे, दीपू यादव समेत ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### सीओ की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

नवादा (नि.सं.)। जिले के अकबरपुर अंचल अधिकारी पदस्थापन के बाद से विवादों में बने रहना पसंद करते हैं। दो वर्ष का अप्रिम हस्तांतर से प्राथमिक दर्ज कर हास्यास्पद के शिकार हो गए तो आम लोगों से सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को मिलने का फरमान जारी कर अपने आपको डीएम के समकक्ष ला खड़ा किया। आयुक्त की कार्रवाई से बचने के लिए राजस्व कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया तो बगैर कारण बताये दाखिल खारिज व परिमार्जन के सैकड़ों लम्बित आवेदन को अस्विकृत कर दिया। ताजा मामला फतेहपुर गांव का है जिसमें उन्होंने बगैर निषेधाज्ञा काम पर रोक लगाने का आदेश देकर एसडीएम के अधिकार को चुनौती दी है। मामला पूर्व प्रमुख रेणु देवी से जुड़ा है। उन्होंने एक भूमि खरीदी जिसका बजाप्ता दाखिल खारिज के साथ वर्षो से भूलगान की राशि जमा की जा रही है। जब उन्होंने उक्त जमीन में मकान निर्माण के लिए मिट्टी भराई कार्य आरंभ किया सीओ ने दुर्भावना से ग्रस्त होकर थानाध्यक्ष से काम बंद कराने का आदेश नहीं अनुरोध किया मानों वे मुजरिम हों। थानाध्यक्ष ने अनुरोध का सम्मान करते हुए फिलहाल काम बंद करने का निर्देश दिया तथा निर्देश के आलोक में पूर्व प्रमुख ने थानाध्यक्ष का सम्मान करते हुए मिट्टी भराई बंद कर दी।

**क्या कहता है नियम:-** नियमतः किसी कार्य को अंचल अधिकारी को तत्काल बंद कराने का अनुरोध एसडीएम से करना है न कि थानाध्यक्ष से। एसडीएम अंचल अधिकारी या थानाध्यक्ष के प्रतिवेदन के आधार पर निषेधाज्ञा लागू कर सकते हैं बशर्ते कि शांति भंग होने की संभावना हो। लेकिन ऐसा न कर उन्होंने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए थानाध्यक्ष से काम बंद कराने का अनुरोध किया न कि आदेश दिया। अब सबसे बड़ा सवाल क्या वहां किसी तरह की शांति भंग हुई? उनके पास भूमि का वैध कागजात नहीं था? पूर्व के सीओ ने फर्जी दाखिल खारिज की? क्या डिमांड कायम करने के खुद सीओ को अधिकार डिमांड तोड़ने का है? पूर्व सीओ पर उन्होंने धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई ? ऐसे में वे खुद अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर रहे हैं उच्चाधिकारियों को मामले पर संज्ञान लेना होगा।

### बैंक में गबन, प्रबंधक फरार

नवादा (नि.सं.)। दि सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के पार नवादा शाखा में लाखों का राशि गबन होने का मामला प्रकाश में आया है, जहां प्रबंधक द्वारा ही लाखों की गबन किए जाने की बात सामने आ रही है। शाखा प्रबंध घोटाला करने के बाद बैंक बंद कर फरार हो गए हैं, जांच में आए प्रबंधक निदेशक ने स्थानीय थाना में दर्ज कराया प्राथमिकी। बैठक में आए पदाधिकारी प्रबंध निदेशक अरुण कुमार ने जांच के बाद बताया कि बैंक का कुल रोकड़ में गड़बड़ी है। उन्होंने बताया कि बैंक की कुल राशि में 02 लाख 89 हजार की अवैध निकासी किया गया है।

# 51 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



रजौली थाना क्षेत्र के भाईजी भित्ता गांव से पुलिस बलों ने बाइक पर लदे 51 लीटर शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते शनिवार की संध्या गुप्त सूचना मिली कि सतगीर गांव से रजौली शराब की एक खेंप होने वाली है। गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एएसआई संजय कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों को भेजा गया। इस दौरान धर्मपुर भट्ठा के पास एक बाइक पर प्लास्टिक बोरे में बंद कुछ बांधकर एक युवक को जांच हेतु रोकने का प्रयास किया गया, किंतु पुलिस बलों को देखकर बाइक सवार भागने लगा, जिसे पुलिस बलों ने खदेड़ कर पकड़ा। जांच के क्रम में पुलिस बलों ने होंडा साइन बाइक संख्या बीआर27एल0594 पर लदे 3-3 लीटर पाउच के कुल 17 पाउच बरामद किया गया, जिसकी कुल मात्रा 51 लीटर थी। वहीं गिरफ्तार बाइक सवार की पहचान भाईजी भित्ता गांव निवासी श्रीप्रसाद के पुत्र अरुण प्रसाद के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं बाइक के अलावे गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं दूसरी ओर कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में 6 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों में चितरकोली गांव निवासी स्व. बूंदी तुरिया के पुत्र गया यादव, गंगटा गांव निवासी चंद्रिका यादव के पुत्र सुरेन्द्र यादव, काशी यादव के पुत्र ललन यादव व बूंदी यादव के पुत्र मोती यादव एवं चौथा गांव निवासी चांदो यादव के पुत्र रामावतार यादव व रामस्वरूप यादव के पुत्र मिथलेश यादव शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सातों लोगों का स्वास्थ्य जांच करवाकर रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**शराब बरामदगी और वारंट तामील कार्रवाई**

- एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने की कार्रवाई।
- धर्मपुर भट्ठा के पास होंडा साइन बाइक से बरामद हुए 17 पाउच
- आरोपी के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज
- 6 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल
- वारंटियों में चितरकोली, गंगटा और चौथा गांव के निवासी शामिल
- गिरफ्तार आरोपियों की मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया

## मनरेगा योजना पर भ्रष्टाचार का आरोप

निज संवाददाता | नवादा

जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के शाहपुर पंचायत की वार्ड सदस्यों ने राज्य के मुख्यमंत्री, निगरानी विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को एक आवेदन देकर मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर हो रही घपलेबाजी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। वार्ड सदस्यों का कहना है कि पंचायत में चल रही मनरेगा योजना में डुप्लीकेसी और फर्जी जाब कार्ड के आधार पर कागजों पर काम दिखाकर करोड़ों रुपए की बंदरबांट की जा रही है। इस घोर अनियमितता के खिलाफ वार्ड सदस्यों ने तत्काल स्थल जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। वार्ड सदस्यों ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत बनाए जा रहे जाब कार्डों में भारी गड़बड़ी है। ज्यादातर ऐसे लोगों के जाब कार्ड बनाए गए हैं जो असल में मजदूर नहीं हैं, बल्कि संपन्न परिवारों से हैं या सरकारी और निजी नौकरियां कर रहे हैं। इसके बावजूद भी इन्हें मजदूर दिखाकर फर्जी तौर पर उनके नाम पर काम दर्ज किया जा रहा है। इस फर्जीवाड़े के तहत इन लोगों की कार्य पुस्तिका पर उपस्थिति बनाकर उनके खाते में राशि ट्रांसफर कराई जाती है, जिसके बाद संबंधित बैंक प्रबंधकों की मिलीभगत से नकदी निकासी की जाती है। इस पूरे मामले में ग्राम पंचायत के अधिकारी और कुछ बैंक प्रबंधक भी शामिल बताए जा रहे हैं, जो इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। वार्ड सदस्यों का आरोप है कि ये अधिकारी खुलेआम कागजों पर कार्य दिखाकर करोड़ों रुपए की रकम का गलत वितरण कर रहे हैं, जबकि वास्तविक मजदूरों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मामले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों की ओर से शिकायत कर्ताओं को परेशान किया जा रहा है। शिकायतकर्ता वार्ड सदस्य अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं और उन्होंने कहा है कि उनकी आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

## शिवम को सैन्य कॉलेज में बड़ी मिली सफलता

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून की प्रवेश परीक्षा में नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के मंजौर पंचायत के सुल्तानपुर गांव के शिवम कुमार ने सफलता पाई है। देशभर से चयनित 25 छात्रों में बिहार से केवल शिवम का चयन हुआ है। शिवम की इस उपलब्धि से प्रखंड, जिला ही बल्कि पूरे बिहार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। शिवम किसान रौशन कुमार और गृहिणी नेहा कुमारी के पुत्र हैं। वह तीन भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर हैं।इस खुशखबरी मिलते ही वारसलीगंज थाना के पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार और थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा गांव पहुंचे। उन्होंने शिवम को सम्मानित किया। ग्रामीण क्षेत्र के किसान परिवार में जन्मे शिवम ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षा में सफलता पाई है। सैन्य कॉलेज में पूरे देश से केवल 25 छात्रों का नामांकन होता है। बिहार से हर साल एक ही छात्र को मौका मिलता है। इस बार यह गौरव शिवम को मिला है। वहीं अगर बात करें 25 छात्रों में तो इसमे भी इन्होंने 6वीं स्थान प्राप्त की है।

## किसान उन्नत बीज और संतुलित खाद का करें प्रयोग : रविकांत

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



रविवार को नरहट प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बभनौर, नरहट और ओलिपुर तीन राजस्व गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र से आए हुए वैज्ञानिक रविकांत चौबे जी के द्वारा किसानों को उन्नत बीज संतुलित उर्वरक का प्रयोग एवं बीज उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वही आईसीएआर से आए हुए वैज्ञानिक विश्वजीत देवनाथ के द्वारा किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों के साथ खेती, मिट्टी में उपस्थित पोषक तत्वों एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र से आए हुए वैज्ञानिक शशांक शेखर के द्वारा किसानों को उद्यानिक फसलों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, प्रशिक्षु प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक शिवनाथ केसरवानी, सहायक तकनीकी प्रबंधक रंजीत कुमार, किसान सलाहकार शैलेश कुमार, चंदन कुमार, रवि कुमार, कमलेश कुमार, जनार्दन कुमार, शमा नाहिद, जनार्दन कुमार, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार विभाग की तरफ से उपस्थित थे। इस मौके पर कृषक साधु सिंह, नवीन कुमार, पप्पु सिंह, ममता देवी, रूबी देवी आदि लगभग 100 की संख्या में नरहट प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए हुए किसानों ने भाग लिया।

## अफरोजा खातुन बनीं आयोग सदस्य, गांव में उत्सव जैसा माहौल

निज संवाददाता | नवादा

जिले के बिहार-झारखंड सीमा पर गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय बाजार डीह पर की निवासी जदयू नेत्री सह पूर्व मुखिया अफरोजा खातुन को लगातार दूसरी बार बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है। पटना स्थित अल्पसंख्यक आयोग कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद शनिवार की देर शाम अपने पैतृक गांव गोविंदपुर पहुंचते ही समर्थकों ने उनका ज़ोरदार और ऐतिहासिक स्वागत का किया। अकबरपुर-गोविंदपुर की सीमा बकसोती बाजार पहुंचते ही अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों लोगों ने फूल मालाओं से लाद दिया। गोविंदपुर चौक पर सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों और समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और नारों की गूंज से पूरा इलाका गूंज उठा। 'माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिंदाबाद' और 'अफरोजा खातुन जिंदाबाद' के नारों से वातावरण उत्साह से भर उठा। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उन्हें सम्मानित करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। आवास पहुंचने के बाद अफरोजा खातुन ने सबसे पहले गोविंदपुर दुर्गा मंदिर के समीप स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत वे पैदल यात्रा करते हुए अपने दिवंगत माता-पिता—मरहुम संजीदा खातुन एवं मरहुम सहुद आलम—की मजार पर पहुँचीं, जहां उन्होंने पुष्प अर्पित कर प्रदेश की शांति, सद्भाव और तरक्की की दुआ मांगी। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं बिहारवासियों की सलामती और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। प्रमुख लोगों में बालेश्वर यादव, अर्जुन प्रसाद, द्वारिक प्रसाद, शिबालक प्रसाद, उमेश शर्मा, राजो राजवंशी, चमेला देवी, रविया खातुन, मुसरफ जवी, तेतरी देवी, लीला देवी, महिला खां, सलाउद्दीन अंसारी सहित कई गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी शामिल थे। गांववासियों ने अफरोजा खातुन को उनकी दूसरी बार आयोग सदस्य नियुक्ति पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि वे अल्पसंख्यकों के अधिकारों एवं उत्थान के लिए और मजबूती से काम करेंगी। अफरोजा खातुन ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे आयोग के माध्यम से सामाजिक न्याय और भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का कार्य करेंगी। उन्होंने अपने गांव पंचायत व प्रखंड वासियों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सब आपके प्रेम व दिल से दिये आशिर्वाद का प्रतीक है। गोविंदपुर की बेटी राज्य स्तर पर प्रखंड का परचम लहरा है जो आपके आशीर्वाद व समर्थन का असंभव है।


## माई बहिन योजना पर कांग्रेस की बैठक



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष रामरतन गिरी की अध्यक्षता में माई बहिन योजना को लेकर गांव में चौपाल लगाए जाने को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मो. नौशाद खान, आरटीआई जिलाध्यक्ष कुंदन दीप, प्रखंड उपाध्यक्ष मोहन चौधरी,मुनव्वर अंसारी, रियाजउद्दीन, रामकृष्ण राजवंशी, प्रयाग यादव, समसुल हक़, मो. नजीर, महादेव राम, ध्रुव कुमार त्रिवेदी, राजेंद्र प्रसाद, महावीर राजवंशी, अशोक कुमार एवं अरुण कुमार मौजूद रहे। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## मुंद्रिका मनोहर बने जदयू सचिव



निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

बिहार प्रदेश जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने बिहार प्रदेश जदयू के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव पद पर मुंद्रिका कुमार मनोहर को मनोनीत किया है। वे मसौढ़ा पंचायत के डोमावर विलसी पुर गांव के निवासी हैं।इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार विद्यार्थी, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष देवनंदन मांझी, जिला उपाध्यक्ष विवेक प्रकाश, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा, बिक्की कुमार, जितेंद्र कुमार समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)




बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर रविवार को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित किसान भवन सभागार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष तथा अवर न्यायाधीश तृतीय सह प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, नवादा के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मो. शकील अहमद ने तथा संचालन अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा ने किया। वरीय नागरिकों को संविधान प्रदत्त कानूनी हक के बारे में जागरूक करने को ले आयोजित इस शिविर में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के उमेश्वर प्रसाद सिंह ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री सिंह ने विधिक सेवा प्राधिकार तथा लोक अदालत से मिलने वाली कानूनी सहायता के बारे में लोगों को अवगत कराया। वरीय नागरिक संघ प्रखंड अध्यक्ष पूर्व अंचल अधिकारी श्यामसुंदर दुबे, शिक्षाविद् डा. गोविंद जी तिवारी, पैक्स अध्यक्ष सुंदर प्रसाद कुशवाहा, नागेंद्र शर्मा बंधु, अधिवक्ता चंद्रमौलि शर्मा, विंदेश्वर शर्मा तथा पूर्व बैंक प्रबंधक कपिलदेव चौरसिया ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ होनेवाली कठिनाइयों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए न्यायालय को सुधार करते हुए इस तरफ विशेष ध्यान देने पर बल दिया। वरीय नागरिक अखिलेश्वर शर्मा ने ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन के लिए नवादा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्थानीय प्रशासन तथा शिविर में उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पीएलवी अनिल कुमार, महेश भाई पटेल, सरपंच विजय कुमार, शान्ति देवी, उप सरपंच रामबरन सिंह, ग्राम कचहरी सचिव प्रदीप पासवान, मुन्ना ठाकुर, ममता कुमारी, किरण कुमारी सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार राय, पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, पप्पू चौधरी, तारणि सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रिया हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन

**06 की मदद से शव को ट्रॉली बैग में भरकर पहुंचाया था रेलवे स्टेशन**

निज संवाददाता | नवादा



जिले के चर्चित रिया हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। हत्याकांड में शामिल कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें जिले के हिसुआ की 16 वर्षीय नाबालिग़ रिया का शव पुलिस ने बंगलुरू में चंदपुरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रॉली बैग से बरामद किया था ,जिसकी पहचान होते ही पुलिस के होश उड़ गए थे तथा परिजन का भी बुरा हाल था। हिसुआ की 16 साल की रिया कुमारी की हत्या उसके प्रेमी आशिक कुमार ने कर दिया था। रिया 15 मई को अपने घर से लापता हुई थी।

**रिया के प्रेमी समेत 07 चढ़े पुलिस के हत्थे :**

पुलिस ने मृतका रिया के आशिक को गिरफ्तार करने के साथ ही शव को ठिकाने लगाने में मदद करने वाले छह अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

**घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा :**

बता दें हिसुआ थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र के राहुल नगर गांव में घेराबंदी कर सभी 07 आरोपियों को पकड़ा है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि 20 मई को जब रिया के फूफा-फुआ ड्यूटी पर थे, तब आशिक ने रिया की बेरहमी से हत्या की। आशिक ने बताया कि उसने रिया को पटक कर उसकी छाती पर बैठकर गला दबाया, फिर सिर जमीन पर पटका। गला दबाने से उसकी गर्दन की हड्डी टूट गई और मौत हो गया।

**दोस्तों के साथ मिलकर शव को लगाया ठिकाने :**

हत्या के बाद आशिक ने अपने दोस्तों को कमरे पर बुलाया और कहा कि लड़की ने आत्महत्या की है। धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं कहोगे तो सबको फंसा दूंगा, जिसके बाद उसके फूफा ने शव छिपाने की सलाह दी। आशिक ने खिड़की का शीशा अंदर से तोड़ दिया, ताकि यह दिखा सके कि शव बाहर से देखा गया। पुलिस ने बताया कि कांच बाहर गिरा था, जिससे साफ हुआ कि शीशा अंदर से तोड़ा गया। इसके बाद शव को नीले रंग के ट्रॉली बैग में भरकर ओला से कार बुक की गई। आशिक और उसके दोस्त शव लेकर चांदपुरा रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। सुनसान जगह पर कार रुकवाने से ड्राइवर को शक हुआ, लेकिन पैसे लेकर वह लौट गया। शव को रेलवे लाइन के किनारे फेंक दिया गया। 21 मई की सुबह सूर्यनगर पुलिस ने शव बरामद किया।

**अपने प्रेमी के साथ घर से भागी थी रिया :**

रिया 15 मई को अपने प्रेमी आशिक कुमार के साथ घर से भाग गई थी। आशिक पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। शव की पहचान सोशल मीडिया पर खबरें देखने के बाद परिजनों ने की।

**इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी :**

गिरफ्तार आरोपियों में आशिक कुमार, उसके फूफा मुकेश कुमार, फुआ इंदु देवी, रंजीत रविदास का पुत्र राजाराम रविदास, प्यारेचंद रविदास का पुत्र राजू कुमार, सुनील रविदास का पुत्र कालू रविदास और मोहन कुमार शामिल हैं। गिरफ्तार लोगों को सूर्यनगर थाना से आए इंस्पेक्टर संजीव महाजन को सौंपा गया है।

# श्वेता सिन्हा बनीं प्रभारी प्रधानाध्यापक



निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)

प्रखंड के गणेश बी के साहु इंटर विद्यालय वारिसलीगंज का प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर विद्यालय की शिक्षिका श्वेता सिन्हा ने पदभार ग्रहण की। ज्ञातव्य हो कि 31 मई 2025 को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामरतन प्रसाद सेवानिवृत्त हो गये। विद्यालय परिवार ने रामरतन प्रसाद को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक डॉ गोविन्दजी तिवारी ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक और पदभारग्रहण करनेवाले प्रधानाध्यापक को आशीर्वचन दिया। उन्होंने अपने अमूल्य अनुभव साझा किया और दोनों की सफल जीवन की कामना की। उक्त अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ नवादा जिला इकाई के अध्यक्ष परशुराम सिंह और सचिव शिवकुमार प्रसाद ने भी अपने अनुभवों को साझा करते हुए दोनों को आशीर्वचन दिया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधान लिपिक सुधीर कुमार, शिक्षक राकेश रौशन, विक्रम आनंद, यशपाल गौतम, प्रहलाद शर्मा, वेद ब्यास प्रकाश, सीमा कुमारी, अनामिका जोशी, अल्पना भारती, अरविंद कुमार, मुन्तजिर आलम, मनोज कुमार, फौजिया फरह, आशीष कुमार, जवाहर प्रसाद जवाहर, स्वीटी कुमारी, सुनील कुमार वर्मा, पूनम कुमारी, सरिता कुमारी, पूजा कुमारी, राजेश कुमार, परिचारी राजकुमार रंजन और अशोक कुमार दास इत्यादि उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कैदियों को नशा छोड़ने का संकल्प

**आरा**। अखिल विश्व गायत्री परिवार की इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ आरा ने मंडल कारा आरा में नशा उन्मूलन कार्यक्रम किया। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ पटना से आए अभिषेक पाठक, सचिदानंद कुमार, ब्रजेश कुमार और कृष्णदेव पांडे ने कैदियों को पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों से प्रेरित किया। सभी कैदियों को नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया गया। उन्हें अच्छे रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में गुरुदेव का साहित्य अखंड ज्योति वितरित किया गया। देव स्थापना भी कराई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के प्रद्युम्न कुमार, बालभगवान चौधरी, संटू, प्रभाकर, नितिन और अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। मंडल कारा अध्यक्ष और सहायक अधीक्षक शबनम प्रिया का भी अहम योगदान रहा।

### पत्रकारिता दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**आरा**| हिंदी पत्रकारिता दिवस पर भोजपुर जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन ने कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यक्षता सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. बलिराज ठाकुर ने की। संचालन प्रधानमंत्री डॉ. नंदजी दूबे ने किया। प्रो. ठाकुर ने कहा, हिंदी पत्रकारिता की आत्मा साहित्यिक और सांस्कृतिक रही है। यह जनाकांक्षाओं और जनसंघर्षों से जुड़ी रही है। इसका जन्म स्वतंत्रता संग्राम के साथ हुआ। यह उन पत्रकारों के साहस और समर्पण का इतिहास है, जिन्होंने ब्रिटिश शासन और आर्थिक तंगी के बीच हिंदी को जन-जन की आवाज बनाया। भोजपुरी विभागाध्यक्ष डॉ. दिवाकर पांडेय ने कहा, पंडित युगल किशोर शुक्ल द्वारा प्रकाशित "उदंत मार्तंड" पत्रकारिता के क्षेत्र में बड़ा कदम था। कवि-समीक्षक जितेंद्र कुमार ने हिंदी पत्रकारिता के विकास पर विस्तार से चर्चा की।

### तंबाकू निषेध दिवस पर प्रभातफेरी

**आरा**| अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस पर गायत्री प्रज्ञापीठ रमना मैदान आरा और दिया आरा के संयुक्त तत्वावधान में व्यसनमुक्ति अभियान चलाया गया। शुरुआत सहार प्रखंड के नवादा गांव से हुई। यहां प्रभातफेरी और जनजागरण पदयात्रा निकाली गई। लोगों को घर-घर जाकर नशे और तंबाकू से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी गई। +2 विद्यालय नवादा के छात्रों को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्मित "नशा एक भयंकर शत्रु" नामक चलचित्र दिखाया गया। छात्रों ने नशा न करने और स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प लिया। संध्या समय आरा रेलवे स्टेशन परिसर में व्यसन मुक्ति और कुरीति उन्मूलन दीपयज्ञ हुआ। साथ ही साहित्य स्टॉल भी लगाया गया। सैकड़ों लोगों ने तंबाकू और अन्य नशीली चीजों के दुष्परिणामों को जाना। प्रोजेक्टर से चलचित्र दिखाकर जागरूकता फैलाई गई।

### गड़हनी में किसानों को खरीफ का प्रशिक्षण

**गड़हनी**| ई किसान भवन गड़हनी के सभागार में शनिवार को खरीफ महा अभियान 2025 को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख बिनोद सिंह, डीएओ शत्रुघ्न साहु, कृषि वैज्ञानिक डॉ. सच्चिदानंद सिंह, शशि भूषण कुमार शशि, बीएओ मनोज कुमार चौधरी, डॉ. विकास सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। उन्हें वित्तीय वर्ष 2025 के खरीफ मौसम की योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें समय पर खेती, बीजोपचार, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, बीज ग्राम, श्री विधि, 10 वर्ष से कम और 10 वर्ष से अधिक की धान की खेती, जैविक खेती के महत्व पर विस्तार से बताया गया। कृषि वैज्ञानिक ने धान में लगने वाले रोगों, खरपतवार और उनके बचाव के उपाय बताए। किसानों को कृषि में नवाचार के लिए प्रेरित किया। उद्यान पदाधिकारी व कृषि पदाधिकारी ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। आत्मा योजना के तहत समूह निर्माण, परिभ्रमण, प्रशिक्षण आदि की जानकारी दी गयी।

### 14 केंद्रों पर ली गई बिहार पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

**आरा**। शहर के 14 केंद्र पर बिहार कंबाइंड एंट्रेंस कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन बोर्ड की ओर से आयोजित बिहार पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा (डीसईसीई) - 2025 हुई। परीक्षा में 85 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित हुए। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक संचालित हुआ। परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश करने से पहले परीक्षार्थियों की गहन जांच-पड़ताल की गई। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल और बैग जमा करने के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। एसबी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक खुद परीक्षार्थियों की जांच पड़ताल करते हुए नजर आए। छात्रों की जांच पड़ताल मुख्य गेट पर की जा रही थी। वहीं छात्राओं की जांच पड़ताल के लिए अलग से व्यवस्था की गई थी। वीक्षकों के मोबाइल को भी मुख्य गेट पर जब्त कर लिया गया। सोशल डिस्टेंस का अनुपालन करते हुए परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सभी परीक्षा केंद्र पर ऑब्जर्वर की नियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात किए गए थे। परीक्षा को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए स्टैटिक दंडाधिकारी-सह-प्रेक् षक, जोनल दंडाधिकारी-सह-गश्ति दल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। परीक्षा केंद्र पर जाम की स्थिति नहीं बने इसको लेकर भी विधि व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त किया गया था। परीक्षार्थियों ने बताया कि विज्ञान एवं गणित विषय में आसान प्रश्न पूछे गए थे।

### वीकेएसयू में प्रो. निखिल कुमार का विदाई समारोह

**आरा**| वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. निखिल कुमार की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पीएचडी कोर्सवर्क, स्नातकोत्तर सेमेस्टर 4 और सेमेस्टर 2 के विद्यार्थियों ने प्रो. कुमार के शिक्षण समर्पण और मार्गदर्शन को याद किया। समारोह में प्रो. कृष्णा कांत सिंह ने कहा कि प्रो. कुमार ने 40 वर्षों तक बेदाग सेवा दी। वे पूरे कार्यकाल में एक सच्चे शिक्षक बने रहे। उनके नेतृत्व में अंग्रेजी विभाग ने नई अकादमिक ऊंचाइयों को छुआ। आज यह विभाग विश्वविद्यालय में एक आदर्श के रूप में स्थापित हो चुका है। कार्यक्रम का संचालन शोधछात्र उत्सव राज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आनन्द भूषण पाण्डेय ने दिया। समारोह में डॉ. कीर्ति प्रकाश, प्रो. दिवाकर पाण्डेय, प्रो. मृत्युंजय सिंह, प्रो. धीरेन्द्र सिंह, प्रो. लतिका वर्मा, प्रो. दीपक वर्धन, प्रो. बलराज ठाकुर, डॉ. गौतम कुमार सिंह, डॉ. ट्विंकल केसरी, डॉ. पूर्ति माहौर, वित्त पदाधिकारी शैलेश सिंह थे।

### विपिन बिहारी उपाध्याय को श्रद्धांजलि

**बक्सर**| वरिष्ठ कांग्रेस नेता विपिन बिहारी उपाध्याय को श्रद्धांजलि देने के लिए बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से उनके निवास स्थान पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के डॉ. मनोज पांडेय ने की। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. पांडेय ने कहा कि विपिन बिहारी उपाध्याय कांग्रेस के विचारों एवं कार्यक्रमों से हमेशा जुड़े रहे और हम सभी के लिए मार्गदर्शक की भूमिका में थे। उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके पुत्र रोहित उपाध्याय आज भी कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में कंधे से कंधा मिलाकर सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जो सराहनीय है। डॉ. पांडेय ने भगवान से प्रार्थना की कि रोहित को अपने पिता की अनुपस्थिति को सहन करने की शक्ति मिले।इस मौके पर सोशल मीडिया के अध्यक्ष अभय मिश्रा, त्रिलोकीनाथ मिश्रा, संजय कुमार दुबे उर्फ पप्पू दुबे, संजय कुमार पांडेय, मुन्ना पांडेय, महेंद्र चौबे, जितेंद्र पांडेय, अधिवक्ता बिहारी मिश्रा, उपेंद्र ओझा, चुनमुन उपाध्याय, पप्पू उपाध्याय, दरोगा तिवारी, बबलू मिश्रा और सोमेश्वर सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### अमीर चंद विद्यालय में बना खेल मैदान

**ब्रह्मपुर**| ग्राम पंचायत बगेन मे मनरेगा अंतर्गत अमीर चंद मध्य विद्यालय मे खेल मैदान के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।खेल मैदान के उद्घाटन में पंचायत रोज़गार सेवक अजय कुमार की मुख्य भूमिका रही।वही मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया अजित सिंह ने खेल मैदान को बच्चों को समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सुनील श्रीवास्तव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित कुमार, गुड्डू मिश्रा आदि मौजूद थे।

# बक्सर हत्याकांड, 8 दिन बाद पीड़ित परिवार से मिले सांसद

निज संवाददाता | बक्सर



♦ ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, परिवार ने पूछा- "अब क्यों आए, इतने दिन कहां थे"

बक्सर के अहियापुर थाना क्षेत्र में हुए तिहरे हत्याकांड के आठ दिन बाद स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्हें ग्रामीणों और परिजनों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा, "आप अब क्यों आए? चौसा में राजद नेताओं की भीड़ जुटी थी, लेकिन यहां इतने दिन तक कोई क्यों नहीं आया? क्या हम आपके वोटर नहीं हैं?"


**सांसद सुधाकर सिंह ने दिया सफाईः** इस पर सांसद सुधाकर सिंह ने सफाई दी कि पहले तीन दिनों तक प्रशासन ने उनसे यहां नहीं आने का अनुरोध किया था, ताकि कार्रवाई प्रभावित न हो। इसके बाद वे पांच दिनों के लिए तमिलनाडु और अन्य राज्यों के दौरे पर थे। सोशल मीडिया पर उनकी चुप्पी को लेकर जब सवाल उठे, तो उन्होंने कहा कि संसाधनों की कमी के कारण वे फेसबुक-ट्विटर पर ज्यादा एक्टिव नहीं रह पाते हैं।

**राजद प्रतिनिधिमंडल ने की न्याय का दिया भरोसाः** इस बीच राजद का प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दिनारा विधायक विजय मंडल के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री और नोखा विधायक अनिता देवी, विधान परिषद सदस्य अशोक पांडेय, ब्रह्मपुर विधायक शंभु यादव, पूर्व विधायक विजेंद्र यादव, अदीब रिजवी, बक्सर जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव समेत कई नेता शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। नेताओं ने कहा कि "राजद पीड़ितों के साथ खड़ा है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।"

**अमानवीय घटना, समाज के लिए चेतावनी- सांसदः** सांसद सुधाकर सिंह ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए कहा, "अहियापुर, चौसा और अमीरपुर के डेरा में हुई घटनाएं अमानवीय और समाज को झकझोर देने वाली हैं।" उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हैं और जो भी सहयोग मांगा जाएगा, उसे वह जरूर उपलब्ध कराएंगे।

# भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र में करंट लगने से किसान की मौत

निज संवाददाता | आरा



♦ झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़े, मवेशी को चारा देने गए थे

भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से झुलस गए। अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हंस लाल सिंह(53) के तौर पर हुई है। परिवार के साथ गांव में रहकर खेती करते थे। घटना रत्नाढ़ गांव की है। मृतक के भतीजे धनजीत कुमार वर्मा ने बताया कि दरवाजे के पास ही बिजली का पोल है। चाचा घर के बाहर बंधे मवेशी को चारा देने जा रहे थे। इस दौरान करंट की चपेट में आ गए। झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** मामले की सूचना पर सदर अस्पताल में तैनात पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक चार भाई-बहन में सबसे छोटे थे। परिवार में पत्नी सूर्यमुखी देवी, तीन पुत्र अरविंद कुमार, प्रवीण कुमार, ज्योति प्रकाश और बेटी रबिता कुमारी है। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मारपीट-फायरिंग मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार



♦ भोजपुर में समझौते के दौरान भिड़े थे 2 गुट, भागने के दौरान फायरिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट को लगी थी गोली

निज संवाददाता | आरा

आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मझौवां गांव से पुलिस ने मारपीट और फायरिंग मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचना विशाल कुमार और अतुल सिंह के तौर पर हुई है। घायल मोटर पार्ट्स दुकानदार रवि शंकर सिंह के बयान पर FIR दर्ज की गई है। जिसमें 6 लोगों को आरोपी बनाया गया है। चार अन्य आरोपी विकास सिंह, चंदन सिंह, मुकुल सिंह और आयुष सिंह की तलाश की जा रही है। दूसरे पक्ष से विशाल सिंह ने भी केस किया है। जिसमें रवि शंकर सिंह, सोनू यादव, दुर्गेश तिवारी, गोलू यादव समेत 10 अज्ञात को आरोपी बनाया है। सभी पर मारपीट और तोड़फोड़ करने का आरोप है।

**बैठने को लेकर हुआ था विवादः** घायल रवि शंकर सिंह ने बताया, 'दो दिन पहले उनके दोस्त दुर्गेश बाबा से मझौवां पुल के पास बैठने को लेकर गांव के ही कुछ युवकों झगड़ा हुआ था। उस दौरान उक्त युवकों ने उसके दोस्त दुर्गेश बाबा को मारकर सिर फोड़ दिया गया था। शुक्रवार की रात विवाद के समझौते को लेकर दुर्गेश बाबा के साथ उक्त युवकों के पास गए थे। तभी उनलोगों ने फाइटर से उन्हें और उनके दोस्त सोनू यादव को मारकर जख्मी कर दिया । जब वे लोग भाग रहे थे। तभी फायरिंग कर दी गई। हालांकि वे लोग बाल बाल बच गए। लेकिन फायरिंग के दौरान अपने ऑफिस के ऊपर खड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट आशीष कुमार सिंह को गोली लग गई। जिससे वह भी जख्मी हो गए।'

**पुलिस जांच में जुटीः** वहीं, जख्मी चार्टर्ड अकाउंटेंट आशीष कुमार सिंह के पिता अनिल सिंह ने बताया कि उनका बेटा आशीष कुमार सिंह अपने ऑफिस के ऊपर खड़ा था। तभी उसे गोली लग गई। सूचना पाकर वे लोग घर से वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू जरा स्थित निजी अस्पताल ले आए। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# आर्मी के जवान पर गोलीबारी मामले में एफ आई आर

♦ भोजपुर में लूट के दौरान अपराधियों ने मारी थी गोली, मौके से एक खोखा बरामद

निज संवाददाता | आरा



भोजपुर में शुक्रवार को लूट के दौरान हथियारबंद अपराधियों ने एक आर्मी जवान को गोली मार दी। बुलेट हाथ के आर-पार हो गई। सदर अस्पातल में इलाज चल रहा है। इस मामले में शनिवार को 2 अज्ञात अपराधियों के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। घटना चौरी थाना क्षेत्र के पुरहरा गांव की है। घायल घनश्याम राय(25) की पोस्टिंग अरूणाचल प्रदेश के मनचुका में है। चौरी थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि घटनास्थलस पर जांच के लिए FSL की टीम पहुंची थी। एक खोखा बरामद हुआ है। मामला संदिग्ध लग रहा है। छानबीन की जा रही है।

**इंगेजमेंट के लिए छुट्टी लेकर घर आया थाः** घनश्याम राय ने बताया कि 22 मई को उसकी इंगेजमेंट थी। 19 मई को छुट्टी लेकर गांव आए थे। बड़े ही धूमधाम से इंगेजमेंट हुआ। उसके बाद 2 जून को वापस जाने वाला था। शुक्रवार को बचपन के दोस्त पवन कुमार के माता-पिता की वेडिंग एनिवर्सरी में शामिल होने के लिए गया था। पार्टी खत्म होने के बाद दोस्त रंजीत के साथ बुलेट से गांव जा रहा था। गांव के बाहर दो हथियारबंद अपराधियों ने रोक लिया। पहले चाकू के बल पर लूटने का प्रयास किया। जैसे ही अपराधी ने चाकू से वार करना चाह तो मैंने उसे पकड़ लिया। उसके साथ पटका-पटकी भी हुई। इसी बीच उसके दूसरे साथी ने पिस्टल निकाल कर गोली चलाने की कोशिश की, तो मैंने उसे भी पकड़ लिया। घायल ने आगे बताया, 'अपराधी बार-बार फायरिंग करना चाहते थे। लेकिन मैंने उसके पिस्टल को पकड़ रखा था, कुछ देर के बाद अपराधी ने फायरिंग कर दी और गोली मेरे हाथ में लग गई। गोली लगने के बाद मेरा दोस्त रंजीत ने अपने टीशर्ट को खोलकर हाथ में बांधा और इलाज के लिए सीधे सदर अस्पताल लेकर पहुंचा।'

# 8 जून को भोजपुर आएंगे चिराग पासवान

निज संवाददाता | आरा




भोजपुर में आने वाले 8 जून को लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आएंगे। इनके आगमन की तैयारी तेज हो गई है। जिला के सभी कार्यकर्ता अपने नेता के आगमन को लेकर तैयारी में जुट गए है। 7 जिलों से इस कार्यक्रम में लोग पहुंचेंगे। 8 जून को चिराग पासवान रमना मैदान के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पहुंचेंगे। जहां चिराग पासवान अपने कार्यकर्ताओं के साथ 9 संकल्प संवाद पर चर्चा करेंगे। इसी कार्यक्रम को लेकर लोजपा के नेताओं ने एक समीक्षा बैठक किया। जिसमें जिलाध्यक्ष समेत अन्य नेता शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य मेहमान लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी थे। समीक्षा बैठक के दौरान राजू तिवारी ने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान आरा के ऐतिहासिक रमना मैदान वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में आरा की जनता को संबोधित करेंगे। जिसकी तैयारी को लेकर के यह समीक्षा बैठक की गई है।

**घर-घर जाकर करेंगे आमंत्रितः** पार्टी के नेता ने 9 संकल्प संवाद कार्यक्रम में होने वाले तैयारी को लेकर बताया कि इस बैठक में जिला अध्यक्ष समेत प्रखंड के भी कई नेता शामिल हुए है। बैठक में 226 पंचायत है। नगर है तो हम लोग घर-घर तक कैसे संदेश पहुंचाएं, इस पर चर्चा की जा रही है। हमारे नेता, कार्यकर्ता 8 जून को होने वाले कार्यक्रम को लेकर घर-घर जाकर के आमंत्रित करने का काम सोमवार से शुरू कर देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमें उम्मीद है कि लाखों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इसमें केवल एक ही जिला नहीं लगभग सभी जिला को आमंत्रित करने की तैयारी चल रही है। अरवल, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, कैमूर और औरंगाबाद के तीन विधानसभा के लोग इस 9 संकल्प संवाद कार्यक्रम का हिस्सा होने जा रहे हैं। डैमेज कंट्रोल करने वाले सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि ऐसा कुछ भी नहीं है। हम लोग बहुत स्तर पर सभी कार्यकर्ता को मजबूत कर रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने बताया कि हमारे प्रभारी नेता ने बताया कि 9 संकल्प संवाद कार्यक्रम आरा शहर में होना तय हुआ है। जिसके बाद से ही हम और हमारे सभी नेता इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। बैठक में ही हम सभी कार्यकर्ता और नेता लोगों से बैठकर बात करेंगे और कार्यक्रम को किस तरीके से सफल बनाना है। उसे पर चर्चा की जा रही है। मुझे उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोग शामिल होंगे।

# गरीबी हटाने को शिक्षा जरूरी



निज संवाददाता | बक्सर

युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए सिमरी प्रखंड के गंगौली, नियाजीपुर, बहियार समेत आधा दर्जन गांवों में पहुंच गरीबों के बीच पंखा का वितरण किया। युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा की गरीबी मिटाने हेतु हम सतत प्रयत्नशील हैं। गरीबी उन्मूलन हेतु साक्षर नहीं शिक्षित होना होगा। हमारी प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान हैं। गरीबी से निकले लालू प्रसाद यादव ने बिहार में गरीबों को मिटाने हेतु कुचक्र रचा। बिहार कभी लालू प्रसाद यादव को माफ नहीं करेगा। हम सालोंभर समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने हेतु संघर्ष करते रहते हैं। बिहार को विश्व के मानचित्र पर पुनः स्थापित करने की जिम्मेवारी हम युवाओं की है और उसके लिए हमें आगे आना होगा। पूरे बिहार का दौरा कर हम युवाओं को संगठित करेंगे। मौके पर राजीव राय अप्पू, अरुण ठाकुर, सत्येंद्र सिंह अप्पू, राजेंद्र कुशवाहा, अजय पासवान, अभिराम त्रिपाठी, निखिल पांडेय, शिवपाल यादव, अजय ओझा, पप्पू यादव, बैजू राय, आदित्य चौबे मौजूद थे।

## नशा से दूर रहने को किया गया जागरूक




निज संवाददाता | बक्सर

विश्व तंबाकू दिवस के अवसर पर जिले में 15 दिवसीय जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सदर अस्पताल के ओपीडी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरुकता बढ़ाना और लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना था। साइकोलोजिस्ट डॉ. कृति पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर तंबाकू सेवन के कारण होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में बताया गया और लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए आवश्यक सलाह दी।

# सेवानिवृत्ति अंत नहीं, जीवन का दूसरा अध्याय

निज संवाददाता | बक्सर



जिला अदालत में शुक्रवार को न्यायालय के कर्मचारी मैनेजर प्रसाद वर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह ने कहा कि किसी सरकारी कर्मी की सेवानिवृत्ति, जीवन का अंत नहीं बल्कि उसके दूसरे अध्याय की शुरुआत होती है। सेवानिवृत्ति के बाद व्यक्ति समाज और परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को नए ढंग से निभाने का अवसर पाता है। जिला जज ने कहा कि श्री वर्मा ने न्यायालय में लंबे समय तक सेवा की है और उनके द्वारा किए गए कार्य अनुकरणीय हैं। उन्होंने बताया कि वर्मा को उनके सभी सेवांत लाभों के भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया जा चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार ने कहा कि श्री वर्मा ने 38 वर्षों की न्यायिक सेवा में कर्तव्यपरायणता, ईमानदारी और अनुशासन का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ कर्मचारी संस्थान की रीढ़ होते हैं और उनकी सेवाएं अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणा होती हैं। अच्छे सहयोगी की कमी खलेगी मुंसिफ नेहा त्रिपाठी ने कहा कि श्री वर्मा एक अनुशासित, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति से न्यायिक परिवार को एक मुस्कुराता चेहरा और सुलझे हुए सहयोगी की कमी हमेशा खलेगी। वहीं नाजिर संतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि श्री वर्मा ने न्यायालय की मर्यादा को बनाए रखते हुए काम किया और अधीनस्थ कर्मचारियों को हमेशा सम्मान दिया। यह उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता रही है। विदाई समारोह के दौरान अदालत के कई न्यायिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने वर्मा के साथ अपने अनुभव साझा किए। कई सहयोगियों ने भावुक होते हुए उन्हें एक आदर्श कर्मचारी बताया और उनके साथ बिताए गए पलों को याद किया। समारोह में न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारीगण राजीव कुमार श्रीवास्तव, मृत्युंजय, सुनील कुमार चक्रवर्ती, धनंजय तिवारी, दीपक कुमार गुप्ता, नायब नाजिर कृष्णा नंद जायसवाल, देवाकांत पासवान, अरशद यूसुफ, आशीष रंजन, ननंजय कुमार, शैलेश ओझा, श्रवण कुमार, श्रेय कुमार, अमिताभ कुमार श्रीवास्तव, अनीश खान, रोहित चक्रवर्ती, फिरोज खान और केदार पांडेय उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महर्षि पतंजलि को समर्पित संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का भव्य उद्घाटन

**पटना**। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में "योग के जनक महर्षि पतंजलि स्मृति संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर" का शुभारंभ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर का उद्घाटन डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने किया, जो आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव हैं। "महर्षि पतंजलि केवल योगशास्त्र के प्रवर्तक नहीं थे, बल्कि उन्होंने आयुर्वेद और संस्कृत व्याकरण के क्षेत्र में भी अमूल्य योगदान दिया। उनके द्वारा रचित 'योगसूत्र' आज भी विश्वभर में योगाभ्यासियों के लिए पथप्रदर्शक माने जाते हैं। उनकी रचनाएं समय से परे जाकर आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी उस युग में थीं।" समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ. उग्रनारायण झा, अधिवक्ता, पटना उच्च न्यायालय, ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में महर्षि पतंजलि के जीवन आदर्शों और ज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके सिद्धांत आज की पीढ़ी को वैचारिक मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने संस्कृत व्याकरण को भारतीय बौद्धिक परंपरा की रीढ़ बताया। इस अवसर पर सुश्री सुजाता घोष, संस्कृत शोधार्थी, असम यूनिवर्सिटी, सिलचर, ने शिविर के आयोजकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महर्षि पतंजलि के योगदान को जानना और समझना आज के समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संस्कृत न केवल भाषा है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है। शिविर में भाग ले रहे प्रमुख प्रतिभागी — ज्ञानी शारदेय, अमृता, और मीणा आर्या — ने संस्कृत व्याकरण की महत्ता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि महर्षि पतंजलि द्वारा रचित "महाभाष्य" आज भी विद्वानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि यह ग्रंथ न केवल भाषा-विज्ञान का आधार स्तंभ है, बल्कि तर्कशास्त्र, दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का भी परिचायक है। बढ़ियां बात यह रही कि इस शिविर के माध्यम से न केवल संस्कृत भाषा और योग के गहरे संबंध को रेखांकित किया गया, बल्कि महर्षि पतंजलि के बहुआयामी योगदान को युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास भी हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में संस्कृत प्रेमी, विद्वान, छात्र और आम नागरिकों की भागीदारी ने इसे एक सार्थक और प्रेरणास्पद आयोजन बना दिया। पटना में आयोजित यह शिविर आने वाले दिनों में संस्कृत व्याकरण और योग के समन्वय की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ता प्रतीत हो रहा है।

### सेफ्टी टैंक में जहरीली गैस ने ली जान

**मुंगेर**। मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बिजयनगर गांव में शनिवार को एक सेफ्टी टैंक की सेंटरिंग खोलने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से 5 मजदूर बेहोश हो गए। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना अनिल मंडल के घर में नवनिर्मित सेफ्टी टैंक की सेंटरिंग खोलने के दौरान हुई। मजदूर एक-एक करके टैंक में उतरे और बेहोश होने लगे। वहीं ग्रामीणों की माने तो अनिल मंडल के घर में बने शौचालय की सेफ्टी टैंक दो महीना पहले बना था। स्थानीय लोगों ने रस्सी के सहारे एक मजदूर को बाहर निकाला। शेष चार को निकालने के लिए टैंक की दीवार तोड़नी पड़ी।

**तीन मजदूरों का इलाज जारीः** मृतक की पहचान राजेश मंडल (26) के रूप में हुई है, जो छंगुरी मंडल का पुत्र था। घायल मजदूरों में सौरव कुमार (26), सुदय मंडल (45), शशि कुमार (35) और कैलास मंडल (40) शामिल हैं। सभी बिजयनगर गांव के निवासी हैं। घायलों को पहले बरियारपुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को मुंगेर सदर अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टर हेमंत कुमार ने राजेश मंडल को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन मजदूरों का इलाज जारी है। सदर अस्पताल ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करा रही है। घटना से परिजनों में शोक की लहर है।

### जमीन विवाद में हथियारबंद अपराधियों ने दी धमकी

**मुंगेर**। मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र में जमीन विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। संदलपुर झाझा टोला में शुक्रवार की देर शाम जमीन की प्लॉटिंग को लेकर विवाद हुआ। प्लॉटर अमन कुमार ने बताया कि बिंदवाड़ा के महादेव और राणा ने अन्य अपराधियों के साथ बाइक से आकर धमकी दी। उन्होंने प्रति कट्ठा एक लाख रुपए की रंगदारी मांगी। अमन ने जब बताया कि उन्होंने मो. चांद के साथ जज से एग्रीमेंट कराया है, तो आरोपी हथियार लेकर उनके घर पहुंच गए। अमन कुमार ने बताया कि उन्होंने जज से दो बीघा जमीन का एग्रीमेंट किया है। आरोपी उनकी हत्या की साजिश रच रहे हैं। वे उनका फोटो भी वायरल कर रहे हैं। अमन ने पुलिस से सुरक्षा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

**आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाईः** कासिम बाजार थानाध्यक्ष रूबीकांत कच्छप ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम भेजी गई। एसआई चंदन कुमार और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी हथियारबंद अपराधी फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एनएच-31 पर गाड़ी ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**भागलपुर**। भागलपुर के नवगछिया में एनएच-31 पर आज सुबह एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। गोपी ढाबा के पास एक्सीडेंट हुआ। इसमें हरनाथचक निवासी फुल्कित सिंह की पत्नी पूनम देवी (40) की जान चली गई है। पूनम देवी सुबह के समय पैदल जा रही थीं। इसी दौरान एचपी गैस से भरी एक लोरी ने उन्हें कुचल दिया। दुर्घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। उन्होंने गुस्से में सड़क को जाम कर दिया।

**एनएच-31 को लोगों ने किया जामः** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। नवगछिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ घंटों के लिए एनएच-31 को जाम कर दिया। रंगरा और गोपालपुर थाना अध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों और परिजनों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। मृतका के पति ने बताया कि उनकी पत्नी जरूरी सामान लेने घर से निकली थीं। स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

### भागलपुर में ट्यूशन जा रही छात्रा की मौत

**भागलपुर**। भागलपुर के हबीबपुर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में छात्रा की जान चली गई। हादसा दाऊदवाट इलाके में केटीएम शोरूम के पास सुबह 5:30 बजे हुई। सरदारपुर निवासी प्रभास यादव की बेटी करिश्मा कुमारी (16) ट्यूशन जाते समय तेज रफ्तार टेंपो की चपेट में आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टेंपो चालक ने नियंत्रण खो दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। ग्रामीण संजीत कुमार ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि पुलिस जनता की सुरक्षा की बजाय उगाही और बालू ट्रकों से वसूली में व्यस्त रहती है। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग की। एक अन्य ग्रामीण राजकुमार ने बताया कि हबीबपुर पुलिस की गश्ती गाड़ी रोज सुबह आती है। लेकिन हादसे के समय न गश्ती थी और न ही पुलिस समय पर पहुंची। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया।

**गुस्साए लोगों ने किया सड़क जामः** आक्रोशित ग्रामीणों ने भागलपुर-अमरपुर मुख्य रास्ता पर टायर जलाकर जाम लगा दिया। कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। हबीबपुर थाना पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार राउत ने बताया कि दुर्घटना में शामिल टेंपो को जब्त कर लिया गया है। चालक फरार है। वाहन मालिक की पहचान की जा रही है और जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का गुस्सा अभी भी पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। वे इस हादसे को प्रशासन की गंभीर लापरवाही मानते हैं और मांग कर रहे हैं कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और मृतका के परिवार को न्याय व मुआवजा मिले।

# भागलपुर में सड़क हादसे में इंटर के छात्र की मौत, दोस्त जख्मी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर सड़क हादसे में एक किशोर की मौत हो गई। दूसरा लड़का घायल हो गया है। मृतक की पहचान 16 साल के शहीदुर रहमान के रूप में हुई है। वह पिथना गांव निवासी मुजीबुर रहमान और रुहाना खातून का बेटा था। घटना गोराडीह थाना क्षेत्र में पिथना गांव के पास की है। घायल युवक मोहम्मद आमिर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों युवक सुल्तानगंज के वाटर पार्क में नहाने जा रहे थे। शहीदुर पटना में रहकर 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। वह एक प्रतिभाशाली क्रिकेटर था और अलग-अलग टूर्नामेंट्स में भाग लेता था। ईद-उल-अजहा की छुट्टियों में वह अपने गांव आया हुआ था। रविवार को वह अपने दोस्त आमिर के साथ वाटर पार्क जा रहा था। घटनास्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी रिजवान ने बताया कि ट्रक बहुत तेज रफ्तार में आ रही थी, और सामने से आ रही मोटरसाइकिल भी तेज गति में थी। ट्रक ने साइड देने की कोशिश की, लेकिन बाइक असंतुलित होकर सड़क



किनारे गड्ढे में जा गिरी।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** बाइक गिरते ही शहीदुर के सिर में गंभीर चोट लगी, और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आमिर को भी सिर, पीठ और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस और एम्बुलेंस की टीम ने शव को कब्जे में लिया है। घटना की सूचना मिलते ही गोराडीह थाना की पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम

♦ भागलपुर में बाइक से वाटर पार्क जा रहे थे दोनों, ट्रक ने मारी टक्कर

के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (JLNMCH) भेजा।

**घायल अस्पताल में भर्तीः** गंभीर रूप से घायल आमिर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि शहीदुर के सिर में गहरी चोट लगी थी और पूरा शरीर सूझ चुका था, जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आमिर की हालत अभी भी चिंताजनक है और उसे विशेष निगरानी में रखा गया है। शहीदुर की मौत की खबर जैसे ही गांव और आसपास के इलाके में फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और दोस्तों ने बताया कि वह न सिर्फ पढ़ाई में अच्छा था, बल्कि खेलों में भी आगे रहता था।

## भागलपुर में चाचा पर जानलेवा हमला



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नगवछिया में जमीन विवाद में 2 भतीजों ने चाचा पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। हाथ की अंगुली टूट गई। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना श्रीपुर गांव के वार्ड नंबर-2 हजरपुर टोला की है। घायल मनोज सिंह(44) ने बताया कि लंबे समय से बड़े भाई से जमीन का विवाद चल रहा है। भैया काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। भतीजा नीतीश कुमार और निकेश कुमार गांव में रहता है। रविवार को पेड़ काटने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों भतीजे ने हसिया और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मेरा सिर फट गया। बुरी तरह से मारा है। आनन-फानन में परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने मायागंज रेफर कर दिया।

**जांच में जुटी पुलिसः** ग्रामीणों की सूचना पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली। अभी तक थाने में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस अपने स्तर से छानबीन में जुटी गई है।

## भागलपुर में 2 गुट भिड़े, जमकर चले लाठी-डंडे

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के मधुसूदनपुर इलाके में आपसी विवाद में 2 गुट आपस में भिड़ गए। जमकर दोनों ओर से लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्ष से 4 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना भतोड़िया गांव की है।

**दूध गिरने को लेकर हुआ था विवादः** एक पक्ष के जयनंदन यादव ने बताया कि सुबह के समय मवेशियों को लेकर जा रहा था। मवेशियों की टक्कर से सुबोध यादव का दूध गिर गया। इसी बात से नाराज होकर गाली-गलौज करने लगे। सुबोध और रिंकू बेटे ने लाठी से हमला कर दिया। इतना ही नहीं मेरे बेटे शरद को भी मारा। शरद के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद परिजन घायलों को नाथनगर रेफरल अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद



♦ दूध गिरने पर हुआ था विवाद, दोनों पक्ष से 4 लोग घायल

डॉक्टरों ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। अभी तक किसी भी पक्ष ने थाने में आवेदन नहीं दिया।

# भागलपुर में सड़क हादसे में बेटी की मौत, पिता की हालत गंभीर

♦ बाइक सवार पिता-पुत्री को ट्रेलर ने रौंदा, रिश्तेदार के घर से लौट रहे थे

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल बाइक सवार युवक को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रेलर को पकड़ लिया, जबकि ड्राइवर अपने सहयोगी के साथ भागने में कामयाब हो गया। मृत बच्ची की पहचान 10 साल की मोना कुमारी, जबकि उसके पिता की पहचान 42 साल के रामशरण यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार रामशरण अपनी बेटी के



साथ खगड़िया से नवगछिया की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान नारायणपुर थाना क्षेत्र के बलहा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने सामने से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक ने बाप-बेटी को रौंद दिया।

**20 मीटर दूर तक घसीटती चली गई बाइकः** बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद बाइक ट्रेलर के आगे फंस गई थी और करीब 20 मीटर तक घसीटती चली गई। इस दौरान ट्रेलर के एक पहिए से बच्ची बुरी तरह कुचल गई, जबकि उसके पिता के सिर, हाथ, पैर, चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। बाइक के ट्रेलर के आगे फंसने के बाद ट्रेलर चला रहे ड्राइवर ने गाड़ी रोकी और मौके से फरार हो गया। उधर, हादसे के बाद स्थानीय लोग मौक पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल रामशरण यादव को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया, जहां से उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने सड़क पर मृत बच्ची की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रेलर को जब्त कर उसके ड्राइवर की तलाश में जुट गई। उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और मायागंज अस्पताल ले जाने के दौरान रामशरण यादव बार-बार अपनी बच्ची को याद कर रहे थे और उसका नाम पुकारते हुए पूछ रहे थे कि मेरी बेटी कहां है। बताया जा रहा है कि रामशरण यादव और उनकी बेटी किसी रिश्तेदार के घर गए थे। वहां से लौटने के दौरान उनकी बाइक हादसे की शिकार हो गई। हादसे की सूचना के बाद मृतक के परिजन मायागंज अस्पताल पहुंचे और आरोपी ड्राइवर की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग की।

# लड़ते-लड़ते बाउंड्री से गिरे रिटायर्ड रेलकर्मी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में रिटायर्ड रेलकर्मी की बाउंड्री वॉल से गिरकर मौत हो गई। महज 3 फीट की दीवार से गिरने के बाद वो दोबारा नहीं उठे। मृतक की पहचान रसिक लाल मंडल (71) के रूप में हुई है। घटना बरियारपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल रसिक मंडल की गांव के युवक विजय कुमारी सहनी से लड़ाई हुई, जिसके बाद दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान दोनों दीवार से नीचे गिरे और रसिक मंडल की मौत हो गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि रसिक लाल और विजय में बहस होती है। फिर विजय रसिक लाल के गले में हाथ डालता है, धक्का देकर रसिक लाल उसका गला पकड़ लेते हैं। दोनों में धक्का-मुक्की होती है। इस बीच रसिक लाल विजय को मारते दिख रहे हैं। तभी कुछ लोग बीच-बचाव के लिए आते हैं। इस दौरान एक बार विजय सहनी गिरता है, फिर उठता है। फिर रसिक लाल विजय की गर्दन पकड़कर उसे बाउंड्री से नीचे गिराने की कोशिश करते हैं, इस दौरान दोनों गिर जाते हैं। रसिक लाल की मौत हो जाती है। परिवार ने युवक पर गला दबाकर मारने का आरोप लगाया है।



**गर्दन की हड्डी टूटने से मौत की आशंकाः** सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि रसिक लाल सिर के बल गिरते हैं, जबकि विजय पेट के बल। इसके बाद विजय सहनी तो उठकर खड़ा हो जाता है, लेकिन रसिक लाल नहीं उठ पाते हैं। कुछ लोग उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारते हैं, लेकिन वो बेसुध पड़े नजर आ रहे हैं। परिजन जब उन्हें डॉक्टर के पास लेकर गए तो उन्हें मृत घोषित किया गया। चिकित्सक का मानना है कि रसिक लाल की गले की हड्डी टूटने से मौत हो सकती है। हालांकि इसका खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही आएगी।

**बेटा बोला- गला दबाकर हत्या की गईः** मृतक के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि उनके पिता घर की बाउंड्री पर कुछ लोगों के साथ बैठे थे। इसी दौरान गांव के विजय कुमार सहनी ने बाउंड्री

♦ मुंगेर में 3 फीट ऊंची दीवार से गिरने पर गई जान, परिजन बोले- गला दबाकर हत्या की

के सामने बांस के बाड़े को तोड़ना शुरू कर दिया। लोगों के मना करने पर वह उनसे उलझ गया। विवाद के दौरान आरोपी ने रसिक लाल से मारपीट की। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने उनका गला दबाकर बाउंड्री से फेंक दिया। मृतक की चार बेटियां और एक बेटा है।

**एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ जारीः** बरियारपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मुंगेर सदर अस्पताल भेज दिया है। थानाध्यक्ष वीरभद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि युवक और वृद्ध लड़ते-लड़ते चार दीवारी के नीचे आ गए। जिसके बाद वृद्ध कुछ भी बोलना बंद कर दिया गया। इसके बाद उसे पानी देकर होस में लाने की कोशिश की गई, लेकिन वे कुछ भी नहीं बोल रहे हैं।

## उर्दू स्कूल में टीचर और लोगों के बीच मारपीट

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के बरारी में उर्दू प्राइमरी स्कूल में रविवार को शिक्षकों और स्थानीय लोगों में मारपीट हुई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दो पक्ष आपस में भिड़ते दिख रहे हैं। दरअसल, रविवार को गर्मियों की छुट्टी से पहले का आखिरी दिन था। इसी दौरान स्कूल में कुछ लोग पहुंचे और टीचरों के साथ मारपीट कर दी। कहा जा रहा है कि स्कूल के प्रभारी प्रिंसिपल पर कुछ छात्रों ने गाली देने, मारपीट करने और धर्म सूचक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगाया था। छात्रों का कहना है कि प्रभारी प्राचार्य जय नंदन चौधरी बिना कारण उन्हें डांटते और मारते हैं। एक छात्र और अन्य छात्राओं ने बताया कि प्राचार्य अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। वहीं, प्रभारी प्राचार्य जय नंदन चौधरी ने सभी आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि वे 25 साल से पढ़ा रहे हैं, कभी किसी ने इस तरह का आरोप नहीं लगाया है। कुछ बच्चे ऐसे हैं, जो अभिभावकों के बहकावे में आकर ऐसे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रविवार को कुछ बाहरी लोग अचानक स्कूल पहुंच गए और इसी मामले को लेकर बदसलूकी करने लगे। इसी दौरान मारपीट की नौबत आ गई। उन्होंने कहा कि दो बाहरी लोगों को चोट आई हैं। जिन्हें चोट आई है, उनके बच्चे इस स्कूल में भी पढ़ाई नहीं करते हैं। हालांकि किसी भी पक्ष की ओर से मारपीट की सूचना स्थानीय बरारी थाना को नहीं दी गई है।

**प्रभारी प्राचार्य पर आरोप लगाते हुए बच्चों ने क्या कहाः** एक छात्रा ने कहा, "जब हम लोग क्लास से बाहर जाते हैं या शौचालय जाते हैं, तो प्रभारी प्राचार्य हमें गंदी-गंदी गालियां देते हैं। बिना किसी गलती के हमें डांटा और मारा जाता है। कई बार हम कुछ नहीं करते, फिर भी वो हमें अपमानित करते हैं। हम डर के मारे अपनी बात भी नहीं कह पाते।" एक छात्रा ने कहा, "हमें शौचालय तक नहीं जाने दिया जाता। जब हम बाहर जाने की अनुमति मांगते हैं, तो प्रभारी प्राचार्य भद्दी और भक्ति-भरी टिप्पणियां करते हैं। हम एक बार शिक्षिका से पूछ कर बाहर गए थे, लेकिन लौटने पर हमें छड़ी से मारा गया। उन्होंने हमारे धर्म को लेकर भी टिप्पणी की।"

**सहायक शिक्षिका ने भी**



**प्रभारी प्राचार्य पर लगाए आरोपः** स्कूल की सहायक शिक्षिका बिस्मिल्लाह खातून ने भी प्रभारी प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जय नंदन चौधरी बच्चों के साथ अनुचित व्यवहार करते हैं और अकसर उन्हें पीटते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों में डर का माहौल है और पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिक्षिका बीवी नाजिया ने कहा कि मैं खुद इस विद्यालय में पढ़ा रही हूं। मैं ये बात स्पष्ट कहना चाहती हूं कि प्रभारी प्राचार्य बच्चों के साथ बहुत ही गलत व्यवहार करते हैं। रोज़ बच्चों को पीटना, गंदी भाषा का इस्तेमाल करना उनकी आदत बन गई है। हम शिक्षकों ने कई बार उन्हें समझाया, मना किया – लेकिन वो नहीं मानते। ये बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए बहुत ही ख़तरनाक है।"

**प्रभारी प्राचार्य जय नंदन चौधरी बोले- सभी आरोप बेबुनियाद हैंः** जय नंदन चौधरी ने कहा कि मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वो पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मैं पिछले 25 साल से इस विद्यालय में सेवा दे रहा हूं और मेरी छवि एक साफ-सुथरे शिक्षक की रही है। मैं खुद बीमार हूं, मुझे पैरालिसिस हो चुका है, इसके बावजूद मैं विद्यालय को समन्वय के साथ चला रहा हूं। आप आसपास के लोगों से पूछ सकते हैं, मैं किसी से मारपीट नहीं कर सकता। ये सब मेरे खिलाफ रचा गया षड्यंत्र है।"

**जिला शिक्षा पदाधिकारी बोले- जांच के लिए टीम का गठन होगाः** इस पूरी घटना को लेकर जब जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO), भागलपुर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी मीडिया के माध्यम से ही मिल रही है। उन्होंने कहा, "मैं इस मामले की गहन जांच के लिए एक टीम गठित करूंगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल परिसर में बाहरी लोगों की घुसपैठ को गंभीरता से लिया जाएगा और कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होगी।"

## शराब तस्करी के मामले में फरार तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नवगछिया में फरार शराब तस्कर को भवानीपुर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कुशहा गांव निवासी परमजीत कुमार उर्फ प्रेमजीत साह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भवानीपुर थाना कांड संख्या 84/25 के तहत शराब की अवैध खरीद-बिक्री और तस्करी करने का मामला दर्ज किया गया था। वह काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और चोरी-छिपे अवैध शराब के धंधे में संलिप्त था। भवानीपुर थाना प्रभारी एसआई शिव कुमार राम ने जानकारी कहा कि आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि परमजीत भोजूटोल गांव में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही टीम गठित कर तत्काल छापेमारी की गई, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

**शराब के खिलाफ**



**अभियान लगातार जारी रहेगाः** गिरफ्तारी के बाद आवश्यक पूछताछ पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद कई क्षेत्रों में चोरी-छिपे शराब की तस्करी और बिक्री की घटनाएं सामने आती रहती हैं। प्रशासन इन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है, लेकिन कई मामलों में स्थानीय लोगों की मिलीभगत से यह धंधा जारी रहता है। पुलिस अब ऐसे मामलों में मुखबिर तंत्र को मजबूत कर कार्रवाई तेज कर रही है।

## भागलपुर में अपराधियों ने किसान को गोली मारी

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के पीरपैंती थाना क्षेत्र में जमीन विवाद में अपराधियों ने किसान को गोली मार दी। पेट और जांघ में गोली लगी है। आनन-फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टरों ने मायागंज रेफर कर दिया। बुलेट अभी शरीर में फंसी हुई है। डॉक्टरों के मुताबिक ऑपरेशन करके गोली निकाला जाएगा। घायल की पहचान किशोरी पासवान(37) के तौर पर हुई है। चाचा मोहन पासवान पर गोली मारने का आरोप लगा है। घायल के भाई सुबोध पासवान ने बताया कि चाचा से कई साल से जमीन का विवाद चल रहा है। विवादित जमीन का पेपर मेरे पास है। कानूनी तौर पर मालिकाना हक भी हासिल कर लिया है। इसके बाद दुश्मनी खत्म नहीं हो रहा है। इसी विवाद में भाई की जान लेने की कोशिश की गई है। भाई शनिवार देर रात बगीचे की रखवाली करने गया था। सुबह 4 बजे के करीब हथियारबंद अपराधियों ने गोली



♦ शरीर में फंसी बुलेट, मायागंज रेफर, चाचा से चल रहा था जमीन विवाद

मार दी। मेरा भाई काफी देर तक तड़पता रहा।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** वहीं, पीरपैंती थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। मौखिक रूप से घटना की जानकारी मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अपने स्तर से जांच में जुट गई है। जल्द ही दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# तम्बाकू जागरूकता हेतु डीसी ने जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



निज संवाददाता | दुमका

दुमका जिला प्रशासन द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर तम्बाकू और नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। शनिवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो दुमका शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर तम्बाकू और नशे से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य संकटों के प्रति लोगों को सतर्क करेगा। इस अवसर पर उपायुक्त ने तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों और सामाजिक क्षति की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि तम्बाकू का सेवन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज में बीमारी, गरीबी और अशिक्षा की जड़ भी बनता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि तम्बाकू सेवन और नशे की लत से बचाव के लिए सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है और इस दिशा में प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालयों में तम्बाकू निषेध जागरूकता को लेकर निबंध लेखन, चित्र लेखन और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए, ताकि बच्चों में बचपन से ही नशा और तम्बाकू से दूर रहने की चेतना विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस विषय पर रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, जिससे वे न केवल खुद जागरूक बनें, बल्कि समाज में भी बदलाव के वाहक बन सकें। जागरूकता रथ के माध्यम से दुमका के नागरिकों को तम्बाकू से संबंधित बीमारियों, जैसे कि कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की समस्याएं तथा अन्य घातक रोगों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही, यह रथ ऑडियो-विजुअल माध्यमों से तम्बाकू और नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने का कार्य करेगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। रैली में डॉ. विजय हांसदा, जो जिले के कुष्ठ निवारण कार्यक्रम के साथ-साथ एनटीसीपी (नेशनल टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम) के नोडल पदाधिकारी हैं, उनकी उपस्थिति उल्लेखनीय रही। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राकेश आनंद, शैलेश सिन्हा, आरकेएसके कॉर्डिनेटर मृत्युंजय शांडिल्य, रीजनल कॉर्डिनेटर बिजय मरांडी, जिला परामर्शी ज्योति, एनटीसीपी से जुड़े सोशल वर्कर नागेंद्र तिवारी और निकेश कुमार भी इस कार्यक्रम में शामिल रहे और जन-जागरूकता फैलाने के लिए सहयोग प्रदान किया।

## विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर निवर्तमान डीसी आंजनेयुलु दोड्डे को दी गई भावभीनी विदाई

निज संवाददाता | दुमका

समाहरणालय सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर शनिवार को निवर्तमान उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे को भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर नव पदस्थापित उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने निवर्तमान उपायुक्त के प्रति अभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में उन्हें जो सहयोग मिला है उसे हमेशा याद रखेगें। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा किए गए कार्यो को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। कहा कि आपने दुमका जिला में पूरे सेवा भाव से कार्य किया है। इसके लिए हम सभी आपको जीवन भर याद रखेंगे। मौके पर निवर्तमान उपायुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में दुमका जिले में जितने भी कार्य संभव हो पाए हैं इसमें जिले के अधिकारी से लेकर अनुसेवक तक का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उनकी वजह से ही कोई भी काम मुझे आसान लगने लगता था। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जिले के समाजिक सौहार्द को बनाए रखने की जिम्मेवारी आप सबों की है। यह एक भावुक क्षण है। लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था के तहत नई जिम्मेदारी निभाना आवश्यक है। मौके पर जिले के उपायुक्त, आइटीडीए निदेशक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिले के सभी वरीय अधिकारी, कर्मी इत्यादि उपस्थित थे।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरुकता रथ को डीडीसी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता रथ को उपविकास आयुक्त स्मिता टोप्पो ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ तंबाकू और नशा से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों को लेकर आमजन में जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। इस अवसर पर डीडीसी ने तंबाकू की समस्या को समाज के लिए अत्यंत घातक बताते हुए युवाओं से विशेष रूप से इस लड़ाई में आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का थीम "तंबाकू दिखावे का दम, इरादों में जहर, आकर्षण के पीछे का खतरनाक सच" एक अत्यंत प्रासंगिक और चेतावनी देने वाला संदेश है, जिसे समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना जरूरी है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी है जिसे हर नागरिक को निभाना चाहिए। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन के कारण हर वर्ष लाखों लोगों की असमय मृत्यु हो जाती है और यह केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कोटपा-2003 एवं प्रोहिबिशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट्स एक्ट 2019 जैसे कानूनों का प्रभावी पालन कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और यह सुनिश्चित करने की बात कही कि इन कानूनों की जानकारी और पालन दोनों जनमानस तक पहुंचें। जागरूकता रथ में तंबाकू और नशे के दुष्परिणामों से संबंधित ऑडियो संदेश, स्लोगन, पोस्टर और दृश्य प्रचार सामग्री को शामिल किया गया है, जो विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों को शिक्षित करने में सहायक होंगी। यह रथ न केवल जागरूकता फैलाएगा, बल्कि यह भी बताएगा कि नशा छोड़ने के लिए क्या-क्या संसाधन उपलब्ध हैं और लोग उनसे कैसे जुड़ सकते हैं। डीडीसी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनें। इस मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन डॉ. अनंत कुमार झा ने कहा कि तंबाकू का सेवन न केवल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को जन्म देता है, बल्कि यह व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक और मानसिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से न केवल स्वयं तंबाकू से दूर रहने की अपील की, बल्कि अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय परिसर में उपस्थित वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को तंबाकू का बहिष्कार करने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य समिति के विभिन्न पदाधिकारी जैसे डीपीएम रवि रंजन, जिला लेखा प्रबंधक राजकिशोर पोद्दार, शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर, प्रोग्राम असिस्टेंट अनुराग भारती, लॉजिस्टिक कंसल्टेंट शंभु गोस्वामी समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बसंतराय में पुलिस ने कसा शिकंजा, अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, खनन माफियाओं में हड़कंप

निज संवाददाता | बसंतराय (गोड्डा)



अवैध खनन पर लगाम लगाने की दिशा में बसंतराय पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए क्षेत्र में संचालित अवैध बालू कारोबारियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने शुक्रवार देर रात लोचनी बहियार इलाके में छापेमारी कर एक बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया। जब्त वाहन को पुलिस थाना ले आई है और इस संबंध में खनन पदाधिकारी को विधिसम्मत कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, छापेमारी की यह कार्रवाई रात करीब तीन बजे की गई, जब अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर सक्रियता दिखाते हुए ट्रैक्टर को रोका और जब्त कर लिया।

फिलहाल वाहन मालिक और चालक की पहचान सुनिश्चित की जा रही है, साथ ही खनन विभाग की ओर से नियमानुसार जुर्माना व प्राथमिकी की प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी। थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार नहीं पनपने दिया जाएगा। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और इस तरह के अवैध धंधों में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि बसंतराय थाना क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बालू खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिससे पर्यावरणीय क्षति के साथ-साथ राजस्व की भी बड़ी हानि हो रही थी। ग्रामीणों द्वारा भी कई बार इस अवैध धंधे के खिलाफ आवाज उठाई गई थी। पुलिस की इस ताजा कार्रवाई से अवैध खनन से जुड़े माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## विश्व ब्राह्मण दिवस पर गोष्ठी आयोजित

गोड्डा (नि.सं.)। अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण दिवस पर रविवार को बसंतराय प्रखंड के महेशपुर गांव स्थित नवनिर्मित काली मंदिर परिसर में सेवा निवृत्त सम्मानित शिक्षक दिलीप कुमार झा की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्तमान सामाजिक व राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में समाज की एकजुटता का संकल्प लिया गया। मौके पर वरिष्ठ भजन गायक सुनील कुमार झा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि ब्रह्मण का अतीत स्वर्णिम रहा है। ब्राह्मण धर्म की रक्षार्थ सदा कल्याणकारी कदम उठाते रहे हैं। दधीची, चाणक्य, भगवान परशुराम, विद्यापति जैसे अनेक ब्राह्मण मनीषियों ने भारत को गौरवान्वित करने का काम किया है। बावजूद वर्तमान सामाजिक व राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में जहां वोट की राजनीति में ब्राह्मणों को हासिये पर डालने का कुचक्र रचा जा रहा है। इससे हमें विचलित होने की आवश्यकता नहीं है।

# जेपीएसए का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल को सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

निज संवाददाता | गोड्डा



झारखण्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल राजभवन, रांची के प्रशाल में प्रदेश कोषाध्यक्ष शशिकांत गुप्ता के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल से मिल कर निजी विद्यालय के समस्त परेशानी को पांच सूत्रीय मांग के साथ ज्ञापन सौंपा। महामहिम ने प्रतिनिधिमंडल के समस्त परेशानियों को अपने मुख्य सचिव के उपस्थिति में धैर्य के साथ सुनकर उचित मार्गदर्शन राज्य सरकार को देने का निर्देश देते हुए प्रतिनिधिमंडल को अश्वासन दिया कि राज्य सरकार सहानुभूतिपूर्वक आपके द्वारा मांगों पर विचार करेगी। ज्ञात हो कि प्रथम संशोधन नियमावली 2019 के अन्तर्गत स्वतंत्र विद्यालयों के सामने मान्यता की प्राप्ति के लिए विशेष शर्तें रखी हैं जिनकी पूर्ति न करने की स्थिति में राज्य के 95% प्रतिशत से अधिक स्वतंत्र विद्यालय बंद हो जाऐंगे। उन शर्तों में सर्वप्रथम विद्यालयों के लिए भूमि की बाध्यता है। जबकि झारखंड राज्य में अनुसूचित जाति और जनजाति का बाहुल्य है। खनिज और भौतिक सम्पदा में समृद्ध होते हुए भी शिक्षा के क्षेत्र में यह राज्य, अन्य राज्यों से पीछे है। इस राज्य के नगर- महानगर विकसित एवं सर्व सुविधा सम्पन्न स्थान पहाड़ों-जंगलों से घिरे हैं। इस प्राकृतिक स्थिति के कारण केन्द्र और राज्य सरकार शिक्षा की मानकता को लेकर प्रयासरत हैं। बड़े ब्राण्डेड विद्यालयों को छोड़कर मध्यम एवं निम्न वर्गीय स्वतंत्र विद्यालयों की भूमिका अहम है। झारखंड में ब्राण्डेड, सक्षम व धनी विद्यालयों को छोड़कर मध्यम व निम्न वर्गीय स्वतंत्र विद्यालयों की संख्या (जिन्हें यू-डायस प्राप्त है) आठ हजार से अधिक है। वैसे विद्यालय जिन्हे यू-डायस प्राप्त नहीं है की संख्या लगभग पांच हजार से अधिक है। अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्यां लगभग 35,98,972 एवं शिक्षण और व्यवस्था से जुड़े शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की कुल संख्या पचहत्तर हजार से अधिक हैं और इनसे जुड़े आश्रित परिवार के सदस्यों की संख्यां लगभग छः लाख से अधिक है जो विद्यालयों के शिक्षकों पर आश्रित हैं। हजारों की संख्या में एक जुट हो शिक्षा जगत में क्रांति लाने की दिशा में हम स्वतंत्र विद्यालयों को सरकार सहानुभूतिपूर्वक सहयोग करें। महामहिम एवं सरकार की सेवा में अपना वास्तविक बिन्दु रख रहे हैं।

हमारी मांगे- प्रथम संशोधन नियमावली -2019 के पूर्व के स्थापित विद्यालयों पर जमीन की बाध्यता समाप्त की जाय। इन्हें आर.टी.ई. 2009-11 के तहत मान्यता दी जाय। जो सरकारी विद्यालयों पर भी लागू है। प्रथम संशोधन नियमावली 2019 के तहत संथालपरगना एवं छोटानागपुर प्रमंडलों में स्थापित निजी विद्यालयों को जमीन सम्बन्धित बाध्यता से मुक्त किया जाय। शेष तीन प्रमंडलों में जहां जमीन की खरीद बिक्री सुलभ है, वहाँ जमीन का भाव आसमान छू रहा है। अतःसरकारी विद्यालयों की तरह प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों को सरकार की ओर से जमीन की व्यवस्था की जाय एवं सबों को मान्यता दी जाय। वैसे विद्यालय जो 2019 के पूर्व से संचालित हैं और जिन्हें यू-डायस प्राप्त नहीं हो पा रहा है,उन्हें यू-डायस निर्गत कर मान्यता देने की प्रक्रिया में शामिल किया जाय। स्वतंत्र विद्यालय के वैसे शिक्षक व शिक्षिका जो पांच वर्ष से सेवा देते आ रहे हैं, उन्हें प्रशिक्षित माना जाय एवं एन.आई.ओ.एस. के द्वारा डी.एल.एड. प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक व शिक्षिका को स्वतंत्र विद्यालयों में अध्यापन कार्य में स्वतंत्रता दी जाय। कमजोर एव अभिवंचित वर्ग के बच्चों के लिए प्रवेश कक्षा में 25% प्रतिशत नामांकन सत्र 2011-12 से निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा आज तक दी जा रही हैं। जिसकी प्रतिपूर्ति राशि सरकार के द्वारा देय है जो आज तक मान्यता प्राप्त विद्यालयों को छोड़कर, किसी भी विद्यालयों को प्राप्त नहीं हुआ है, कृपया उक्त राशि का भुगतान कराया जाय। झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, रांची के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश कोषाध्यक्ष शशिकांत गुप्ता, नीलकंठमणि-गोड्डा, जिलासचिव राज कुमार दूबे, पवन कुमार आर्या-देवघर, एन. के. तिवारी-पलामू शामिल थे।

# जिले में इंटर साइंस का परिणाम शानदार, वाणिज्य में भी दिखा छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

निज संवाददाता | गोड्डा

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक), रांची द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 का परिणाम शनिवार दोपहर को जारी किया गया, जिसमें गोड्डा जिले के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से विज्ञान और वाणिज्य संकाय में सराहनीय प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। जिले के विज्ञान संकाय का परिणाम इस वर्ष उल्लेखनीय रहा और कुल पास प्रतिशत 76.75% दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.21 प्रतिशत अधिक है। यह स्पष्ट संकेत है कि जिले में न केवल शैक्षणिक माहौल बेहतर हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों का सामूहिक प्रयास रंग ला रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस बार जिले से विज्ञान संकाय में कुल 4466 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया था, जिनमें से 4436 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 3405 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। विशेष रूप से लड़कों में 2793 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जिनमें 1476 ने प्रथम श्रेणी में, 636 ने द्वितीय श्रेणी में और दो ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस तरह कुल 2114 लड़के उत्तीर्ण हुए और उनका पास प्रतिशत 75.68% रहा। दूसरी ओर, छात्राओं ने इस बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए 1643 में से 1291 के सफल होने का रिकॉर्ड बनाया, जिससे उनका पास प्रतिशत 78.57% रहा। 970 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर यह दिखा दिया कि वे विज्ञान जैसे चुनौतीपूर्ण विषय में भी पीछे नहीं हैं। जिले के कुल सफल विद्यार्थियों में 2446 ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है, जो दर्शाता है कि विद्यार्थियों का न केवल पास होना, बल्कि उत्कृष्ट अंक लाना उनकी गंभीरता और परिश्रम का प्रमाण है। वहीं, 957 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में और केवल दो ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। यह बदलाव शिक्षा व्यवस्था में सुधार और संसाधनों की बेहतर उपलब्धता की ओर इशारा करता है। वाणिज्य संकाय में भी जिले का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। इस संकाय में कुल 167 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया, जिनमें से 163 ने परीक्षा दी। इनमें से 138 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए, जिससे उत्तीर्ण प्रतिशत 84.66% रहा। वाणिज्य में भी छात्राओं ने छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। 113 लड़कों में से 94 सफल रहे, वहीं 50 लड़कियों में से 44 ने सफलता पाई। परिणामस्वरूप लड़कों का पास प्रतिशत 83.18% जबकि लड़कियों का 88% रहा, जो यह दर्शाता है कि छात्राएं लगातार अपनी स्थिति को और मजबूत कर रही हैं। वाणिज्य संकाय में प्रथम श्रेणी से 83 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, 54 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की और एक विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा पास की। इस परीक्षा में कुल 25 विद्यार्थी असफल रहे, जबकि 4 अनुपस्थित रहे। जिले में दोनों संकायों के टॉपर्स की सूची भी खासा चर्चा में रही। वाणिज्य संकाय में पथरगामा के एस.बी.एस.एस.पी.एस. जे. इंटर कॉलेज के महेश कुमार ने 425 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर महगामा के इंटर कॉलेज की तमन्ना दास और वीर कुंवर सिंह इंटर कॉलेज, गोड्डा के विकास कुमार महतो दोनों 416 अंकों के साथ संयुक्त रूप से रहे। तीसरे स्थान पर क्षिति वात्स ने 411 अंक प्राप्त किए। इनके अलावा अंशु कुमारी, शुभांग राज, हेमंत कुमार, सुप्रिया कुमारी, आदित्य कुमार, कविता कुमारी, इशु मिश्रा और डोली कुमारी जैसे छात्र-छात्राओं ने जिले की टॉप टेन सूची में स्थान प्राप्त किया और संस्थानों का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में जिले का टॉप स्थान प्लस टू मिल्लत हाई स्कूल, धापरा के मोहम्मद एहसान अख्तर ने 463 अंकों के साथ प्राप्त किया। एस.आर. टी.जे. कॉलेज, भतखोरिया के विवेक कुमार मंडल 460 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि महगामा के +2 उच्च विद्यालय के मोहम्मद साहिल अहमद ने 457 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद रिया कुमारी, रिशभ दत्ता, रज़िया सुल्ताना, प्रिया कुमारी, मंती कुमारी, सन्नी कुमार यादव, गुंचा शकीला, अनु प्रिया, प्रियम कुमार, ऋतिका भारती, नुज़हत परवीन और शर्मीली कुमारी जैसी प्रतिभाओं ने विज्ञान संकाय की जिला टॉप सूची में अपना नाम दर्ज कराया।

## जहरीले सांप के डंसने से वृद्ध की मौत

ठाकुरगंगटी (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के मोरडीहा गांव के एक 65 वर्षीय गंगा प्रसाद साह को जहरीला सांप के काटने से उसकी मौत हो गई। अंग्रेजी विषय के विद्वान गंगा प्रसाद साह अपने दामाद पोलो साह के घर पर खाना खाकर सोए थे तथा रात के लगभग 01 बजे शौच करने के लिए घर के पीछे बाथरूम गए जहां अचानक किसी जहरीला सांप ने उनके हाथ में डंस लिया। बताया कि बाथरूम से बेडरूम आने के बाद साह ने अपने पुत्री व पत्नी को बताया कि शरीर में जलन जैसा महसूस हो रही है जहां पुत्री के द्वारा उनके हाथों में दवा लगाया गया। इसके बाद लाइट जला कर देखा गया तो उनके धोती में खून लगा हुआ है जहां आनन फानन में उनके दमाद व ग्रामीणों के सहयोग से डॉक्टर के यहां ले जाया जा रहा था जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

# ललमटिया गोली-बारी कांड में दो गिरफ्तार, भेजा

निज संवाददाता | ललमटिया (गोड्डा)



बीते 27 मई की रात ललमटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ईसीएल (राजमहल परियोजना) के पहाड़पुर गांव स्थित ओसीपी खदान में हुई गोलीबारी की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। खदान में कार्यरत मजदूरों को आतंकित कर खनन कार्य बाधित करने की नीयत से की गई इस गोलीबारी में एक ईसीएल कर्मी घायल हुआ था। घटना के बाद गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने मानवीय सूचनाओं और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पटवारी सोरेन (25 वर्ष) एवं अजीत हेम्ब्रम (27 वर्ष), दोनों हरखा, थाना ललमटिया, जिला गोड्डा के रूप में हुई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकारते हुए इस वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उन्होंने यह भी बताया कि इस साजिश में अन्य लोग भी शामिल हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल से दो देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। साथ ही एक .303 बोर का मिसफायर कारतूस भी बरामद किया गया है। दोनों आरोपी पूर्व में भी कई गंभीर आपराधिक मामलों में नामजद रह चुके हैं। इनमें ललमटिया थाना कांड संख्या 35/2023 (धारा 307/353 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट), कांड संख्या 37/2023 (धारा 302/34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट), और राजाभीठा थाना कांड संख्या 08/2023 (धारा 307/326/506/34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट) शामिल हैं।

## बिजली आपूर्ति बनी आम समस्या

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली की अनियमित आपूर्ति लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। लगातार हो रही बिजली की आंखमिचौनी से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थिति यह है कि भीषण गर्मी में लोग रात भर बिजली के इंतजार में जागने को मजबूर हैं। न दिन में चैन है, न रात को राहत। सरकार द्वारा 23 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे यहां पर जमीनी हकीकत से कोसों दूर नजर आते हैं। शहर से लेकर गांव तक के उपभोक्ता घंटों बिजली गुल रहने से परेशान हैं। कभी-कभी तो 12 से 15 घंटे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहती है, और जब इसकी शिकायत की जाती है, तो विभागीय अधिकारी मेंटेनेंस का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेते हैं। वहीं शाम के समय अगर कहीं तार टूट जाए तो उसे अगले दिन तक ठीक नहीं किया जाता। इस लचर व्यवस्था को लेकर आम लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब हरिहरगंज जैसे कस्बाई क्षेत्र में यह हाल है, तो ग्रामीण इलाकों की स्थिति की कल्पना ही की जा सकती है। हल्की बारिश या आंधी आते ही बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है, और बहाना बना दिया जाता है कि मौसम की वजह से लाइनें बाधित हो गई हैं। जबकि सच्चाई यह है कि बिजली विभाग के कर्मचारी लापरवाही व असंवेदनशीलता की सारी हदें पार कर चुके हैं। न समय पर मरम्मत होती है, न ही किसी शिकायत पर कार्रवाई। स्थानीय दुकानदारों और छोटे व्यापारियों का कहना है कि लगातार बिजली कटौती से व्यवसाय पर गहरा असर पड़ा है। आटा चक्की, इलेक्ट्रॉनिक दुकानें, फोटो स्टेट, मोबाइल सर्विसिंग, शीतल पेय और डेयरी व्यवसाय करने वालों को भारी घाटा हो रहा है। विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बिजली की बदहाल व्यवस्था को लेकर अब उपभोक्ताओं ने खुलकर विरोध जताना शुरू कर दिया है। समाजसेवी राजीव रंजन, विश्वदीप कुमार, दिनेश स्वर्णकार, शंभू यादव और मृत्युंजय सिंह समेत कई उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह के भीतर बिजली की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से बिजली कनेक्शन त्यागने के लिए बाध्य होंगे।

## वज्रपात के चपेट में आने से मवेशी चरा रहे व्यक्ति की हुई मौत



निज संवाददाता | ठाकुरगंगटी

थाना क्षेत्र के मोरडीहा ग्राम निवासी 50 वर्षीय शंकर पंडित की वज्रपात की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शंकर पंडित मोरडीहा गांव के बाहर रौता बहियार में गाय चरा रहा था तभी एकाएक मौसम खराब हुआ और वर्षा के साथ वज्रपात हुई। वहीं शंकर पंडित वज्रपात की चपेट में आ गया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि शंकर पंडित पेशे से मजदूर था। वह किसी प्रकार से मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण- पोषण करता था। शंकर पंडित को दो पुत्र और तीन पुत्री है। पत्नी मुन्नी देवी, पुत्र सुमित कुमार पंडित, छोटू कुमार पंडित का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बार-बार पत्नी मुन्नी देवी, पति शंकर पंडित के शव से लिपटकर दहाड़ मार कर रो रही थी। उक्त घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार किया गया। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेजने की तैयारी की जा रही थी। अंचलाधिकारी मदन महली ने बताया कि पोस्टमार्टम कराने के बाद सरकारी नियमानुसार आपदा प्रबंधन विभाग से स्वजनों को सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। वहीं इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से सदर अस्पताल के ओपीडी परिसर में एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के गंभीर दुष्प्रभावों से अवगत कराना और इसके विरुद्ध सामाजिक तथा कानूनी स्तर पर जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान मौजूद चिकित्सकों और वक्ताओं ने तंबाकू के सेवन को समाज के लिए एक गंभीर खतरा बताया। सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जुनैद ने कहा कि तंबाकू न केवल शरीर को भीतर से खोखला कर देता है, बल्कि यह धीरे-धीरे पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम "अनमास्किंग द अपील" यानी 'आकर्षण का पर्दाफाश' है, जो इस बात पर जोर देता है कि तंबाकू उद्योग किस तरह अपनी उत्पादों को आकर्षक बनाकर युवाओं को भ्रमित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि तंबाकू के खिलाफ सिर्फ नारा देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि इसके खिलाफ एकजुट होकर दृढ़ निश्चय करना होगा कि एक तंबाकू मुक्त समाज का निर्माण किया जा सके। वहीं चिकित्सक डॉ. अशोक मेहता ने भी तंबाकू से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में तंबाकू का सेवन एक फैशन बनता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। विशेषकर युवा वर्ग बिना इसके गंभीर परिणाम को समझे इसका सेवन कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई तंबाकू का सेवन करता है, तो वह न केवल अपने स्वास्थ्य को खतरे में डालता है, बल्कि अपने परिवार से भी दूरी बना लेता है। उन्होंने समाज से अपील की कि हर व्यक्ति अपने स्तर से प्रयास करे और दूसरों को भी तंबाकू से दूर रहने की प्रेरणा दे। तंबाकू बेचने वाले मुनाफा कमा रहे हैं, लेकिन इसके उपभोक्ता इलाज पर भारी खर्च कर रहे हैं, यह एक असंतुलन है जिसे समझना और सुधारना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में मौजूद अधिकार मित्र नवीन कुमार, इंतेखाब आलम, अविनाश कुमार सिंहा और समाजसेवी अभिजीत तन्मय ने भी तंबाकू निषेध के पक्ष में अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एक स्वर में कहा कि तंबाकू के सेवन को केवल एक व्यक्ति की निजी समस्या समझना भूल होगी, यह एक सामाजिक समस्या बन चुकी है और इसके खिलाफ पूरे समाज को मिलकर खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि यदि आज हम चुप रहे तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। इस जागरूकता शिविर में जिले के विभिन्न गांवों से आए दर्जनों ग्रामीणों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। शिविर में भाग लेने वालों को तंबाकू से होने वाले रोगों, कानूनी प्रावधानों और उपचार संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें संकल्प दिलाया गया कि वे स्वयं भी तंबाकू से दूर रहेंगे और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके सेवन से रोकने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था डालसा की देखरेख में की गई थी और इसे सफल बनाने में अस्पताल प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों का सक्रिय सहयोग रहा। आयोजन के अंत में डालसा की ओर से उपस्थित लोगों के बीच सूचना सामग्री का वितरण भी किया गया, जिससे वे अपने गांव और मोहल्लों में जाकर जागरूकता फैला सकें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### 'भारत की चुप्पी अब इतिहास बनेगी' पीएम मोदी का आखिरी इशारा

एक बार फिर प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया है कि अगर वह आतंकवाद का रास्ता नहीं छोड़ेगा, तो उसे और बुरे नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जिस सूझबूझ और शौर्य के साथ पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वह एक बड़ी मिसाल है। उसके बाद पाकिस्तान के हुक्मरान भी सोचने पर विवश हुए कि आतंकवाद को पोसने का इतना बड़ा खमियाजा देश को उठाना पड़ा है। मगर चूंकि वहां की सेना और खुफिया एजंसी आतंकवाद को भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करती रही हैं, इसलिए वे अब भी अपने रास्ते में बदलाव को तैयार नहीं दिख रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात को जोर देकर रेखांकित किया कि पाकिस्तान का एकमात्र मकसद भारत से नफरत करना और इसे नुकसान पहुंचाने के तरीके सोचना है, जबकि हमारे देश ने गरीबी खत्म करने और आर्थिक विकास का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री के इस बयान पर पाकिस्तान की तिलमिलाहट स्वाभाविक है। तुरंत इसके जवाब में उसने प्रतिक्रिया दी कि भारतीय प्रधानमंत्री के इस बयान से इस क्षेत्र में अशांति का खतरा पैदा हो गया है, जबकि पाकिस्तान अमन चाहता है। हालांकि इस तरह की विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं वह सदा से देता आया है। आपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। सरकार ने दुनिया के अलग-अलग देशों में पाकिस्तान की हकीकत बताने और अपना पक्ष रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने भी गुजरात में दो दिन की रैली की। उसी दौरान उन्होंने पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई। सरकार ने बार-बार रेखांकित किया है कि आपरेशन सिंदूर फिलहाल स्थगित है, वह समाप्त नहीं हुआ है। यानी वह अब भी सक्रिय है और पाकिस्तान की हरकतों पर नजर बनाए हुए है। जाहिर है, इससे पाकिस्तान में घबराहट है। बेशक वह कहता है कि भारत के किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है, मगर हकीकत यही है कि जिस दौर से वह गुजर रहा है, फिलहाल वह किसी भी तरह के सैन्य संघर्ष का बोझ वहन कर पाने की स्थिति में नहीं है। अगर वह सचमुच भारत का मुकाबला कर सकने की स्थिति में होता तो, जैसा कि भारतीय विदेश मंत्रालय का कहना है, पाकिस्तान के सैन्य अधिकारी आपरेशन सिंदूर पर विराम लगाने की गुहार न लगाते। ऐसी स्थितियों में उसके नेता बेशक सार्वजनिक बयानों में भारत पर हमला करते रहे हों, पर जमीनी हकीकत हमेशा उससे दूर रही है। हकीकत यह है कि पाकिस्तान अपनी अंदरूनी स्थितियों से ही काफी परेशान है।

### मन के साथ जबरदस्ती की तो वह बागी हो जाएगा... सरल बनना ही सूत्र

कुछ लोग मानसिक समस्या से मुक्त होने के लिए मन को जबर्दस्ती अपने कब्जे में लेना चाहते हैं, पर वह?आसानी से काबू में कहां आता है? उसे नियंत्रित करने का एक ही उपाय है-उससे मित्रता का व्यवहार। सप्ताह में सात दिन होते हैं। इनमें से रविवार अवकाश का दिन होता है। सरकारी कार्यालयों में शनिवार भी आधी छुट्टी का दिन होता है। अब तो सप्ताह सात के बजाय पांच दिन का होने लगा है। लेकिन मन बेचारा रात-दिन काम में जुटा रहता है। एक क्षण के लिए भी छुट्टी नहीं लेता। क्या ही अच्छा रहे कि मन भी रविवार के दिन छुट्टी मनाया करे! मन को भी अवकाश मिलना चाहिए। लेकिन प्रश्न है कि मन को छुट्टी मिले कैसे? छुट्टी न भी मिले तो कोई बात नहीं, किंतु बुरे विचारों और नकारात्मक विचारों से तो इसे बचाया ही जाना चाहिए। मन में कचरा भरा है, तो किसी अच्छे चिंतन के लिए अवकाश कहां रहता है? एक व्यक्ति किसी महात्मा के पास गया और निवेदन किया कि उपदेश सुनाएं। महात्मा को उस व्यक्ति का आभामंडल अच्छा नहीं लगा। दूसरे शब्दों में कहें, तो वह व्यक्ति महात्मा जी को उपदेश ग्रहण करने का पात्र नहीं लगा। उसकी आकृति और प्रकृति बता रही थी कि यह अतिशय चंचल मन वाला व्यक्ति है। महात्मा जी ने टालने के अंदाज में कहा, 'फिर कभी आना।' उस व्यक्ति ने कहा, 'कोई बात नहीं, कभी अमृत वचन सुनाने की कृपा कर दीजिएगा, किंतु आज इतनी कृपा कर दें कि मेरे हाथ से थोड़ी-सी भिक्षा ग्रहण करें।' साधु ने स्वीकृति दे दी। महात्मा जी अपने कक्ष में गए।

## आखिरकार बांग्लादेश की कमजोर नसों को कब दबाएगा भारत?

(कमलेश पांडे)

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है। कभी 'ग्रेटर बंगलादेश' का स्वप्न संजोने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता और बांग्लादेश के कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस अब अपने ही देश में ऐसे घिरे हैं कि जब उन्हें आगे का कोई रास्ता नजर नहीं आया तो फिर अपने जन्मदाता भारत पर ही अनर्गल लांछन लगाने लगे। वह अमेरिका, चीन, पाकिस्तान की गोद में खेलें, कोई बात नहीं लेकिन भारत और हिंदुओं से खेलेंगे तो अगले ऑपरेशन सिंदूर के लिए तैयार रहें। याद रखें, तब कोई बाप बचाने नहीं आएगा। हाल ही का पाकिस्तानी मंजर देख लें, अंजाम समझ लें और हो सके तो भारत के पड़ोस में बचकानी हरकत बंद कर दें। बता दें कि अपनी पिछली चीन यात्रा के दौरान ही उन्होंने बढ़चढ़ कर 'भारत के चिकेन नेक' पर काबिज होने, पश्चिम बंगाल-उत्तर-पूर्व बिहार और उत्तर-पूर्व के सात बहन राज्यों को मिलाकर ग्रेटर बांग्लादेश बनाने और नार्थ-ईस्ट राज्यों को लैंड लॉक्ड बताकर इलाकाई समुद्र का बेताज बादशाह होने का जो दिवास्वप्न उन्होंने देखा है, उसके मुताल्लिक भारत भी उन्हें दिन में ही तारे दिखाने की रणनीति बना चुका है। अब वो आगे बढ़ेंगे तो पीछे से भारत भी एक बार फिर बांग्लादेश का अंग भंग कर देगा! क्योंकि कभी पाकिस्तान से पूर्वी पाकिस्तान का अंग भंग करवाकर भारत ने ही जिस बांग्लादेश का निर्माण करवाया था, आज वही बांग्लादेश जब भारत को आंखें दिखाएगा तो अपने अंजाम को भी भुगतने को तैयार रहेगा। इस बात में कोई दो राय नहीं कि वहां की शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के बाद महज 6 माह में ही परवर्ती कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में बांग्लादेश भारत विरोधी चीनी, पाकिस्तानी और अमेरिकी अखाड़े का अड्डा बन चुका है, जो उसके लिए शर्म की बात होनी चाहिए।

> ***यह है 28 किमी का चटगांव कॉरिडोर, जो साउथ त्रिपुरा से बंगाल की खाड़ी तक जाता है। यह कॉरिडोर भारत के 'चिकन नेक' से भी छोटा है। पर यह बांग्लादेश की आर्थिक राजधानी और राजनीतिक राजधानी को जोड़ने वाला एकमात्र रास्ता है। इससे साफ है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात, मोहम्मद यूनुस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए चलाए जा रहे खौफनाक एजेंडा की गवाही दे रहे हैं।***

यही वजह है कि इस विफल सरकार के खिलाफ अब वहां भी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जिससे देश में अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में यूनुस ने अपना सारा दोष भारत पर मढ दिया है। हालांकि भारत के पास उन्हें जवाब देने के लिए ऐसे-ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिससे उनके होश उड़ सकते हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश एक बार फिर से उबल रहा है, जिससे मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार अस्थिरता के बवंडर की ओर निरंतर बढ़ रही है। उनकी सेना से ही उनकी ऊटपटांग नीतियों का विरोध हो रहा है। जबकि उनकी सरकार के खिलाफ जनता द्वारा भी अविलंब चुनाव की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इससे मुल्क में तनाव का आलम व्याप्त हो चुका है। चूंकि इस विरोध प्रदर्शन में सरकारी कर्मचारी भी शामिल हो चुके हैं। इसलिए अपनी उल्टी गिनती शुरू होते देख मोहम्मद यूनुस अपनी नाकामियों को बिना नाम लिए भारत पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। वहां उनकी लापरवाही और अदूरदर्शिता से अब जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए 'विदेशी साजिश' को जिम्मेदार बता रहे हैं। जबकि, हकीकत ये है कि उन्हें सिर्फ चुनाव करवाने तक के लिए सरकार चलाने भर की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन, जानकार बताते हैं कि वह चुनाव छोड़कर बाकी हर तरह के हथकंडे अपनाने में लगे हैं। बांग्लादेश की विदेश नीति, उसका संविधान, उसका इतिहास और यहां तक कि उसके जन्म की मूल अवधारणा तक को वो नकारने के लिए आत्मघाती दांव लगा रहे हैं। यही वजह है कि आज बांग्लादेशी फौज भी उनके विरोध में खड़ी हुई है। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि मोहम्मद यूनुस जब से बांग्लादेश की सत्ता में आए हैं, भारत के चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मनों के साथ झूम-झूम कर नाचने-गाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, उन्हें चीन के दम पर भारत के जिस भारत के चिकन नेक कॉरिडोर (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) को दबा पाने की गलतफहमी हो गई है, ग्रेटर बांग्लादेश बनवाने में विदेशियों व भारत के मुसलमानों के साथ मिलने का भ्रम हो चुका है, और लैंड लॉक्ड नार्थ ईस्ट के चलते समुद्र का बेताज बादशाह होने के जो सपने उन्होंने चीन को दिखाए हैं, तब उन्हें शायद यह अंदाजा भी नहीं रहा होगा कि भारत के रणनीतिकार उनके साथ और उनके हमदम चीन-पाकिस्तान-म्यांमार के साथ क्या क्या कर सकता है। शायद मोहम्मद यूनुस शायद यह भूल चुके हैं कि बांग्लादेश की पैदाइश ही कुशल भारतीय विदेश नीति की सफल देन रही है, जिसे तब अमेरिका व चीन नहीं रोक पाए थे। यह भारत की वीरता है जो चुटकट्टो पर युद्ध के मैदान में भारी पड़ती है। ऐसे में जब वो अपने जन्मदाता की संप्रभुता और अखंडता को ही चुनौती देने लगेंगे तो भारत को भी देर-सबेर अपने सटीक विकल्प तलाशने पड़ेंगे। यदि भारत के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के एक हालिया सकेसाक्षात्कार को देखें तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि नागपुर मुख्यालय से भी मोदी सरकार को उसी तरफ इशारा किया गया है। मसलन, संघ के मुखपत्र ऑर्गेनाइजर और पांचजन्य में गत रविवार को छपे उनके एक इंटरव्यू के मुताबिक उन्होंने भारत के पड़ोस में 'बुराई को खत्म' करने के लिए शक्ति का इस्तेमाल करने की बात कही है, वह अब हमारी विदेश नीति का महत्वपूर्ण ध्येय बनने जा रहा है। उनके अनुसार जिन कुछ देशों में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है, वहां पर हिंदू समाज की ताकत का इस्तेमाल उनकी रक्षा के लिए किया जाना चाहिए। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर अपने विचार रखते हुए संघ के सर संघचालक ने ठीक ही कहा है कि, हमारी ताकत अच्छे लोगों की रक्षा और बुरे लोगों को नष्ट करने के लिए होनी चाहिए। जब कोई और चारा नहीं होता, तो बुराई को जबरदस्ती खत्म करना पड़ता है। इसलिए, हमारे पास शक्तिशाली बनने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि हम अपनी सीमाओं पर बुरी ताकतों की बुराई देख रहे हैं। हमारा तात्पर्य यह है कि शायद जो बात मोहन भागवत ने खुलकर नहीं कहा, उसे असम के मुख्यमंत्री और पूर्वोत्तर के दिग्गज बीजेपी नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने अधिक विस्तार से बताने की कोशिश की है, जो सराहनीय है। कुछ दिन पहले भी उन्होंने मोहम्मद यूनुस के भारत के चिकन नेक कॉरिडोर पर उनकी गलत नजर पर पलटवार करते हुए बांग्लादेश के पास भी दो चिकन नेक होने की जो बात कही थी, उससे बंगलादेश व उसके हमदमों का तिलमिलाना स्वाभाविक है। गौरतलब है कि उन्होंने गत 25 मई रविवार को एक एक्स (एक्स) पोस्ट डाला है, जिसमें उन्होंने दो टूक लिखा है कि जिन्हें भारत को चिकन नेक कॉरिडोर पर धमकाने की आदत पड़ चुकी है, उन्हें तीन तथ्यों को ध्यान से नोट कर लेना चाहिए। पहला, बांग्लादेश के पास अपने दो 'चिकन नेक' हैं और दोनों भारत से कहीं ज्यादा असुरक्षित हैं।

## इंटरनेशनल फिल्म सिटी में बनने वाले फिल्म इंस्टीट्यूट में यूपी के युवाओं को मिलेगी वरीयता

(नवीन जायसवाल)

बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली इंटरनेशनल फिल्म सिटी में एक अत्याधुनिक फिल्म इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जो राज्य के युवाओं, खासकर यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और इसके आसपास के युवाओं के लिए सुनहरे अवसर लेकर आएगा। इस इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, वीएफएक्स, कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, फैशन, मीडिया और मास कम्युनिकेशन जैसे विविध कोर्सेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। खास बात यह है कि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को फिल्म सिटी में ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे के पास बनने वाली यह इंटरनेशनल फिल्म सिटी 230 एकड़ में पहले चरण के तहत विकसित की जा रही है, जिसमें 1,510 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप के कंसोर्सियम बेव्यू भूटानी फिल्म सिटी प्रा. लि. द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का निर्माण करने जा रही है। निर्माण के पहले चरण में आगामी तीन साल के अंदर विभिन्न स्टूडियो और फिल्म इंस्टीट्यूट का निर्माण संपन्न होगा। कंपनी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह फिल्म इंस्टीट्यूट अपनी तरह का अनोखा होगा। पहले चरण में 3 लाख स्क्वायर फीट क्षेत्र में इसका निर्माण किया जाएगा। इंस्टीट्यूट में आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित कक्षाएं, स्टूडियो, एडिटिंग सुइट्स और वीआर लैब होंगे। छात्रों को वास्तविक फिल्म परियोजनाओं पर काम करने का अनुभव प्रदान किया जाएगा, साथ ही नवीनतम फिल्म तकनीकों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता, मिलेंगे रोजगार के अवसर राजीव अरोड़ा ने कहा कि इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण और रोजगार दोनों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। खास तौर पर यमुना एक्सप्रेसवे और इसके आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को पहली वरीयता मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों के युवा भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि मुंबई से स्टाफ लाने की तुलना में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार देना अधिक किफायती होगा, जिससे फिल्म सिटी में ही स्टूडियो, प्रोडक्शन और अन्य क्षेत्रों में नौकरियां सृजित होंगी। इंस्टीट्यूट में एक्टिंग, स्टोरी राइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग, कैमरा ऑपरेशन, लाइटमैन, स्पॉट ब्वॉय, वीएफएक्स, फैशन और मास कम्युनिकेशन जैसे कोर्सेज उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, फिल्म म्यूजिक से संबंधित प्रशिक्षण और सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। प्रोडक्शन हाउस के साथ साझेदारी के माध्यम से कार्यशालाएं, इंटर्नशिप और गेस्ट लेक्चर्स का आयोजन होगा, जिससे छात्रों को इंडस्ट्री के दिग्गजों से सीखने का मौका मिलेगा। फिल्म सिटी में फिल्मों के प्रीमियर आयोजित करने की व्यवस्था होगी, ताकि प्रोडक्शन हाउस को अपनी फिल्में लॉन्च करने के लिए अन्य शहरों में भटकना न पड़े। इसके साथ ही, फिल्मों, स्क्रिप्ट्स और अकादमिक सामग्री से युक्त एक समग्र संसाधन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र छात्रों और फिल्म निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में काम करेगा। इंस्टीट्यूट में फिल्म महोत्सवों, प्रदर्शनियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। ये आयोजन न केवल छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देंगे, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री में नेटवर्किंग और एक्सपोजर भी प्रदान करेंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5749

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5748

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5749

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | ■ | 12 | | | ■ | |
| | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 | ■ |
| 15 | | ■ | 16 | | 17 | | ■ |
| | ■ | 18 | | ■ | 19 | | |
| ■ | 20 | | ■ | 21 | | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इंदौर नगर के इतिहास में प्रथम समाचार पत्र होने का गौरव इस अखबार को है जो कए साप्ताहिक था उसका प्रथम अंक 6 मार्च 1849 को प्रकाशित हुआ था (7)
6. कंठ, गले की नली (3)
7. जगत, संसार, दुनिया, जग (2)
9. गोद, अंक,क्रोड, बगल (3)
11. कनक, धतूरा, स्वर्ण (2)
12. आवेश, उन्माद (3)
13. यह बांग्लोदश में बूढी गंगा के तट पर देश का सबसे बड़ा शहर है (2)
15. असम के पहाड़ी क्षेत्र में स्थित जंगल जाति, अनुपस्थितिती, गैर हाजिरी (2)
16. जिसके पांच मुख हो, पंचमुखी (4)
18. पक्षी, नभचारी, गगनचर (2)
19. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें कोई दो या दो अधिक बार आए और प्रत्येक बार उसके भिन्न अर्थ हो (3)
20. गज, कंजर, मतंगत (2)
21. श्रृंगार, सजावट, शोभा, श्री (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. मास, महीना, तीस दिनों का समय (2)
2. तीव्र अभिलाषित होना, उत्कंठित होना (4)
3. वाक्य का अपभ्रंश (2)
4. पश्चिमी निमाड़ का प्रसिद्ध जिला (4)
5. भास्कर, दिनपति, दिवाकर, सूरज (2)
8. सांस लेने छोड़ने की एक जैविक क्रिया (3)
9. निर्देशक मोहनकुमार की राजेंद्र कुमार वैजयंती माला अभिनीत 1961 की एक हिट फिल्म (5)
10. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत चले वहम, संदेह (2)
11. गुजरा में द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक जो पश्चिमी तट पर प्रभाष क्षेत्र में स्थित है (4)
14. लोकमत, जनता की राय (4)
17. चक्षु, नेत्र, आंख (3)
18. पक्षधर, अनुगामी, यात्री, राहगीर (2)

### वर्ग पहेली 5748 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | ल | जा | री | ला | ल | नं | दा |
| ल | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | ता |
| फा | गु | न | ■ | आ | ना | ■ | ■ |
| म | म | ■ | म | ■ | बु | झा | न |
| ■ | रा | ज | द | ■ | झा | ■ | ह |
| वा | ह | ■ | र | ■ | ना | पा | क |
| प | ■ | आ | सा | र | ■ | र | ■ |
| स | ह | ज | ■ | ■ | न | सी | म |

## आज का राशिफल

### मेष
आज बॉस या उच्च अधिकारी की अपेक्षाओं का बोझ मानसिक थकावट ला सकता है। टीमवर्क में दिक्कतें आएंगी, जिससे प्रॉजेक्ट की समयसीमा पर असर पड़ सकता है। दोपहर बाद कोई आकस्मिक खर्च आपकी योजना को प्रभावित कर सकता है। स्टॉक मार्केट या डिजिटल करेंसी में जोखिमपूर्ण निवेश से बचना चाहिए।

### वृष
आज दिन मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रह सकता है। न चाहते हुए भी आपको किसी ऐसे काम में हाथ डालना पड़ सकता है, जो नैतिक या सामाजिक दृष्टि से जटिल हो। घर के सदस्य, विशेषकर संतान या जीवनसाथी का व्यवहार विचलित कर सकता है। मन ही मन आप कुछ पुरानी बातों से खिन्न हो सकते हैं।

### कर्क
आज दिन आपकी कड़ी मेहनत का प्रतिफल देने वाला रहेगा। उच्च अधिकारियों से विशेष मान्यता या प्रस्ताव मिल सकता है। यदि आप किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, आर्थिक दृष्टि से भी दिन शुभ है, कोई रुकी हुई सैलरी, कमीशन या भुगतान मिल सकता है। व्यापारियों को किसी पुराने ग्राहक से स्थायी डील मिलने की संभावना है।

### सिंह
आज अपने कार्य के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। काम में छोटी सी चूक भी बड़ी गलती बन सकती है। यदि आप तकनीकी, रिसर्च, आईटी या कंसल्टिंग से जुड़े हैं, तो आपको अपने क्लाइंट्स की अपेक्षाएं संभालने में थोड़ी कठिनाई हो सकती है। आय में थोड़ी अस्थिरता रहेगी, लेकिन कोई पुराना लोन चुकता हो सकता है।

### मिथुन
आज दिन पेशेवर दृष्टि से उज्ज्वल है। कॉर्पोरेट या मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत लोगों को पदोन्नति या यात्रा का अवसर मिल सकता है। जो लोग खुद का व्यापार कर रहे हैं, उनके लिए दिन बेहद उत्पादक रहेगा। कोई बड़ा क्लाइंट मिल सकता है। पैसों की स्थिति स्थिर है।

### कन्या
आज अपने कार्य के प्रति पुनः समर्पित होने की आवश्यकता है। पिछले कुछ समय से जो थकान, असमंजस या भ्रम चल रहा था, वह स्पष्टता में बदलेगा। आर्थिक दृष्टि से भी राहत मिलेगी, विशेषकर कोई पुरानी संपत्ति या बचत से लाभ संभव है।

### तुला
आज अपने फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स, टैक्स, या इंश्योरेंस से जुड़े मामलों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। किसी लंबे समय से लटकी हुई कानूनी या सरकारी प्रक्रिया पूरी हो सकती है, फ्रीलांसर और रचनात्मक क्षेत्रों में काम करने वालों को विदेश या दूर के क्लाइंट से अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में नए इन्वेस्टमेंट को अभी स्थगित रखना ही समझदारी होगी।

### वृश्चिक
आज आत्मबल अत्यधिक ऊंचा रहेगा। करियर के क्षेत्र में जो निर्णय आपने पहले लिए थे, उनके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। सरकारी सेवा, प्रशासन या मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को कोई विशेष पहचान या पुरस्कार मिल सकता है। नौकरी में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव के संकेत हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति पर भी सकारात्मक असर डाल सकते हैं।

### मकर
आज दिन आर्थिक मामलों में गंभीर सोच और विवेकपूर्ण निर्णय की मांग कर रहा है। जॉब में कोई प्रॉजेक्ट या रिपोर्ट की डेडलाइन नजदीक हो सकती है, जिससे तनाव बढ़ सकता है। जो लोग रिसर्च, अकाउंटिंग या एडमिनिस्ट्रेशन में हैं, उनके लिए दिन श्रेयस्कर रहेगा। फाइनेंशियल टारगेट्स को लेकर बॉस की अपेक्षाएं अधिक हो सकती हैं। खर्च में कटौती करने की आवश्यकता है।

### कुंभ
आज परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रह सकती हैं। कोई पुराना असाइनमेंट या कमिटमेंट बाधा बन सकता है। प्रतिस्पर्धा तेज होगी, विशेषकर वे लोग जो आपकी जगह लेना चाहते हैं, सक्रिय हो सकते हैं। ऐसे समय में अपनी गोपनीय योजनाओं को शेयर न करें। फाइनेंस में कोई अचानक निर्णय लेना नुकसानदेह हो सकता है। घर में किसी बड़े खर्च की संभावना है, जैसे रिनोवेशन या बड़े उपकरण की खरीद।

### धनु
आज विचारों की स्पष्टता और वाणी की कुशलता आपके पेशेवर जीवन में चमक लाएगी। जो लोग मीडिया, लेखन, कॉपीराइटिंग, टेलीकम्युनिकेशन, या कस्टमर रिलेशन में हैं, उन्हें प्रमोशन या बोनस की चर्चा सुनने को मिल सकती है। आर्थिक रूप से आय के अतिरिक्त स्रोत खुल सकते हैं, किसी पुराने निवेश से लाभ भी संभव है। हालांकि, खर्च की प्रवृत्ति भी बढ़ेगी।

### मीन
आज आर्थिक निर्णयों में दूसरों की तुलना में अधिक सजग रहेंगे। किसी वरिष्ठ का मार्गदर्शन आपके लिए लाभकारी रहेगा। रियल एस्टेट, कंस्ट्रक्शन या डीलरशिप से जुड़े लोगों को कोई विशेष डील मिलने की संभावना है। यदि आप साझेदारी में व्यापार कर रहे हैं, तो लाभ की स्थिति बनेगी। जॉब में प्रदर्शन को लेकर प्रशंसा मिलने की उम्मीद है। आय में सुधार के संकेत हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### लीज होल्ड एरिया में ही ओबी डंप करे बीसीसीएल : उपायुक्त

**धनबाद, एजेंसी।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने गुरुवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर की। इस क्रम में उपायुक्त को जानकारी मिली कि ओवर बर्डन (ओबी) को लीज होल्ड एरिया से बाहर डंप किया जा रहा है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए बीसीसीएल को अपने लीज होल्ड एरिया में ही ओबी डंप करने का निर्देश दिया। वहीं सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं बीसीसीएल के संबंधित एरिया जीएम को हर 15 दिन में बैठक करने का निर्देश दिया। समीक्षा के बाद उपायुक्त ने खनिजों के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन को रोकने के लिए सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बीसीसीएल की ओर से कोयले के अवैध खनन के विरुद्ध की गयी कार्रवाई की पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गयी। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी समेत बीसीसीएल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हजारीबाग जेल में नक्सली कैदी ने लगाई फांसी, मौत

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग के लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद एक नक्सली विचाराधीन कैदी ने आत्महत्या कर ली है। वार्ड डी में उसका शव शनिवार सुबह फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान दुमका के काठीकुण्ड थाना क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय छोटा श्यामलाल देहरी उर्फ संतु देहरी उर्फ सोमालाल देहरी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बंदी को 9 फरवरी 2021 को दुमका केंद्रीय कारा से हजारीबाग जेल में स्थानांतरित किया गया था। वह नक्सली गतिविधियों से जुड़े आठ मामलों में विचाराधीन था। जेल प्रशासन ने बताया कि सुबह गिनती के दौरान बंदी अपने स्थान पर नहीं मिला। तलाशी लेने पर वह वार्ड डी में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही जेल के चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जेल प्रशासन ने घटना की सूचना राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और संबंधित विभागों को दे दी है। मृतक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है और वे हजारीबाग के लिए रवाना हो गए हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी जेल में एक सजायाफ्ता कैदी ने आत्महत्या कर ली थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बैंकमोड़ ओवर ब्रिज पर रांग साइड से जाने से मना करने पर पुलिस वालों से मारपीट

**धनबाद, एजेंसी।** बैंकमोड़ ओवर ब्रिज में रांग साइड से जबरन गाड़ी ले जाने के मामला में कार सवार चार युवकों ने ट्रैफिक पुलिस और वहां मौजूद चौकीदार से मारपीट की। इस दौरान एक जवान को गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस ने झरिया बनियाहीर सात नंबर निवासी अविनाश कुमार, झरिया कोयरीबांध निवासी शुभम गुप्ता, झरिया सिंह नगर कतरास मोड़ निवासी रंजन सिंह को पकड़ा और शुक्रवार को सभी को जेल भेज दिया। वहीं गाड़ी से कुचलने का प्रयास करने वाला झरिया कोयरीबांध निवासी अमन सिंह गाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले में ट्रैफिक विभाग के एएसआई मुन्ना कुमार रवि के लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मुन्ना ने बैंक मोड़ पुलिस को बताया कि गुरुवार की देर शाम वह सुभाष चौक, बैंक मोड़ में अन्य जवान बंटी कुमार यादव और चौकीदार विकास भुईया, काजल रवानी के साथ ड्यूटी कर रहे थे। तभी कुछ लोग एक कार (जेएच 10 बीएल 7234) से आये और चौकीदार से बहस करने लगे। वे लोग धनबाद से बैंक मोड़ जाने वाले पुल से वनवे पर रांग साइड से जबरन गुजरने का प्रयास करने लगे। मना पर चार व्यक्ति उतरकर जवान के साथ धक्का–मुक्की, गाली–ग्लौज एवं मारपीट करने लगे। शोर सुन मुन्ना कुमार पहुंचे, तो चारों युवक उसके साथ भी उलझ गये। गाली–गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और कॉलर पकड़कर जमीन पर पटक दिया। इस दौरान एक युवक कार स्टार्ट कर उन लोगों को कुचलने का प्रयास करते हुए कार लेकर भूली मोड़ की ओर भाग गया।

## अतिक्रमण के खिलाफ नोवामुंडी में चलेगा बुलडोजर

# 181 दुकान और मकानों को किया चिन्हित



**नोवामुंडी, एजेंसी।** नोवामुंडी साप्ताहिक हाट प्रांगण में बने शेड पर कब्जा करने व कृषि बाजार समिति की 3.27 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण कर दुकान व मकान बनाने के मामले को नोवामुंडी अंचल के बीडीओ व सीओ ने गंभीरता से लिया है। सीओ मनोज कुमार व बीडीओ पप्पू रजक ने शनिवार को नोवामुंडी साप्ताहिक हाट प्रांगण का निरीक्षण कर जायजा लिया।

उन्होंने नोवामुंडी हाट प्रांगण में ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों को बैठकर साग-सब्जी व वनोत्पाद बेचने के लिये बने शेड और कृषी बाजार समिति के जमीन पर बने मकान समेत अतिक्रमण कर हाट प्रांगण में स्थायी तौर पर बनी दुकानों को चिन्हित करने के लिये अंचलकर्मियों की टीम को निर्देश दिया है।

चिन्हित टीम में अंचल उप निरीक्षक लखिन्द्र कुम्हार, अंचल अमीन घनश्याम लागुरी व तुषार सिंह समेत अंचल गार्ड शामिल हैं। अंचल उप निरीक्षक लखिन्द्र कुम्हार ने पहले दिन की कार्रवाई में अतिक्रमण के जद में आए 181 बाजार शेड के अलावा दुकान व मकानों को चिन्हित किया है।

सोमवार को शेष बची दुकान व मकानों को चिन्हित किया जाएगा। चिन्हित करने के दौरान शिव मंदिर प्रांगण में सब्जी बेच रहे लोगों को हटाकर दुर्गा मंदिर प्रांगण में बेचने के लिये भेज दिया गया। जमीन चिन्हित के दौरान उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसके लिये हाट परिसर स्थित गलियों की साफ-सफाई का निर्देश दिया गया है।

नोवामुंडी साप्ताहिक हाट प्रांगण निरीक्षण के लिये पहुंचे नोवामुंडी बीडीओ ने कहा कि चिन्हित के दौरान 3.27 एकड़ बाजार के नाम पर जमीन उपलब्ध होना चाहिए। यहां तो देखने मात्र से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जमीसन पर अतिरिक्त तौर पर कब्जा किया गया है। उन्होंने अधीनस्थ प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रविंद्र सिंहदेव को बाजार की विडियोग्राफी करने का निर्देश दिया है।

उसके बाद नोटिस भेजकर माइकिंग के बाद कब्जे किये दुकानदारों को अतिक्रमण खाली करने का निर्देश जारी किया जाएगा। निर्देश का पालन नहीं होने पर वलपूर्वक जगह खाली कराया जायेगा। महुदी राजस्व गांव के मुंडा अजय लागुरी को निर्देश देते बताया गया कि जो भी दुकानदार एक से अधिक दुकानों को कब्जा किया है या तो दुकानदारों को आवंटित दुकानों को भाड़े में दे रखा है तो यह सरासर अनुचित है।

उन्हें बस्तुस्थिति की जानकारी लेकर अंचल कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। बताया कि कोई भी ग्रामीण सब्जी विक्रेता खुले आसमान के नीचे बैठकर नहीं बेचेंगे। उन्हें हर हाल में ग्रामीणों के लिये साग-सब्जी व वनोत्पाद बेचने के लिये बने शेड उपलब्ध करा दिया जाएगा।

सीओ मनोज कुमार ने बताया कि फिलहाल नोवामुंडी साप्ताहिक हाट से संबंधित जमीन चिन्हित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। चिन्हित कार्य खत्म होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान महुदी गांव के मुंडा अजय लागुरी, नोवामुंडी बस्ती के मुंडा मनवीर देव सुरेन समेत स्थानीय लोग आदि मौजूद थे।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर राज्य में आयोजित कार्यक्रम : सेलिब्रिटी से अपील- पैसे के लिए ना करें नशे का प्रचार

**राँची, एजेंसी।** आज दुनिया भर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जा रहा है। किसी भी रूप में तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों की समीक्षा की जा रही है और तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति लोगों को कदम उठाने की सलाह दी जा रही है। इसी कड़ी में झारखंड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्यस्तरीय कार्यक्रम रांची सदर अस्पताल के ऑडोटोरियम में हुआ। जिसमें मुस्लिम, समाजसेवियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक कार्यशाला में तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसानों का जिक्र किया गया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ राज्य और भारत बल्कि पूरी दुनिया में होनेवाली यात्राओं में बड़ा कारण तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियां हैं।

इस वर्कशॉप में वक्ता ने कहा कि देश के सेलिब्रेटी से उनका आग्रह है कि वह सिगरेट-सिगरेट या गुटखा का प्रचार न करें क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी आपको रोल मॉडल समझती है। हमें अपनी नई पीढ़ी को इस योग्य बनाना है कि वह अपना अच्छा बुरा समझें। जब एक बार उनकी समझ में आया कि तंबाकू की लत खराब है तो वह कभी नशा या तंबाकू का सेवन नहीं करेगा।

इस कार्यक्रम में रॉयल सिविल सर्जन डॉ. प्रभात, एनसीडी और तंबाकू कंट्रोल के जिला मुख्यालय अधिकारी डॉ. कुमार गुप्ता, एनसीडी के स्टेट ऑफिसर डॉ. बीके सिंह ने अपनी बात रखी। एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में लगभग 47.4प्रतिशत पुरुष जनसंख्या किसी भी रूप में धूम्रपान का सेवन करती है, जबकि महिलाओं में यह प्रतिशत 8.4 प्रतिशत है। राज्य में कैंसर रोग विशेषज्ञ से जुड़े लोगों की वजह से मुंह के कैंसर के मरीजों की संख्या काफी है। एनएफएचएस-5 झारखंड से जुड़ी एक और रिपोर्ट चौकाने वाली है। राज्य में शहरों की विशाल गांव के और महिला तस्कर का अधिक सेवन करते हैं। गाँव में 51 प्रतिशत और 9.6 प्रतिशत महिलाएँ तंबाकू का सेवन करती हैं। शहरों में यह चित्रकारी 37.2 प्रतिशत और 4.8 प्रतिशत है।

इस वर्कशॉप में भाग लें आयो ऑर्थोडॉक्स ने बताया कि ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में 13 से 15 आयु समूह के 5.1 प्रतिशत किशोर तंबाकू का सेवन करते हैं। स्कूल जाने वाली लड़कियाँ राज्य में लड़कों की तरह अधिक ऑक्सीजन का सेवन करती हैं। यह रिपोर्ट यह भी बताती है कि राज्य में तंबाकू सेवन का प्रतिशत 38.9 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत 28.6प्रतिशत से काफी अधिक है। दार्शनिक ने कहा कि राज्य में कैंसर का एक घटक है जिसका कारण किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन है, इसलिए इसे छोड़ना जरूरी है।

## बोकारो में पति के सामने पत्नी से गैंगरेप

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो में सेक्टर-12 थाना में क्षेत्र में एक महिला के साथ उसके पति के सामने ही सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दिलीप कुमार (22), अजय कुमार (26), जय कुमार (27) व एक अन्य शामिल हैं। दुष्कर्म की यह घटना 29 मई की रात करीब 8.30 बजे की है। शुक्रवार को मामला प्रकाश में आया और देर रात तक पुलिस ने छापेमारी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सेक्टर-12 स्थित फोरलेन के बाद झारखंड सरकार की ओर से एक अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है।

यहां धनबाद जिला के महुदा थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति ठेकेदार के अधीन मजदूरी करता है और वहीं झोपड़ी बनाकर रहता है। वह पिछ्ले एक सप्ताह से बीमार था तो उसने अपनी पत्नी को बुला लिया था। 29 मई की रात दंपती सेक्टर-12ए होते हुए हवाई अड्डा के रास्ते से सब्जी खरीदने के लिए दुंदीबाद बाजार आया था। सब्जी आदि लेने के बाद दंपती फिर उसी रास्ते से वापस लौट रहे थे। इस दौरान एक ऑटो पर सवार चार युवकों ने उन्हें घेर लिया। पहले तो उनसे लूटपाट करनी चाही, लेकिन उनके पास कीमती सामान नहीं मिला।

पति ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और हाथ बांध दिए। फिर दोनों को सेक्टर-12ए स्थित एक बंद स्कूल के बाउंड्री के अंदर ले गए। पति को बांधकर वहीं जमीन पर लेटा दिया और पत्नी के साथ आरोपियों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद सभी आरोपी भाग गए।

पीड़ित पत्नी किसी तरह खुद को संभाली और पति को बंधन मुक्त करने के बाद रोते हुए सड़क तक पहुंची। काफी देर तक रोती हुई महिला को देखने पास आसपास रहने वाले लोगों ने जाकर पूछताछ की तो उसने सारी कहानी बताई। घटना सुनकर लोगों ने तुरंत सेक्टर-12 पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और दंपती को अपने साथ ले गई।

## प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष के फैसलों का हो रहा विरोध, पार्टी में हलचल तेज

**रांची, एजेंसी।** कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जहां जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं और सबसे छोटी इकाइयों को मजबूत करने की बात कर रहे हैं।

वहीं, झारखंड कांग्रेस में सबसे छोटी इकाई यानी कि प्रखंड स्तर पर कार्यकर्ताओं को लगातार हतोत्साहित किया जा रहा है। यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों में झारखंड कांग्रेस के 44 प्रखंड अध्यक्षों को हटा दिया गया है।

इनके खिलाफ विभिन्न जिलों में बने कनेक्ट सेंटरों से शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राथमिक शिकायत यही थी कि बार-बार फोन करने के बावजूद इनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है।



महज इसी कारण से इन्हें हटाने का निर्णय लिया गया। हटाने के निर्देश के बाद शिकायतें दिल्ली तक गई और कुछ ही दिनों के भीतर इन्हें वापस जिम्मेदारी दे भी दी गई।

झारखंड कांग्रेस में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। कम से कम नए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पार्टी के लिए जो निर्णय ले रहे हैं उसका तत्काल विरोध हो जा रहा है। कई फैसले पलटे भी गए हैं।

उदाहरण की तौर पर देखिए इसी महीने नौ मई को धनबाद जिले के छह प्रखंडों के अध्यक्षों को बदला गया। इनमें धनबाद, तोपचांची, एगारकुंड, बलियापुर, सिंदरी और बाघमारा प्रखंड के अध्यक्षों को बदला गया। महज चंद दिनों के अंदर 19 मई को पार्टी ने अपना निर्णय बदल लिया और छह से घटाकर पांच प्रखंड अध्यक्षों को हटाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार 19 मई को पलामू के पांच प्रखंडों के अध्यक्षों को बदला गया।

इसी क्रम में बोकारो के चास और चंदनकियारी के प्रखंड अध्यक्षों को बदला गया। इसके साथ ही इन्हीं प्रखंडों में नए प्रखंड अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। जिला अध्यक्षों से तीन-तीन सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम मांगे गए। बढ़ते विवाद के बीच कई लोगों ने शिकायत ऊपर तक पहुंचाई और फिर कार्रवाई रोक भी दी गई।

इन तमाम गतिविधियों के बीच कुछ प्रखंड अध्यक्ष तो बदल दिए गए और कुछ ने वापस अपनी सीट पा ली लेकिन पार्टी के कई कर्मठ कार्यकर्ता राजनीति छोड़कर घर बैठने की तैयारी में जुट गए हैं।

## वन रक्षियों द्वारा निर्माणाधीन अबुआ आवास तोड़े जाने का मामला, एफआईआर दर्ज

**बगोदर, गिरिडीह, एजेंसी।** जिला के बगोदर में निर्माणाधीन अबुआ आवास तोड़ने के आरोपी वन रक्षियों के खिलाफ बीडीओ निशा कुमारी के द्वारा बगोदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। जिसमें वन रक्षी आनंद प्रजापति को नामजद एवं दो अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है। इसको लेकर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। बीडीओ के द्वारा दर्ज कराए गए एफआईआर में कहा गया है कि खेतको निवासी तारा कुमारी पांडेय को 2024-25 में अबुआ आवास की स्वीकृति हुई है। आवास का निर्माण लिंटल लेबल तक किया जा चुका था।



तीन दिन पहले वर्दी पहने तीन लोगों के द्वारा जबरन आवास को गिरा दिया गया है। तीनों हेलमेट में थे, इसमें एक की पहचान आनंद प्रजापति के रूप में की गई है, जो वन रक्षी है। इधर भाकपा माले के द्वारा शनिवार को बगोदर बाजार में प्रतिवाद मार्च निकालकर निर्माणाधीन अबुआ आवास तोड़ने के आरोपी वन रक्षियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

इस प्रतिवाद मार्च के द्वारा वन रक्षियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। माले नेताओं का आरोप है कि वर्दी का धौंस जमाकर भूमिहीन महिला के आशियाना को बनने से पूर्व वन रक्षियों ने उजाड़ने का काम किया है। भाकपा माले ऐसे वन रक्षियों से धौंसने वाला नहीं है। वन रक्षियों पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

पार्टी नेता पूरन महतो ने आरोपी वन रक्षियों को अविलंब गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। महिला को इंसाफ दिलाने के लिए भाकपा माले सड़क पर उतरकर आगे भी आंदोलन करेगी। जब तक इंसाफ नहीं मिल जाता भाकपा माले चुप नहीं बैठेगी। इस मौके पर पूर्व जिप सदस्य सरिता महतो, भाकपा माले नेता तेज नारायण पासवान, खुबलाल महतो, फारुख नारायण महतो सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

दूसरी ओर निर्माणाधीन अबुआ आवास तोड़े जाने की सूचना मिलने पर डुमरी विधायक जयराम महतो शनिवार को खेतको पहुंचे। उन्होंने भुक्तभोगी परिजनों से मुलाकात किया। वन रक्षियों के द्वारा तोड़े गए आवास का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने वन रक्षियों के इस कार्रवाई की भी आलोचना की एवं मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## सरना जमीन अतिक्रमण विवाद ! थाना में तोड़फोड़, पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की -

**रांची, एजेंसी।** बेड़ो थाना क्षेत्र के महादानी मैदान के पास सरना की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने का मामला शनिवार को आक्रोश में बदल गया. अतिक्रमण हटाने के लिए लाये गये निजी जेसीबी के चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इसकी सूचना मिलने पर सरना धर्मावलंबी शनिवार की देर रात बेड़ो थाना पहुंचे और उग्र प्रदर्शन किया. ग्रामीणों की भीड़ ने थाना में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की. कार्यालय कक्ष में रखे कागजात को नुकसान पहुंचाया।



मामले में डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि पुलिस ने उग्र लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है, जिसके तहत कार्रवाई भी की जाएगी. उन्होंने बताया कि महादानी मैदान स्थित सरना स्थल का अतिक्रमण किए जाने के विरोध में सरना धर्मावलंबियों ने पड़हा सम्मेलन का आयोजन किया था. स्थल को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की थी. सरना स्थल पर अतिक्रमण मुक्त करने की मांगों के साथ सरना स्थल महादानी मैदान में बेड़ी के पहान, पुजार ने पूजा-अर्चना कर झंडा गड़ी कर दी. जिसे लेकर दिन भर प्रशासन और सरना धर्म के अगुवा के बीच वार्ता हुई।

सीओ प्रताप मिंज और डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ग्रामीणों को समझाते रहे. सीओ ने 24 घंटे के अंदर सरना स्थल की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का नोटिस जारी किया. तब जाकर सरना धर्मावलंबी शांत हुए. सीओ ने कहा कि सरना स्थल को अतिक्रमण मुक्त कर चिह्नित कर दिया जाएगा. सरना स्थल के नाम पर एक एकड़ पांच डिसमिल भूमि दर्ज है. शेष सरकारी भूमि है. मौके पर पहान-पुजार, महतो, पैनभरवा, पडहा और सरना समुदाय के लोग मौजूद थे. इधर, तोड़फोड़ के बाद बेड़ो थाना पुलिस छावनी में तब्दील है।

## हजारीबाग के किसान का बेटा बना स्टेट थर्ड टॉपर, जबकि गिरिडीह की बेटी बनी चौथी टॉपर

**हजारीबाग, एजेंसी।** जिले का बड़कागांव रत्नगर्भा है। एक ओर जहां बड़कागांव देश को कोयला उपलब्ध करा रहा है। वहीं दूसरी ओर यहां के छात्र भी पूरे राज्य भर में अपना परचम लहरा रहे हैं। जिले के एक किसान के बेटा ने पूरे राज्य में विज्ञान संकाय में तीसरा स्थान लाकर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। किशोर कुमार ने बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल से पढ़ाई की है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि गांव के स्कूल में भी पढ़ाई करके पूरे राज्य भर में कीर्तिमान स्थापित किया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने कोचिंग या ट्यूशन भी नहीं ली। कड़ी मेहनत और ईमानदारी से किए गए हर काम का परिणाम सकारात्मक होता है। इस बात को बड़कागांव के रहने वाले किशोर कुमार ने साबित कर दिया है। उसने जैक बोर्ड के इंटरमीडिएट परीक्षा में



विज्ञान विषय में राज्य में तीसरा स्थान लाकर इतिहास रच दिया। किशोर कुमार बेहद गरीब परिवार से तालुक रखते हैं। उसके पिता किसान हैं। खेती करके ही पूरे परिवार का भरण पोषण करते हैं। मां घर का काम करती हैं।

अभाव भरे जीवन में किशोर कुमार ने यह बता दिया कि ईमानदारी से पढ़ाई किया जाए तो कामयाबी कदम चूमती है। किशोर कुमार की इस उपलब्धि पर बड़कागांव समेत हजारीबाग का नाम राज्य भर में रोशन हो रहा है। किशोर आगे चलकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने जेईई मेंस में 96 प्रतिशत अंक भी हासिल किया है। वे जेईई एडवांस परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। किशोर से एक बड़ी बहन और एक उससे छोटी बहन है। किशोर की सफलता पर परिवार के साथ गांव के लोग भी काफी खुश दिख रहे हैं। किशोर बचपन से ही प्रतिभाशाली रहा है। वो अपनी पढ़ाई-लिखाई में शुरू से अव्वल रहा है। हमेशा स्कूल में पहला स्थान प्राप्त करता था। राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर घर परिवार को गौरवान्वित कर दिया है। उनके पिता कहते हैं कि पुत्र के परिश्रम का परिणाम सामने आया है।

गिरिडीह की छात्रा साक्षी ने 473 अंक प्राप्त कर पूरे राज्य में चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही साक्षी गिरिडीह जिला की टॉपर भी बनी हैं। साक्षी की इस सफलता से उसके परिवार एवं पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। साक्षी की इस सफलता पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका और बच्चे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## विकास जहां शुरू होता है, वहां बाधा बन खड़े हो जाते हैं मरांडी : इरफान

**रांची, एजेंसी।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स टू परियोजना को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने मरांडी को झूठ की राजनीति का झंडाबरदार बताया है।

कहा कि विकास जहां शुरू होता है, वहां बाबूलाल मरांडी बाधा बनकर खड़ा हो जाते हैं। डॉ. अंसारी ने कहा कि आज बाबूलाल आदिवासी हितैषी बनने का नाटक कर रहे हैं, जबकि असलियत यह है कि उनसे बड़ा आदिवासी विरोधी कोई है ही नहीं।

उन्होंने पूछा कि जब रघुवर दास सरकार ने आदिवासियों की जमीन को विधानसभा भवन और स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर उजाड़ने का काम किया था, तब बाबूलाल मौन क्यों थे तब आदिवासियों के प्रति उनकी संवेदनशीलता कहां सोई थी। उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सरकार आदिवासियों एवं मूलवासियों की सरकार है, भाजपा की तरह दलालों की नहीं। सरकारी जमीन पर प्रस्तावित है रिम्स टू डॉ. इरफान अंसारी ने दो



टूक कहा कि रिम्स टू किसी भी आदिवासी या किसान की निजी खेती की जमीन पर नहीं बन रहा है, बल्कि यह पूरी तरह से राज्य सरकार की स्वामित्व वाली जमीन पर प्रस्तावित है। झूठ फैलाना और लोगों को गुमराह करना भाजपा का पुराना हथकंडा है। बाबूलाल मरांडी जानबूझकर आदिवासी समाज को भड़काकर सस्ती राजनीति करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मरांडी आदिवासी कार्ड खेलकर सिर्फ अपनी सियासी जमीन की तलाश कर रहे हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अतिथि शिक्षक की हत्या करने वाले 3 नक्सली गिरफ्तार, घोषित था 21 लाख का इनाम



**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या के खात्मे की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे सुरक्षाबलों को शनिवार को कुछ और सफलता मिली। इस दौरान पुलिस ने सुकमा से तीन नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया, जिन पर कुल 21 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इस बारे में शनिवार को जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सलियों पर पिछले साल जिले में हुई एक शिक्षादूत (अस्थायी अतिथि शिक्षक) की हत्या की वारदात में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अधिकारी ने आगे कहा कि गिरफ्तार कैडरों की पहचान डोडी पोडिया (36), डोडी पांडू (18) और डोडी नंदू (28) के रूप में हुई है, जिन्हें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 165वीं बटालियन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने उनके पैतृक स्थान जगरगुंडा थाना क्षेत्र के गोंडपल्ली से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा कि माओवादियों के प्लाटून पार्टी कमेटी के सदस्य पोडिया और पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी कंपनी नंबर 10 के पार्टी सदस्य पांडू दोनों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था, जबकि नंदू पर 5 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस अधिकारी ने आगे बताया कि इन तीनों ने मिलकर पिछले साल 13 सितंबर को शिक्षा दूत डोडी अर्जुन (25) की पिटाई के बाद गला घोंटकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने अर्जुन के पैतृक गांव गोंडपल्ली में इस वारदात को अंजाम दिया था। नक्सलियों ने उन पर पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों नक्सली उस हत्या की वारदात में शामिल थे। पिछले साल बस्तर क्षेत्र में 925 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया था। बस्तर क्षेत्र में सुकमा समेत सात जिले शामिल हैं।


### गुरुग्राम के साढ़े 3 लाख से अधिक घरों में सीवर के अवैध कनेक्शन, सर्वे में खुलासा



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में साढ़े तीन लाख से अधिक घरों में सीवर के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। नगर निगम की तरफ से किए गए सर्वे में इसका खुलासा हुआ है। अवैध सीवर कनेक्शनों के कारण निगम को हर माह लाखों रुपयों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। 28 मई को चंडीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हुई बैठक में सीएम ने इन सभी सीवर कनेक्शनों को नियमित करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि शहर में अवैध सीवर कनेक्शनों के कारण सीवर लाइन जाम होने और ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। सीवर ओवरफ्लो और जाम की समस्या को लेकर रोजाना 200 से अधिक शिकायतें दर्ज हो रही हैं। शिकायतें ज्यादा दर्ज होने के कारण 50 फीसदी शिकायतों का समाधान तक नहीं हो पाता है। गुरुग्राम नगर निगम के सर्वे में पता चला है निगम क्षेत्र में कुल 5 लाख 52 हजार 190 घरों में सीवर के कनेक्शन चल रहे हैं। इनमें से 1 लाख 84 हजार 260 घरों में निगम के नियमित सीवर के कनेक्शन हैं। सर्वे के अनुसार, 3 लाख 67 हजार 930 घरों में अवैध रूप से सीवर के कनेक्शन चल रहे हैं। बीते दो दशक से यह सीवर के कनेक्शन चल रहे हैं। नियमों के अनुसार, सीवर कनेक्शन लगाने से पहले निगम में इसके लिए आवेदन करना होता है। इसके बाद निर्धारित फीस जमा करवाकर ही निगम से सीवर का कनेक्शन लेना होता है, लेकिन नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोग निगम की बिना अनुमति ही अवैध रूप से सीवर कनेक्शन लिए हुए हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि नगर निगम के क्षेत्र में कुल 165 जगहों पर अवैध रूप से सीवर के कनेक्शन लेग-1, 2 और तीन में 269.84 एमएलडी सीवर का पानी बिना निस्तारण के ही बहाया जा रहा है। इसमें से निगम ने 149 जगहों से 208.09 एमएलडी सीवर के पानी को इन नालों से हटाकर निस्तारित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। जबकि 16 जगहों पर अभी भी 61.75 एमएलडी सीवर का पानी बिना निस्तारित ही इन तीनों नालों में बहाया जा रहा है। निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर में चल रहे सीवर के अवैध कनेक्शनों को नियमित करवाने के लिए योजना बनाई जाएगी। इसको लेकर अवैध सीवर कनेक्शनों को लेकर इनको काटने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है। सीवर कनेक्शन कटने के बाद ही लोग इनको नियमित करवाएंगे। निगम की तरफ से चारों जोन में अवैध कनेक्शनों की पहचान करने काम शुरू कर दिया है। प्रदीप दहिया, निगम आयुक्त, गुरुग्राम, सीवर के जितने भी अवैध कनेक्शन हैं, उनको नियमित करने के लिए योजना बनाई जा रही है।

# होमगार्ड के 700 पद भरे जाएंगे, 203 पंचायत सचिव होंगे नियमितः मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित कैबिनेट बैठक में जनहित से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में जहां गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में 700 स्वयंसेवकों (होमगार्ड) की भर्ती को हरी झंडी दी गई, वहीं पंचायत सचिवों की सेवाएं नियमित करने, डिपॉजिट रिफंड योजना लागू करने और रेजिडेंट डॉक्टर नीति में संशोधन जैसे फैसले भी लिए गए।



एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में वर्ष 31 मार्च 2025 तक दो साल की अनुबंध सेवा पूरी कर चुके जिला परिषद कैडर के 203 पंचायत सचिवों की सेवाएं नियमित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पंचायती राज संस्थाओं के अध्यक्षों और सदस्यों के लिए वर्ष 2010 की तर्ज पर डि-नोवो आरक्षण रोस्टर शुरू करने को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी गई।

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ा बड़ा निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, टांडा में सीनियर रेजीडेंस के लिए पात्रता से पहले एक वर्ष की फील्ड पोस्टिंग की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। यह संशोधन अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटीज, चमियाणा में अपनाई गई नीति के अनुरूप होगा। इसका उद्देश्य चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगठित बनाना है।

कैबिनेट में हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही राज्य में गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को कम करने और पर्यावरणीय संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए डिपॉजिट रिफंड स्कीम-2025 शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस योजना के तहत उपभोक्ता निर्धारित उत्पाद खरीदते समय कुछ अतिरिक्त राशि जमा करेंगे, जो खाली कंटेनर लौटाने पर वापस मिल जाएगी। यह योजना कांच की बोतलों, प्लास्टिक और एल्यूमीनियम कंटेनरों, तरल पैकेजिंग और बहुस्तरीय पैकेजिंग जैसी सामग्रियों पर लागू होगी। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। वन और पर्यावरण की दिशा में भी एक अहम निर्णय लेते हुए कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम को राज्य के वन क्षेत्रों में स्थित नदियों और तालाबों से लघु खनिजों को एकत्र करने और ड्रेजिंग ऑपरेशन की अनुमति दी है। इसका उद्देश्य बेहतर स्रोत प्रबंधन और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखना है। शिक्षा क्षेत्र में भी विस्तार करते हुए बैठक में सोलन जिले के रामशहर शिक्षा खंड को विभाजित कर बद्दी में नया प्रारंभिक शिक्षा खंड स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस नए खंड के संचालन के लिए आवश्यक पद सृजित किए जाएंगे।इसके अलावा कांगड़ा जिले के सुलह, भवारना और लम्बागांव तथा हमीरपुर जिले के भोरंज विकास खंड का पुनर्गठन करने का निर्णय भी लिया गया है।

# एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 1 लाख का इनामी अजय तिवारी, साथी भी गिरफ्तार; धोखाधड़ी के मामलों में था फरार



**गोरखपुर , एजेंसी।**
कभी शराब तस्करी में शामिल रहा गबन के आरोपी अजय तिवारी और उसके साथी रमेश यादव को गोरखपुर की एसटीएफ ने शनिवार की शाम कुशीनगर से दबोच लिया। अजय पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। देवरिया में दर्ज धोखाधड़ी के कई मामलों में अजय फरार चल रहा था। देर रात तक कोतवाली पुलिस इनामी अजय और रमेश से पूछताछ कर रही थी। पुलिस के अनुसार उसने पूछताछ में शराब तस्करी कराने की बात भी कबूल की है।

शराब कारोबार में शामिल देवरिया के रामगुलाम टोला निवासी अजय तिवारी पुत्र चुम्मन तिवारी का 11 दिसंबर 2023 को बनकटा थाना क्षेत्र के जंजीरहा में पकड़ी गई अवैध शराब के मामले में नाम आया। इसके बाद इसके विरुद्ध लगातार जालसाजी के मुकदमे दर्ज होने लगे। 25 दिसंबर 2024 को सलेमपुर की ब्लाक प्रमुख सीमा सिंह ने अजय तिवारी, उसकी पत्नी जागृति चौधरी, रामचंद्र यादव व रमेश यादव के विरुद्ध 2.61 करोड़ का धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। इसके बाद 8 दिसंबर 2024 लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत निवासी अमरेश प्रताप सिंह ने अजय तिवारी, रामचंद्र यादव व रमेश यादव के विरुद्ध 1.14 करोड़ रुपये हड़प लेने का केस दर्ज कराया।

इसी तरह देवरिया खास की रहने वाली उमा जायसवाल ने 12 फरवरी 2025 को सदर कोतवाली में अजय तिवारी व उसकी पत्नी जागृति चौधरी पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया। 12 फरवरी को ही न्यू कालोनी निवासी संजय पांडेय ने अजय व उसकी पत्नी जागृति चौधरी के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया। 21 मई 2025 को तिवारी टोला लार निवासी सोनू जायसवाल ने भी अजय तिवारी के विरुद्ध 69 लाख रुपये हड़प लेने का केस दर्ज कराया है।

केस दर्ज होने के बाद से ही अजय तिवारी, उसकी पत्नी औअन्य आरोपी फरार चल रहे थे। अजय तिवारी पर एक लाख रुपये का इनाम तो उसके साथी रमेश यादव निवासी सिरसिया महादेवा थाना रामपुर कारखाना के ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अजय की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ लगाई गई थी। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ गोरखपुर की टीम ने अजय तिवारी और उसके साथी रमेश यादव को देर शाम कुशीनगर जनपद से दबोच लिया और कोतवाली लेकर चली आई। देर रात तक कोतवाली में एसओजी, एसटीएफ व कोतवाली पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही थी।

## जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच दोस्ती का पुल होना चाहिए, युद्ध का मैदान नहीं: महबूबा मुफ्ती

**कश्मीर , एजेंसी।**
पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भारत और पाकिस्तान के रिश्ते पर शनिवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत-पाकिस्तान के बीच दोस्ती का पुल होना चाहिए, न कि युद्ध मैदान। मुफ्ती ने श्रीनगर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर ने हमेशा युद्ध और हिंसा का दंश झेला है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की तुलना 'दो लड़ते हाथियों के पैरों तले रौंदी गई घास' से की। मुफ्ती ने कहा, पीडीपी शांति के लिए आवाज उठाना जारी रखेगी और लोगों की भावनाओं को समझेगी। हमें युद्ध के डर को खत्म करना चाहिए ताकि लोग अपना जीवन आगे बढ़ा सकें और अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित कर सकें।



महबूबा मुफ्ती ने कहा, जम्मू-कश्मीर को समझ, दोस्ती और सहयोग का पुल बनना चाहिए, युद्ध का अखाड़ा नहीं। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने नेशनल कॉन्फ्रेंस नेतृत्व की ओर से हाल ही में की गई टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। एनसी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को तेज करने का आह्वान किया था। महबूबा मुफ्ती ने कहा, जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया गया था, तब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ही थे जिन्होंने इस कदम की सराहना की थी। यहां तक कि पाकिस्तान को पानी की आपूर्ति को तत्काल रोकने की वकालत की थी। पीडीपी चीफ ने कहा, 'पाकिस्तान की सरकार के साथ हमारे राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन वहां के लोगों के साथ नहीं। यह दुखद है कि देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य के नेता की ओर से ऐसी टिप्पणियां की जा रही हैं।

## तेज प्रताप ने लालू यादव और राबड़ी देवी के लिए लिखा भावुक संदेश

**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की तस्वीर एक महिला के साथ वायरल होने के बाद उन्हें पार्टी और परिवार से बाहर निकाल दिया गया है। इसके लिए लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक बयान भी जारी किया था। परिवार से बाहर निकाले जाने के बाद अब तेज प्रताप यादव भावुक नजर आ रहे हैं। तेज प्रताप यादव ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने माता-पिता लालू यादव और राबड़ी देवी के लिए भावुक संदेश लिखा है। तेज प्रताप यादव ने पोस्ट में अपने माता-पिता को सर्वोपरि बताया है और कहा कि उन्हें किसी राजनीतिक पद की कोई लालसा नहीं है। उन्हें सिर्फ अपने माता-पिता का प्यार और आशीर्वाद चाहिए। तेज प्रताप यादव ने एक्स पोस्ट पर लिखा- मेरे प्यारे मम्मी पापा....मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है।

## कोर्ट के आदेश के मुताबिक ही मस्जिदों से उतारें जाएं लाउडस्पीकर, नहीं तो होगा आंदोलन : अबु आजमी

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबु आजमी ने राज्य में भाजपा नेता किरिट सोमैया की शिकायत पर पुलिस अधिकारियों द्वारा मस्जिदों के लाउडस्पीकर उतारे जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। अबु आजमी ने कहा कि पुलिस अधिकारी मस्जिद से लाउडस्पीकर उतारने के लिए कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश की प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे हैं। अबु आजमी ने शनिवार को यहां एक प्रेस वार्ता में कहा, हम कानून और संविधान को मानते हैं लेकिन हमारे साथ लगातार गलत हो रहा है। राजनीतिक लाभ के लिए कुछ लोग मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतारने की शिकायत पुलिस में दे रहे हैं। पुलिस यह जानने की कोशिश नहीं कर रही कि क्षेत्र के लोगों को दिक्कत है या नहीं और बलपूर्वक लाउडस्पीकर उतार रही है। यह गलत है। इससे कानून-व्यवस्था खराब होगी।



उन्होंने कहा कि कोर्ट ने लाउडस्पीकर हटाने की जिस प्रक्रिया को निर्देशित किया है, उसका पालन किया जाना चाहिए। सबसे पहले आप चेतावनी दीजिए, फिर बात कीजिए। इसके बाद नोटिस भेजिए और फिर भी समस्या रहती है तो आसपास के लोगों के माध्यम से लाउडस्पीकर को हटाया जाना चाहिए। सपा नेता ने कहा, इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलूंगा, अगर हमारी मांग नहीं मानी जाती है तो हम इस कार्रवाई के खिलाफ कोर्ट जाएंगे और बड़ा आंदोलन करेंगे। मुसलमानों को कमजोर न समझा जाए। कानून के दायरे में रहते हुए हम विरोध करेंगे।

अबु आजमी ने कहा, 2014 के बाद आई सरकार हिंदू और मुसलमानों को लड़वाकर सत्ता में बने रहना चाहती है, बेशक देश बर्बाद हो जाए। हमने कभी कांवरियों या गणपति पूजा को लेकर कोई विरोध नहीं किया, लेकिन हमारे मस्जिद के सामने नमाज पढ़ने से दिक्कत है। यह एक कौम के साथ ज्यादती है। आजमी ने कहा, भाजपा नेता किरिट सोमैया जानबूझकर ऐसे मुद्दे उछाल रहे हैं जिससे हिंदू और मुसलमानों के बीच तनाव पैदा हो। उन्हें टिकट चाहिए, इसलिए वह ऐसा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिलेगा। आईआरसीटीसी के चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस के मेनू से नॉनवेज हटाने के सवाल पर उन्होंने कहा, भगवान ने जो दांत खाने के लिए दिए हैं, उन्हें भी तोड़ दो। हिंदी भाषा से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, मेरा निजी रूप से मानना है कि एक ऐसी भाषा होनी चाहिए, जो पूरे देश में बोली जाए।

## यूपी में सांसद और विधायक की तरह जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के चुनाव की तैयारी, योगी से मिले राजभर

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच प्रदेश सरकार जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख चुनाव की प्रक्रिया में बड़े बदलाव की कोशिश में है। सांसद और विधायक की तरह ये दोनों चुनाव भी सीधे जनता से कराने को लेकर राज्य सरकार जल्द ही केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजेगी। सरकार की ओर से की जा रही तैयारियों को लेकर उत्तर प्रदेश में एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा के अध्यक्ष और पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने संकेत दिए हैं। शुक्रवार की शाम उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में उन्होंने योगी के सामने प्रस्ताव रखा कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि वह पिछले चुनाव में ही यह चाहते थे। अधिकारियों से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहेंगे। इस मुलाकात के दौरान ओम प्रकाश राजभर के पुत्र सुभासपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी साथ थे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। शासन ने ग्राम पंचायतों का परिसीमन करने का निर्देश दिया है।

# नर्स कर रही थी मोबाइल पर बात ! टेप काटने की जगह काट दी नवजात की ऊंगली

**वेल्लोर, एजेंसी।**
तमिलनाडु के वेल्लोर जिले के एक सरकारी अस्पताल में लापरवाही का ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर हर कोई दंग रह गया। बताया जा रहा है कि एक नर्स की गलती से एक नवजात शिशु की उंगली ही कट गई। यह घटना 24 मई को घटी, जब वेल्लोर के अस्पताल में मल्लिपालयम निवासी विमलराज ने अपनी गर्भवती पत्नी निवेथा को भर्ती कराया था। कुछ ही घंटों बाद निवेथा ने एक बेटे को जन्म दिया।

डॉक्टरों के मुताबिक, बच्चे के शरीर में शुगर की मात्रा कम थी, इसलिए उसे ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा था। इसी दौरान जब एक नर्स ग्लूकोज के सुई की जगह बदल रही थी, तब उसने टेप काटने के लिए कैंची का इस्तेमाल किया और गलती से नवजात की उंगली ही काट दी। आरोप है कि इस दौरान नर्स मोबाइल पर बात कर रही थी और पूरी तरह लापरवाह थी। पीड़ित पिता विमलराज ने बताया कि हादसे के बाद उन्हें करीब डेढ़ घंटे तक बच्चे से मिलने तक नहीं दिया गया। उनका कहना है कि यह सीधी-सीधी लापरवाही और अनदेखी है, जिसकी भारी कीमत उनके बच्चे को चुकानी पड़ी। घटना सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। बच्चे को तुरंत बेहतर इलाज के लिए चेन्नई के स्टैनली अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



वेल्लोर की जिलाधिकारी सुब्बुलक्ष्मी ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा, अगर यह साबित हो गया कि नर्स फोन पर बात कर रही थी, तो उसे सबसे सख्त सजा दी जाएगी। वैसे भी उस प्रक्रिया में कैंची की जरूरत ही नहीं थी, इसे हाथ से किया जा सकता था।

# विचारधारा के सच्चे सिपाही है भजनलाल शर्मा इसीलिए सीएम बनाया है - जेपी नड्डा

**जयपुर, एजेंसी।**
रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर जयपुर में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सरकार की योजनाओं और राजनीतिक दृष्टिकोण का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। सम्मेलन में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि वे विचारधारा से जुड़े, जमीन से निकले और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्हें इसी निष्ठा के चलते प्रदेश की कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दिन-रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हैं और यही कारण है कि पार्टी ने उन्हें नेतृत्व सौंपा है।

नड्डा ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें स्वार्थ और सत्ता के लिए काम करती थीं, जबकि भाजपा की सरकारें सेवा और जनकल्याण के लिए कार्य करती हैं। उन्होंने कहा, अगर फर्क करना है तो दिन को चुनिए, क्योंकि हमारी राजनीति अंधेरे में नहीं, उजाले में विश्वास करती है।

विपक्ष पर हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि हमारे विरोधियों के पास न नीति है, न नीयत। वे केवल सत्ता की राजनीति करते हैं, जबकि भाजपा सेवा को राजनीति का आधार मानती है। महिला सुरक्षा के मोर्चे पर नड्डा ने 150 नई कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा भाजपा की प्राथमिकताओं में है और यह कदम उसी दिशा में बढ़ाया गया है। स्वास्थ्य योजनाओं का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया कि देशभर में 1.77 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही 30 वर्ष तक की महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर और पुरुषों की हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग शुरू की जाएगी।




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में रानी अहिल्याबाई के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से राज्य सरकार ने 5 कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, 2 जनजातीय आश्रम छात्रावास और 150 महिला सुरक्षा वाहन शुरू किए हैं। सम्मेलन में 'लखपति दीदी योजना' के तहत 7.8 लाख महिलाओं को सशक्त किया गया है। 'लाडो प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत 2.3 लाख बालिकाओं को 1.5 लाख के बॉन्ड दिए गए हैं। इसके अलावा एसटी छात्राओं को प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप, दूरस्थ शिक्षा योजना, गर्गी पुरस्कार, कालीबाई स्कूटी योजना जैसी कई योजनाओं की भी सौगात दी गई।

नड्डा ने एमएनआईटी पहुंचकर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पौधारोपण भी किया। सम्मेलन में 'गर्भ की पाठशाला योजना', 'स्वस्थ नारी चेतना अभियान', 'गर्भावधि मधुमेह कार्यक्रम' और आयुष्मान भारत मिशन जैसी कई स्वास्थ्य पहलों का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि 23 नए मेडिकल कॉलेजों के साथ 63 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया गया है। इस महासम्मेलन में महिला शक्ति को समर्पित योजनाओं की झलक और सरकार की सेवा-नीति का स्पष्ट संदेश देखने को मिला।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

### यूईएफए चैंपियंस लीग:

## पीएसजी के पहली बार चैंपियंस लीग का खिताब जीतने पर फैंस ने मचाया उत्पात

**पेरिस, एजेंसी।** पीएसजी की जीत के बाद पेरिस में फैंस ने आपा खो दिया। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, फैंस ने जमकर बवाल किया। सड़कों पर आतिशबाजी की और गाड़ियों में आग लगाई। पुलिस फिलहाल शांति प्रयास में जुटी हुई है।फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने यूएफा चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया है। शनिवार देर रात खेले गए मुकाबले में पीएसजी ने इटैलियन क्लब इंटर मिलान को 5-0 से रौंद दिया। यह पीएसजी का पहला चैंपियंस लीग खिताब है और इसके बाद पेरिस में जश्न मनाने के लिए लोग सड़कों पर आ गए। पेरिस में जश्न मनाने को लेकर खूब बवाल हुआ और पुलिस को मामले को शांत कराना पड़ा। इसके कई वीडियोज भी सामने आए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फैंस ने पुलिस पर हमला भी किया। गाड़ियों में भी आग लगाई और जमकर बवाल काटा। जर्मनी के म्यूनिख के एलियांज अरेना में खेले गए फाइनल में पीएसजी ने एकतरफा अंदाज में मैच जीता। टीम ने 12वें मिनट में अशरफ हकीमी के गोल से बढ़त बना ली थी। इसके बाद डेआईरी डूआय ने 20वें मिनट में गोल दाग पीएसजी को 2-0 से बढ़त दिला दी। हाफ टाइम तक पीएसजी 2-0 से आगे थी। इसके बाद 63वें मिनट में डेआईरी ने मैच में अपना दूसरा और पीएसजी का तीसरा गोल दागा। फिर ख्विचा क्वारातखेलिया ने 73वें मिनट और सेनी मयूलू ने 86वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 5-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इंटर मिलान के लिए वापसी करना नामुमकिन था। इस तरह पीएसजी ने अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब जीता।




### नार्वे चेस:

## गुकेश का उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी, वेई से हारे, एरिगैसी ने नाकामुरा को हराया

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी।** इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।



उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की, जबकि आर वैशाली ने स्पेन की खिलाड़ी सारा खादेम के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की, जिससे उन्हें तीन अंक मिले और वह 6.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

### हॉकी:

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को मिली जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट ) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किये जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट ) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किये जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया।

हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला।

### एबी डिविलियर्स को उम्मीद

## आरसीबी जीतेगी अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी



**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल-2025 में गुरुवार को क्वालीफायर-1 खेला गया, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इसी के साथ आरसीबी 9 साल बाद आईपीएल के फाइनल में पहुंची है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपनी पूर्व आईपीएल फ्रेंचाइजी को इस साल अपना पहला खिताब जीतने के लिए सपोर्ट किया है।

इस साल आरसीबी शानदार फॉर्म में है। फ्रेंचाइजी ने इस सीजन अब तक सिर्फ चार मैच गंवाए हैं। उन्होंने लीग स्टेज का समापन 19 प्वाइंट्स के साथ किया। टीम प्वाइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर रही। विराट कोहली और फिल साल्ट क्रमशः 614 और 387 रनों के साथ फ्रेंचाइजी के लिए रन बनाने में सबसे आगे हैं। इस जोड़ी को कप्तान रजत पाटीदार, जितेश शर्मा और क्रुणाल पांड्या सहित मिडल ऑर्डर के बल्लेबाजों का सपोर्ट मिला है। गेंदबाजी के मोर्चे पर जोश हेजलवुड 11 मैचों में 21 विकेट लेकर टीम के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जबकि क्रुणाल पांड्या (15 विकेट), भुवनेश्वर कुमार (15 विकेट) और यश दयाल (12 विकेट) भी टीम को संतुलित बनाने में योगदान दे रहे हैं। डिविलियर्स ने मुंबई में पत्रकारों से कहा मैं बहुत खुश हूं कि आरसीबी फाइनल में है। हमने कल रात एमआई को जीतते हुए देखा। इसलिए यह पंजाब और एमआई के बीच एक बहुत अच्छा क्वालीफायर, नॉकआउट मैच भी होगा। उस मैच का बेसब्री से इंतजार है, और जो भी इसे जीतेगा वह फाइनल में आरसीबी से खेलेगा।

इसलिए मैं फाइनल का बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद है कि यह साल आरसीबी के लिए शानदार रहेगा। दिग्गज बल्लेबाज ने पंजाब किंग्स को आरसीबी के खिलाफ फाइनल खेलने का समर्थन किया, लेकिन शुक्रवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुंबई इंडियंस के दबदबे को देखने के बाद वे संशय में हैं।

उन्होंने कहा, मैंने काफी समय पहले, लगभग एक महीने पहले कहा था कि पंजाब और आरसीबी फाइनल में होंगे। एमआई अभी बहुत मजबूत दिख रही है, इसलिए ऐसा लगता है कि मेरे कहने के विपरीत हालात हैं, लेकिन यह अभी भी क्रिकेट है। आप कभी नहीं जानते। यह एक नॉकआउट मैच है। अपने विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए एक या दो बेहतरीन प्रदर्शन की जरूरत होती है।

इसलिए मुझे लगता है कि पंजाब की टीम फाइनल में होगी, लेकिन कल रात का खेल देखने के बाद मेरे मन में थोड़ा संदेह है। पंजाब किंग्स अब रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालीफायर 2 मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम इसी मैदान पर 3 जून को आरसीबी के खिलाफ फाइनल खेलेगी।

### बीसीसीआई को मिलेगा नया अध्यक्ष?

## रोजर बिन्नी को रिप्लेस करने की रेस में ये दिग्गज सबसे आगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में जल्द ही एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है. मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई 2025 को 70 साल के हो जाएंगे, जिसके बाद बीसीसीआई के नियमों के अनुसार उन्हें अपने पद से हटना होगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नियम के तहत बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों को 70 साल की उम्र के बाद अपने पद छोड़ने होते हैं. ऐसे में रोजर बिन्नी को रिप्लेस करने की रेस में एक दिग्गज सबसे आगे हैं. ये दिग्गज अंतरिम अध्यक्ष के रूप में जुलाई में ही यह जिम्मेदारी संभाल सकता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला मौजूदा बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी को रिप्लेस कर सकते हैं. अंतरिम अध्यक्ष के रूप में जुलाई में ही यह जिम्मेदारी संभाल सकते हैं. राजीव शुक्ला लंबे समय से भारतीय क्रिकेट प्रशासन से जुड़े रहे हैं. वह पहले आईपीएल के चेयरमैन रह चुके हैं और बीसीसीआई में कई अहम भूमिकाएं निभा चुके हैं.

एक अनुभवी राजनेता और पूर्व पत्रकार होने के नाते, शुक्ला का क्रिकेट जगत में काफी अनुभव है. क्रिकब्लॉगर ने बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी का हवाला देते हुए दावा किया है कि राजीव शुक्ला जुलाई में ही रोजर बिन्नी की जगह ले सकते हैं और बोर्ड के अधिकारी पहले से ही उनके नाम पर चर्चा कर रहे हैं.

### साल 2022 में बने थे बीसीसीआई अध्यक्ष

बता दें, रोजर बिन्नी ने 2022 में बीसीसीआई अध्यक्ष का पद संभाला था. उन्होंने सौरव गांगुली को रिप्लेस किया था. वह 1983 में भारत की पहली वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी थे. उस टूर्नामेंट में उन्होंने सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए थे, जिसने भारत को ऐतिहासिक खिताब दिलाने में मदद की. बिन्नी ने अपने कार्यकाल के दौरान कई अहम फैसले लिए, जिसमें भारतीय क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर मजबूत करना और प्रशासनिक सुधार शामिल हैं. हालांकि, उम्र सीमा के नियम के कारण अब उन्हें यह पद छोड़ना होगा. जिसके चलते राजीव शुक्ला को नया अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है.

## जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

● वर्ल्ड नंबर-1 सिनर भी जीते, ज्वेरेव ने फ्लावियो को सीधे सेटों में हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के मेंस सिंगल्स चौथे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं, जर्मनी के टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी चौथे दौर में जगह बना ली है।

जोकोविच ने शनिवार को खेले गए तीसरे दौर में ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी फिलिप मिजोलिक को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। सर्बिया के जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। अब, 38 साल के जोकोविच का लक्ष्य अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतकर इतिहास रचना है। उनका अगला मुकाबला ब्रिटिश खिलाड़ी कैमरन नॉरी से होगा। सिनर की किसी ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वीं जीत सिनर ने तीसरे दौर में चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका को 1 घंटे 45 मिनट में 6-0, 6-1, 6-2 से हराया। सिनर की यह किसी भी ग्रैंड स्लैम में लगातार 17वीं जीत है।

यह टूर्नामेंट सिनर के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उनकी तीन महीने की डोपिंग प्रतिबंध के बाद दूसरी प्रतियोगिता है। इससे पहले, उन्होंने इटालियन ओपन के फाइनल में पहुंचकर वापसी की थी। ज्वेरेव लगातार 8वीं बार अंतिम-16 में जर्मनी के टेनिस स्टार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने इटली के फ्लावियो कोबोली को सीधे सेटों में 6-2, 7-6, 6-1 से हराया। यह लगातार आठवां साल है जब ज्वेरेव फ्रेंच ओपन के अंतिम-16 में पहुंचे हैं । अब ज्वेरेव का सामना चौथे दौर में डच खिलाड़ी टैलोन ग्रीक्सपूर से होगा। पिछले साल के फाइनलिस्ट ज्वेरेव का लक्ष्य इस बार अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतना है।

## शुभमन गिल के समर्थन में शिखर धवन, कहा- टेस्ट कप्तानी के लिए बिल्कुल सही विकल्प






**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान बनाया गया है। कुछ लोगों ने इस फैसले पर आपत्ति जताई है तो कुछ ने गिल का समर्थन किया है। गिल के समर्थकों में एक नाम पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन उर्फ गब्बर का भी जुड़ गया है। धवन मानते हैं कि गिल टेस्ट कप्तान के रूप में बुलकुल सही विकल्प हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद यह फैसला लिया गया है।

धवन ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बढ़िया विकल्प है। शुभमन ने हाल ही में आईपीएल में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह एक बेहतरीन प्रतिभा है और परिपक्व हो गया है। वह कई वर्षों से भारतीय टीम के लिए खेल रहा है। मुझे लगता है कि वह टेस्ट कप्तानी संभालने के लिए एकदम सही उम्मीदवार है, और मुझे यकीन है कि वह इसे अच्छी तरह से संभालेगा और टीम का नेतृत्व करेगा।

यह अब नई पीढ़ी है - जेन जेड - और मुझे विश्वास है कि वह शानदार काम करेगा। मेरी शुभकामनाएं। इसके अलावा धवन ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) जीतने के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) का भी समर्थन करते हुए उन्हें एक संतुलित टीम कहा। उन्होंने कहा, इस बार आईपीएल बहुत रोमांचक रहा है। फाइनल के लिए मेरा समर्थन मुंबई इंडियंस के साथ होगा।

मुंबई इंडियंस की टीम वास्तव में अच्छा खेल रही है - वे बहुत संतुलित हैं। जिस तरह से उन्होंने गति प्राप्त की है वह शानदार है और वे एक बहुत मजबूत और संतुलित टीम हैं। इसलिए, मैं मुंबई इंडियंस के साथ हूं।

## शादी, धोखा, फिर शुरू हुई नई लव स्टोरी...

### भारतीय खिलाड़ी की उतार-चढ़ाव भरी कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी दिनेश कार्तिक 1 जून 2025 को अपना 40वां जन्मदिन मनाया. फिलहाल वह आईपीएल में आरसीबी के मेंटॉर के रूप में काम कर रहे और उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है. दिनेश कार्तिक का क्रिकेट करियर काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा. वहीं, उनकी पर्सनल लाइफ में भी काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले. जिससे उभर पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता है.

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी दिनेश कार्तिक 1 जून 2025 को अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं. फिलहाल वह आईपीएल में आरसीबी के मेंटॉर के रूप में काम कर रहे और उन्होंने टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है. दिनेश कार्तिक का क्रिकेट करियर काफी उतार-चढ़ाव से भरा रहा. वहीं, उनकी पर्सनल लाइफ में भी काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले. जिससे उभर पाना हर किसी के लिए आसान नहीं होता है. दिनेश कार्तिक सिर्फ 21 साल के थे, जब उन्होंने शादी कर ली थी. उन्होंने अपनी बचपन की दोस्त निकिता वंजारा को जीवन साथी बनाया था. दोनों के परिवार एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते थे, और उनके पिता अच्छे दोस्त थे. उस समय कार्तिक अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत कर रहे थे और भारतीय टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश में थे. शादी के शुरुआती साल ठीक रहे, लेकिन 2012 में दिनेश कार्तिक की जिंदगी में एक ऐसा तूफान आया, जिसने सब कुछ बदल दिया. दिनेश कार्तिक सिर्फ 21 साल के थे, जब उन्होंने शादी कर ली थी. उन्होंने अपनी बचपन की दोस्त निकिता वंजारा को जीवन साथी बनाया था. दोनों के परिवार एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते थे, और उनके पिता अच्छे दोस्त थे.

उस समय कार्तिक अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत कर रहे थे और भारतीय टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश में थे. शादी के शुरुआती साल ठीक रहे, लेकिन 2012 में दिनेश कार्तिक की जिंदगी में एक ऐसा तूफान आया, जिसने सब कुछ बदल दिया. उस समय कार्तिक तमिलनाडु की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ एक अहम मैच खेल रहे थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी निकिता का उनके करीबी दोस्त और




टीम के साथी मुरली विजय के साथ अफेयर चल रहा है. मुरली विजय न केवल उनके दोस्त थे, बल्कि तमिलनाडु टीम में उनके साथी भी थे. जिसके बाद कार्तिक ने तलाक लेने का फैसला किया.

2012 में दोनों का तलाक हो गया, और निकिता ने उसी साल मुरली विजय से शादी कर ली. उस समय कार्तिक तमिलनाडु की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ एक अहम मैच खेल रहे थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी निकिता का उनके करीबी दोस्त और टीम के साथी मुरली विजय के साथ अफेयर चल रहा है. मुरली विजय न केवल उनके दोस्त थे, बल्कि तमिलनाडु टीम में उनके साथी भी थे. जिसके बाद कार्तिक ने तलाक लेने का फैसला किया.

2012 में दोनों का तलाक हो गया, और निकिता ने उसी साल मुरली विजय से शादी कर ली. दिनेश कार्तिक की जिंदगी में एक नया मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल से हुई. दोनों की मुलाकात 2013 में एक फिटनेस कोच बासु शंकर के जरिए हुई, जो दोनों को ट्रेनिंग दे रहे थे. शुरुआत में दीपिका क्रिकेटरों से दूरी बनाकर रखती थीं. लेकिन धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी, और दीपिका ने कार्तिक को इस मुश्किल दौर से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई. दिनेश कार्तिक की जिंदगी में एक नया मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल से हुई. दोनों की मुलाकात 2013 में एक फिटनेस कोच बासु शंकर के जरिए हुई, जो दोनों को ट्रेनिंग दे रहे थे. शुरुआत में दीपिका क्रिकेटरों से दूरी बनाकर रखती थीं. लेकिन धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती बढ़ी, और दीपिका ने कार्तिक को इस मुश्किल दौर से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई. इस बाद कार्तिक और दीपिका ने 2013 में सगाई की और 2015 में शादी कर ली. इन दोनों ने 18 अगस्त को ईसाई रीति से और 20 अगस्त को हिंदू परंपरा के अनुसार शादी रचाई. वहीं, 2021 में इस जोड़े को जुड़वां बेटों, जियान और कबीर, का आशीर्वाद मिला. दीपिका के समर्थन ने कार्तिक को न केवल निजी जिंदगी में स्थिरता दी, बल्कि उनके क्रिकेट करियर को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया. इस बाद कार्तिक और दीपिका ने 2013 में सगाई की और 2015 में शादी कर ली.

इन दोनों ने 18 अगस्त को ईसाई रीति से और 20 अगस्त को हिंदू परंपरा के अनुसार शादी रचाई. वहीं, 2021 में इस जोड़े को जुड़वां बेटों, जियान और कबीर, का आशीर्वाद मिला. दीपिका के समर्थन ने कार्तिक को न केवल निजी जिंदगी में स्थिरता दी, बल्कि उनके क्रिकेट करियर को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### माली थाना क्षेत्र से 367.5 लीटर देशी शराब जब्त

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत औरंगाबाद पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए 367.5 लीटर झारखंड निर्मित देशी टनाका शराब को जब्त किया है। यह कार्रवाई माली थाना द्वारा ग्राम मोती बिगहा स्थित भारत माला परियोजना के पास छोटी नहर के समीप की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मोती बिगहा गांव के पास नहर के किनारे बड़ी मात्रा में देशी शराब छुपा कर रखी गई है। सूचना मिलते ही माली थाना की टीम ने तत्परता दिखाते हुए छापेमारी की और मौके से झारखंड निर्मित अवैध देशी शराब की 367.5 लीटर मात्रा बरामद की। हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने अवैध शराब को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एनबीडब्ल्यू वारंटी को पुलिस ने कारा बाजार से किया गिरफ्तार

ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। जिले की पुलिस लगातार फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ को लेकर सक्रिय बनी हुई है। इसी क्रम में ओबरा थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) वारंटी को कारा बाजार क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओबरा थाना क्षेत्र में दर्ज एक पुराने मामले में अदालत द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के आलोक में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और संबंधित वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कागजी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी को भी कानून से ऊपर नहीं माना जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और न्यायिक प्रक्रिया के प्रति प्रतिबद्धता का स्पष्ट संदेश गया है। ओबरा थाना की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की है।

# एनएच-19 पर लूटपाट करने वाले अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़, नौ अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले की पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी, सतर्कता और अपराधियों पर सटीक निगरानी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक बड़े आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह एनएच-19 पर लगातार मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने इस गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार, मोबाइल, बाइक और नकदी बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में कई बड़े खुलासे भी हुए हैं। यह मामला बारूण थाना अंतर्गत एनएच-19 पर हसपुरा के पास घटित एक घटना से सामने आया, जहां 27 मई 2025 को एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल, मोबाइल और नगद राशि की लूट की गई थी। इस घटना को लेकर बारूण थाना में कांड संख्या 261/25 दर्ज की गई थी। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया।

एसआईटी द्वारा सघन जांच, तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन की निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर लगातार दो दिनों तक छापेमारी अभियान चलाया गया। 30 और 31 मई की दरम्यानी रात पुलिस ने इस गिरोह के कई सदस्यों को अलग-अलग स्थानों से धर दबोचा। पूछताछ में इन अपराधियों ने न सिर्फ बारूण थाना क्षेत्र में हुई घटनाओं की बात कबूल की, बल्कि रोहतास जिले के विभिन्न इलाकों में की गई लूटपाट की भी जानकारी दी।

पुलिस की इस कार्रवाई में पकड़े गए अपराधियों में निजामुद्दीन कुमार सिंह, नितेश कुमार, रोशन कुमार सिंह, अजय पासवान उर्फ अजय कुमार, सुभाष कुमार, विक्रम कुमार, गुलाम पासवान उर्फ राजू कुमार, रवि कुमार उर्फ रविकांत कुमार और एक नाबालिग किशोर शिवा विक्रम किशोर शामिल हैं। सभी गिरफ्तार आरोपी रोहतास जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से संबंधित हैं और संगठित रूप से लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे।

अपराधियों के पास से दो देशी कट्टा, तीन मोटरसाइकिल, ग्यारह मोबाइल फोन, एक डिजिटल कैमरा, एक चाकू और कुल 3700 की नकदी बरामद की गई है। कुछ घटनाओं में लूटे गए मोबाइल को आरोपी पहले ही बेच चुके थे, जिसकी जांच अभी जारी है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि ये लोग अपराध के बाद विभिन्न माध्यमों से लूटे गए सामानों की खरीद-बिक्री करते थे और अपनी पहचान छिपाने के लिए सिम कार्ड बदलते रहते थे। पुलिस अधीक्षक ने इस कार्रवाई में शामिल सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की है और कहा है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार तत्पर है। उन्होंने जनता से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर उचित कार्रवाई की जा सके।

इस पूरी कार्रवाई ने पुलिस के प्रति जनता का भरोसा और मजबूत किया है और यह दर्शाया है कि संगठित अपराध चाहे जितना भी चतुराई से किया जाए, कानून के हाथों से बच पाना मुश्किल है।

# विस चुनाव की तैयारी को लेकर नेता प्रमोद कुमार सिंह ने की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

निज सं. | रफीगंज / मदनपुर (औ.)



रफीगंज विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में चुनाव लड़ चुके लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारी का बिगुल फूंक दिया है। रविवार को अपने औरंगाबाद स्थित आवास पर उन्होंने रफीगंज और मदनपुर प्रखंड के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा सह तैयारी बैठक की, जिसमें उन्होंने दोबारा चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान किया। बैठक की अध्यक्षता दिग्विजय सिंह और संचालन विनय सिंह ने किया। इस दौरान प्रमोद सिंह ने अपने समर्थकों का आभार जताते हुए कहा कि पिछली बार आप लोगों ने उन्हें निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लगभग 55 हजार वोटों से नवाजा था। यह समर्थन न केवल उनका हौसला बढ़ाने वाला था बल्कि बिहार की राजनीति के नक्शे पर एक मजबूत संदेश भी था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस बार वह एनडीए के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगे और निर्दलीय नहीं रहेंगे।

प्रमोद सिंह ने वर्तमान विधायक पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि वे क्षेत्र में जातीय तनाव फैलाने का काम कर रहे हैं और जनता की भलाई के नाम पर केवल दिखावा कर रहे हैं। आरोप लगाया कि चापाकल जैसे पुराने कार्यों पर नेमप्लेट लगाकर वसूली की जा रही है, जबकि पूर्व के विधायक भी केवल अपने करीबी लोगों के लिए ही काम किए। इसके विपरीत वे स्वयं विगत 14 वर्षों से बिना किसी पद के लगातार जनता के बीच हैं और अपने निजी कोष से सैकड़ों काम करवाए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनावी रणनीति का खाका भी समझाया। कहा कि अब हर वार्ड में एक अध्यक्ष, हर पंचायत में एक अध्यक्ष, हर प्रखंड में एक अध्यक्ष और एक विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया जाएगा ताकि जमीनी स्तर से लेकर विधानसभा तक संगठन को मजबूत किया जा सके।

इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुनील सिंह, दलित सेना के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय पासवान, लोजपा(रामविलास) के नेता सुधीर शर्मा, कारू गुप्ता, बृजमोहन सिंह, संतोष सिंह, विपिन कुमार सिंह, प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह, अनंत गुरु, डॉक्टर विकास सिंह, देवबंद सिंह सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमोद सिंह ने अंत में विश्वास जताया कि इस बार रफीगंज की जनता उन्हें आशीर्वाद देकर विधानसभा पहुंचाएगी और क्षेत्र का समुचित विकास होगा।

# करंट लगने से युवक झुलसा



निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

शनिवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो युवकों के झुलसने की घटनाएं सामने आईं। दोनों घटनाएं अलग-अलग कारणों से हुईं, लेकिन दोनों ही मामलों में युवकों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। पहली घटना देव थाना क्षेत्र के साहब बिगहा गांव की है, जहां खेत में कचरा फेंकने जा रहा एक युवक हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया। जैसे ही तार का करंट युवक को लगा, वह जोरदार झटका लगने से जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाया और तुरंत परिजनों को सूचना दी। युवक को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। झुलसे युवक की पहचान पिंटू कुमार (22 वर्ष) के रूप में की गई है। वहीं दूसरी घटना माली थाना क्षेत्र के भूखन तेंदुआ गांव के पास घटी। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक टर्निंग पर अनियंत्रित होकर पलट गया। पलटने के तुरंत बाद ट्रैक्टर का इंजन फट गया और उससे निकला गर्म तेल पास में खड़े एक युवक पर गिर गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। परिजनों ने तत्काल उसे इलाज के लिए सदस्य अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान शिवनारायण सिंह (25 वर्ष) के रूप में की गई है। बढ़ियां बात यह है कि दोनों ही झुलसे युवकों की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन द्वारा घटनाओं की जानकारी ली जा रही है और परिजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

# एक हजार रुपये के बीमा में एसबीआई ने मृतक के परिजन को दिए 20 लाख रुपए

## सड़क दुर्घटना में वीरेंद्र कुमार शर्मा की हुई थी मृत्यु

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने जहानाबाद शाखा द्वारा वैयक्तिक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत बीरेंद्र कुमार शर्मा की पत्नी बबीता कुमारी नामिती को बीस लाख रुपए की धनराशि प्रदान की गई।यह धनराशि चेक द्वारा अमित कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय,औरंगाबाद के द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने परिवार को हुई अपूर्णीय क्षति के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर मनीष कुमार, मुख्य प्रबंधक,निशा क्षेत्र पदाधिकारी एसबीआई जेनरल के अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।स्व बीरेंद्र कुमार शर्मा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कल्पा खुर्द में विज्ञान के अध्यापक के तौर पर कार्यरत थे। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक, जहानाबाद शाखा से एक हजार रूपए का पाई पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस करवाया था। जिसके तहत सालाना प्रीमियम पर व्यक्ति को बीस लाख रुपए की बीमा राशि मिलती है अगर दुर्घटना से उसकी मृत्यु या अपंगता हो जाती है।इस अवसर पर अमित कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी ग्राहकों को इसके बारे में जानकारी दी और साथ ही सभी लोगों से इसे कराने की अपील की उन्होंने बताया कि वीरेंद्र कुमार शर्मा ने एसबीआई में एक हजार रुपये का दुर्घटना बीमा करवाया था दुर्भाग्यवश सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई इसके बाद एसबीआई की ओर से मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये का बीमा राशि का भुगतान किया, जो कि एक दुर्घटना बीमा के तहत अधिकतम कवर था।जिसमें सालाना एक हजार रुपये की किश्त पर 20 लाख रुपये तक का रिस्क कवर होता है।यह दर्शाता है कि एसबीआई एक दुर्घटना बीमा योजना के माध्यम से अपने ग्राहकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, भले ही प्रीमियम कम हो।

# पूर्व सांसद ने पीड़ितों से की मुलाकात न्याय दिलाने का दिया आश्वासन



निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह रविवार को नबीनगर प्रखंड के चरण बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में पुलिस द्वारा की गई कथित पिटाई के शिकार स्थानीय लोगों से मुलाकात की। पूर्व सांसद ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने अपनी मर्यादा से बाहर जाकर आम जनता पर बर्बरता की है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज दबाने का कोई स्थान नहीं है। पूर्व सांसद ने कहा कि वह इस पूरे प्रकरण को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखेंगे और जरूरत पड़ी तो विधानसभा और संसद तक भी आवाज उठाएंगे। उन्होंने पीड़ितों को हरसंभव सहायता और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कई स्थानीय नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर ग्रामीणों की भी भारी भीड़ उमड़ी रही, जिन्होंने अपनी पीड़ा पूर्व सांसद के सामने साझा की और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पूर्व सांसद ने साफ तौर पर कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन इसके नाम पर निर्दोष जनता पर अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क दिखी पुलिस, सड़कों पर उतरे वरीय अधिकारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए औरंगाबाद पुलिस रात्रि में पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। शहर की शांति और लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस विभाग द्वारा रात्रि गश्ती को सख्ती से लागू किया गया है। वरीय पदाधिकारी स्वयं रात्रि में सड़कों पर उतरकर गश्ती दल की उपस्थिति, सतर्कता और मुस्तैदी का निरीक्षण कर रहे हैं। पुलिस विभाग द्वारा 'लक्ष्य – सुरक्षित औरंगाबाद' के नारे के साथ पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। रात्रि गश्ती पर तैनात पुलिस पदाधिकारी और जवानों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। औरंगाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा उसकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, व्यस्त बाजारों, गली-मोहल्लों और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। ओडी (ऑफिसर ऑन ड्यूटी) पर तैनात पुलिसकर्मियों की गतिविधियों की भी उच्च स्तर से समीक्षा की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस दौरान यह भी संदेश दिया गया बढ़ियां पुलिस की सजगता और प्रतिबद्धता ने जिलेवासियों में एक विश्वास पैदा किया है कि रात्रि के समय भी वे खुद को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

# बालू घाट को ग्रामीणों ने किया बंद, नियमों के उल्लंघन का लगाया आरोप

निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अधौरा गांव के पास सोन नदी से संचालित बालू घाट को ग्रामीणों ने रविवार को बंद करा दिया। यह घाट क्लस्टर संख्या-11 ए के तहत मां पार्वती इंटरप्राइजेज की ओर से चलाई जा रहा थी। ग्रामीणों का आरोप है कि घाट संचालक तय सीमा से ज्यादा बालू की निकासी कर रहा था। सरकार ने 25 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन की अनुमति दी है, लेकिन यहां 50 फीट से भी ज्यादा गहराई तक बालू निकाला जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रेत माफिया मनमानी कर रहे है। एनजीटी के नियमों का खुलेआम उलंघन किया जा रहा है। आरोप है कि खनन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से तय सीमा से अधिक बालू का खनन माफियाओं की ओर से किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड हाईवा और ट्रकों के कारण गांव की सड़कें पूरी तरह टूट कर बर्बाद हो गई हैं। अब पैदल चलने लायक भी नहीं बचा है।

# अपराध पर लगाम लगाने को लेकर एसपी के निर्देश पर चलाया गया विशेष वाहन जांच अभियान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में अपराध पर अंकुश लगाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद के स्पष्ट निर्देश के आलोक में रविवार को औरंगाबाद पुलिस द्वारा सुबह-सुबह जिलेभर में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच की गई, जिसमें संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहनता से तलाशी ली गई। इस विशेष जांच अभियान का उद्देश्य अपराधियों की पहचान, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण करना था। सभी थाना प्रभारियों को सुबह से ही अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से तैनात किया गया था और हर आने-जाने वाले वाहन की गहनता से जांच की गई।

# गुमशुदा बालक को पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंपा

- छताछ में बालक की पहचान जहानाबाद जिले के सखूराबाद थाना क्षेत्र निवासी उपेंद्र मांझी के पुत्र के रूप में हुई।

निज सं. | नवीनगर (औरंगाबाद)

जिले की पुलिस ने एक बार फिर सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए गुमशुदा बालक को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया। मामला नवीनगर रेलवे स्टेशन का है, जहां भटकता हुआ एक नाबालिग बालक डायल 112 की टीम को मिला। जानकारी के अनुसार, यह बच्चा किसी कारणवश अपने घर से भटक गया था और नवीनगर रेलवे स्टेशन पहुंच गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बालक को सुरक्षित अपनी निगरानी में लिया। पूछताछ में पता चला कि बालक जहानाबाद जिला अंतर्गत सखूराबाद थाना क्षेत्र के उपेंद्र मांझी का पुत्र है। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए परिवारजनों से संपर्क साधा और सत्यापन उपरांत बालक को सकुशल उनके पिता को सौंप दिया। परिजनों ने औरंगाबाद पुलिस तथा डायल 112 की टीम को इस त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा और गुमशुदगी के मामलों में पुलिस पूरी सतर्कता और गंभीरता से कार्य कर रही है। इस तरह की घटनाओं में त्वरित कार्रवाई से न सिर्फ गुमशुदा को राहत मिलती है, बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत होता है।

पशुपालक कैलेंडर

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुधन द्वारा जीवन में गुणात्मक सुधार

जून

- एच.एस. एवं बी.क्यू. टीकाकरण के 10–15 दिन पहले सभी पशुओं की डिवर्मिंग कर देनी चाहिए ताकि टीका प्रभावी हो सके।
- पशुओं को 50–60 ग्राम खनिज मिश्रण एवं 20 ग्राम नमक प्रतिदिन देना चाहिए।
- अप्रैल माह में बुआई की गई ज्वार को 2–3 बार पानी अवश्य दें।
- बरसात के मौसम में चारे की अच्छी पैदावार लेने के लिये ज्वार एवं मक्का की बुआई करें।
- खरीफ चारा (ज्वार, बाजरा, बोड़ा, दीनानाथ इत्यादि) की बुआई प्रारंभ कर दें।
- चूंकि जून का महीना काफी गर्म रहता है, इसलिये पशु के लिये अलग से शेड का निर्माण करना चाहिये तथा अधिक से अधिक स्वच्छ पानी पिलाना चाहिए।
- अधिक दूध देने वाली पशुओं को तरल कैल्शियम, फॉस्फोरस 70–100 ग्राम प्रतिदिन पिलायें।
- पशुओं को बाह्य परजीवियों से बचाने के लिये पशु चिकित्सक की सलाह पर दवा का प्रयोग नियमित रूप से करें।



PR No.- 004444 (Animal)D. 2025-26

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित